ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 14.04.2025 वर्ष 12, अंक 102 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

ख्याल उन्ही के आते है जिनसे दिल का रिश्ता होता है, हर शख्स अपना हो जाए सवाल ही पैदा नहीं होता!

## क्विक न्यूज

### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 8 लोगों की मौत

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में रविवार को एक पटाखा कारखाने में आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख व्यक्त किया और उन्होंने ने मामले में जांच के आदेश भी दिए. साथ ही अधिकारियों से रिपोर्ट सौंपने को कहा.राज्य की गृह मंत्री वी. अनिता ने बताया,आग लगने की दुर्घटना में दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है.

### राजस्थान खाटू श्याम जा रहे 5 लोगों की मौत

**जयपुर :** जयपुर में नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकार के मुताबिक जयपुर के मनोहरपुर-दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार और ट्रेलर के बीच हुई जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक 12 महीने का बच्चा और दो महिलाएं भी शामिल हैं। कहा जा रहा है कि कार में सवार सभी लोग खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। जिस गाड़ी से ये लोग जा रहे थे, उस गाड़ी में उत्तर प्रदेश का नंबर प्लेट लगा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार और ट्रेलर के बीच की टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। वहीं कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस सड़क दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। रायसर थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि नेशनल हाइवे पर ये सड़क हादसा रविवार की सुबह करीब 8 बजे मनोहरपुर-दौसा के बीच हुआ। उन्होंने बताया कि यूपी के लखनऊ का एक परिवार घूमने के लिए राजस्थान आया हुआ था। परिवार में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल था। परिवार के पांचों लोग सुबह कार से दौसा की ओर से खाटूश्यामजी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान नेकावाला टोल के पास उनकी कार ट्रेलर से जा टकराई और ये हादसा हो गया।

### हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर मंजीत महल के गैंग के एक सदस्य को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़े गए बदमाश की पहचान दिनेश उर्फ राजेश उर्फ मोगलीके रूप में हुई है। वह जाफरपुर कलां स्थित गांव दरियापुर खुर्द का रहने वाला है। पुलिस ने बदमाश के पास से एक पिस्टल बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि गैंगस्टरमंजीत महल के गैंग के कुछ लोग गैंगवार की वारदात को अंजाम देने वाले है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने मंजीत महल के गिरोह के सदस्यों पर नजर रखनी शुरू की। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह का कुख्यात बदमाश दिनेश नजफगढ़ में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने आरोपित को दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई।

### 12 लोगों से भरी पिकअप नहर में गिरी, पांच लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**कोरबा :** जिले में तेज रफ्तार पिकअप पलटकर रविवार को नहर में गिर गई। इस दौरान नहर के तेज बहाव में दो बच्चे और तीन महिलाएं बह गई, जबकि पांच लोगों ने नहर से निकलकर अपनी जान बचाई। मामला उरगा थाना क्षेत्र के बमड़वारानी जर्वे के पास का है।मिली जानकारी के मुताबिक करीब 12 लोग पिकअप पर सवार होकर सक्ती जिले के ग्राम रेडा से मुकुंदपुर जा रहे थे। इसी दौरान पिकअप सवार हादसे का शिकार हो गए। पिकअप चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से भाग निकला है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^{0}$ |
| न्युनतम | $13^{0}$ |

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने आईईडी विस्फोट में शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

# जवानों की शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों का ढाढस बंधाया**

**सुरक्षा बलों की लगाकर कार्रवाई से उग्रवाद का सफाया अंतिम चरण में**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड जगुआर मुख्यालय रांची में शहीद जवान सुनील धान के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढस बंधाया। गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी एवं उनकी शहादत को नमन किया।मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि एक जवान का शहीद होना काफी दुःखद है।ऐसी कोई भी घटना ,किसी भी परिवार के लिए काफी पीड़ादायक होती है। उन्होंने शहीद के शोकाकुल परिजनों का हिम्मत बढ़ाते हुए कहा , कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी आपके साथ हैं। सरकार सहयोग के लिए सदैव आपके लिए खड़ी रहेगी।

### नक्सलियों के विरुद्ध ऑपरेशन दिन-ब-दिन हो रहा मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर के लिए उग्रवाद एक बड़ी समस्या थी। लेकिन, सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई से उग्रवाद का सफाया अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उग्रवादियों के खिलाफ ऑपरेशन में हमारे कई जवान भी शहीद हुए हैं, लेकिन उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी । आज जो थोड़े बहुत उग्रवादी रह गए हैं, वे हताशा में ऐसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, उनकी ये मंशा भी नाकाम साबित हो रही है। नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों का ऑपरेशन लगातार मजबूत और सफल हो रहा है। उग्रवादी घटनाएं अब अंतिम सांसें गिन रही है।

### घायल जवान से अस्पताल में की मुलाकात, इलाज की ली जानकारी

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने राज अस्पताल, रांची में भर्ती कोबरा -203 बटालियन के जवान श्री विष्णु सैनी से भी मुलाकात की और इलाज से संबंधित सारी जानकारी चिकित्सकों से प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार घायल जवान को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएगी। ज्ञात हो कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला में सुरक्षा बलों के द्वारा चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान उग्रवादियों के आईईडी विस्फोट में वे घायल हो गए थे।

### खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड स्थित कांटी पोड़हा टोली के रहने वाले थे शहीद सुनील धान

विदित है कि शहीद सुनील धान जी का पैतृक घर खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड स्थित कांटी पोड़हा टोली में है। उनके परिवार में मां श्रीमती फगुनी उराइंन, पत्नी श्रीमती गंदरी धान और पुत्र प्रियांश धान (6 वर्ष) तथा अनिकेत धान (4 वर्ष) हैं।

दशम जलप्रपात के प्रांगण में बीएलओ से संवाद कार्यक्रम को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ने किया संबोधित

# राष्ट्र सेवा के लिए प्रथम सीढ़ी है मतदान : ज्ञानेश

**मीडिया के संबोधन में ज्ञानेश कुमार ने बताया कि झारखंड के चुनावी प्रक्रिया में जुड़े हुए हर स्तर के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि दशम जलप्रपात जैसे दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां भारत में कार्यरत सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा का श्रोत हैं। इन्होंने ऐसे दुर्गम क्षेत्र के कठिनाइयों को सामना करते हुए हर घर तक अपनी पहुंच बनाई और मतदान प्रतिशत भी बेहतर किए है। उन्होंने कहा, जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे बीएलओ दीदी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक पहल किया गया जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों को इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में एक ट्रेनर के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा, जिससे देश के अन्य बीएलओ भी इनके कार्यशैली को जान सकें एवं इनसे प्रेरित हो सकें। मुख्य चुनाव आयुक्त रविवार को दशम जलप्रपात के प्रांगण में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों को भी संबोधित किया। मीडिया के संबोधन में ज्ञानेश कुमार ने बताया कि झारखंड के चुनावी प्रक्रिया में जुड़े हुए हर स्तर के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।

झारखंड में 1 लाख से भी अधिक चुनाव से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं। पहला चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा दूसरा मतदाता सूची और तीसरा मतदान एवं मतगणना।मुख्य चुनाव आयुक्त ने पूरे देश के मतदाताओं से अपील की कि राष्ट्र सेवा के लिए प्रथम सीढ़ी है मतदान। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनावों में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ ने बहुत मेहनत से काम किया है एवं बारीकी से मतदाता सूची के निर्माण का कार्य किया है। उनके द्वारा क्यू मैनेजमेंट में भी बेहतर योगदान दिया गया है। जिससे मतदान की प्रक्रिया को गति प्रदान हो सकी। कार्यक्रम के समापन संबोधन में उपायुक्त रांची।मंजू नाथ भजंत्री ने बीएलओ के कार्यों को सराहा एवं मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन उप सचिव देव दास दत्ता द्वारा किया गया।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित निर्वाचन एवं रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं दुर्गम क्षेत्र दशम जलप्रपात के बीएलओ उपस्थित थे।

# जलियांवाला बाग के शहीदों को पीएम ने किया नमन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बैसाखी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। पीएम ने सभी के जीवन में खुशहाली और नई उम्मीद की कामना की। साथ ही आज के दिन 13 अप्रैल 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस दुखद घटना को भारत के इतिहास का एक काला अध्याय बताते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान देश की आजादी की लड़ाई में बड़ा मोड़ साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बैसाखी के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने सभी के जीवन में खुशहाली और नई उम्मीद की कामना की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि सभी को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार आपके जीवन में नई उम्मीद, खुशी और समृद्धि लाए। हम हमेशा एकजुटता, कृतज्ञता और नवीनीकरण की भावना का जश्न मनाएं।बता दें कि बैसाखी हर साल अप्रैल महीने में मनाई जाती है और यह वैसाख महीने का पहला दिन होता है। यह खासकर पंजाब और उत्तर भारत में फसल कटाई का पर्व होता है। लोग इस दिन खुशी के साथ नए मौसम और नई शुरुआत का स्वागत करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हम जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं। आने वाली पीढ़ियां हमेशा उनकी अदम्य भावना को याद रखेंगी। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारे इतिहास का एक दुखद और काला दिन था, लेकिन शहीदों का बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्रेरणा बन गया।

# मुर्शिदाबाद से डर के कारण भागे सैकड़ों लोग, मालदा में ली शरण



**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में फैली हिंसा से डरकर सैकड़ों लोग भागकर पास के मालदा जिले में पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये सभी लोग भागीरथी नदी पार कर नावों के जरिए मालदा पहुंचे हैं। जहां प्रशासन ने इन पीड़ित लोगों के लिए स्कूलों में अस्थायी ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था की है।

बता दें कि, मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों जैसे सूती, धूलियन, जंगीपुर और समसेरगंज में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी। यह क्षेत्र मुस्लिम-बहुल है और प्रदर्शन धीरे-धीरे सांप्रदायिक तनाव में बदल गया।

धूलियन के मंदिरपाड़ा इलाके से भागी एक महिला ने बताया, हमारे घर जला दिए गए। कुछ बाहरी और स्थानीय लोगों ने मिलकर महिलाओं और लड़कियों के साथ दुर्व्यवहार किया, पुरुषों को पीटा गया। हमें कहा गया कि हम इलाके को छोड़ दें। हमारी जान को खतरा था, इसलिए हमने केंद्रीय बलों की मदद से घर छोड़ा।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

PARAS CANCER CENTRE
PARAS HEC
सम्पूर्ण कैंसर देखभाल
अब रांची में उपलब्ध
शुभारंभ: 14 अप्रैल 2025
आप सभी सादर आमंत्रित है



निःशुल्क ओपीडी परामर्श*
निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज*
पैकेज में शामिल – 11 महत्वपूर्ण जांच
रक्त जांच (4 जांच)
सम्पूर्ण रक्त गणना (CBC)
परिधीय रक्त स्मीयर (PBS)
गुर्दा कार्य परीक्षण (KFT)
यकृत कार्य परीक्षण (LFT)
कैंसर मार्कर परीक्षण (6 जांच)
अल्फा-फेटोप्रोटीन (AFP) – लिवर कैंसर के लिए
प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन (PSA) – प्रोस्टेट कैंसर के लिए (पुरुषों में)
सीए 19.9 (CA 19.9) – अग्नाशय और पेट के कैंसर के लिए
सीए 125 (CA 125) – डिम्बग्रंथि (ओवरी) कैंसर के लिए
सीए 15.3 (CA 15.3) – स्तन कैंसर के लिए
कार्सिनोएंब्रायोनिक एंटीजन (CEA) – कोलोरेक्टल और अन्य कैंसर के लिए
अतिरिक्त परीक्षण
अल्ट्रासाउंड स्तन (USG Breast) – महिलाओं के लिए प्रारंभिक स्तन कैंसर जांच
सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अभी अपॉइंटमेंट बुक करें: 80 80 80 80 69 | 72 82 01 01 01
*यह ऑफर केवल 14 अप्रैल 2025 के लिए मान्य है
पारस एच ई सी, सेक्टर 3, धुर्वा, जेएससीए स्टेडियम के पास, रांची, झारखंड

# हुसैनाबाद का अलीनगर के युवाओं ने निःशुल्क शिक्षा देने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम अलीनगर के नवयुवकों ने एक बेहतर सोच को विकसित करते हुए जनकल्याण शिक्षा अभियान के बैनर तले कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षा अभियान का शुभारंभ किया।शनिवार को इसका विधिवत उद्घाटन एसडीएम गौरांग महतो,एसडीपीओ सह आइपीएस एस मोहम्मद याकूब,राजद के युवा नेता रवि यादव,नगर पंचायत के पूर्व रक्षा नगर अध्यक्ष शशि कुमार ,मुखिया पति अशोक यादव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह का सोच विकसित होना मुझे अपने




आप मे आश्चर्यजनक लगा। समाज मे शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नही होता यहां के युवाओं ने विभिन्न पदों पर नौकरी करते हुए आपस मे धन संग्रह कर जो पुण्य का काम कर रहे हैं यह सोच इस गांव को देश लेबल पर पहचान बनेगी ।वहीं एसडीपीओ आइपीएस याकूब ने कहा कि इस पुण्य के कार्य मे मेरा हर स्तर पर सहयोग रहेगा क्योंकि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान हैं। यह सराहनीय प्रयास हैं। रवि यादव ने भी हर सम्भव मदद करने की बात कही,नगर अध्यक्ष ने भी अलीनगर के युवाओं को सराहना करते हुए सभी को एक जुट होकर इस कार्य को सफल बनाने पर बल दिया। गौतम पटेल ने कहा रक्त दान,नेत्र दान, दान पत्र बहुत सुना था लेकिन शिक्षा दान बहूत बड़ा पुण्य दान हैं। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र शर्मा किया।मौके मुना चंदेल, शिक्षक रघुवेन्द्र सर, प्रेम शंकर, लालबाबू आदि ने आये हुए अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।वही कार्यक्रम में सहयोग करने वाले व इस मुहिम में योगदान देने वाले गाँव के वैसे लोग शामिल है जो बाहर में नौकरी व अन्य स्रोत से अपना जीविकोपार्जन कर रहे है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, भाजपा नेता अजय गुप्ता, अलीनगर स्कूल के शिक्षक उदेश्वर राम, जयप्रकाश शर्मा आदि सैकड़ो के संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** तरहसी थाना क्षेत्र के बेदानी गांव में रविवार को टेंपो पलटने से टेंपो पर सवार महिला सहित तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के डबरा चपरना गांव निवासी नीलेश्वर उरांव उम्र 21 वर्ष, जयमति देवी उम्र 35 वर्ष और एक अन्य व्यक्ति का नाम शामिल है। इस घटना के बारे में घायल महिला जयमति देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर सभी व्यक्ति टेंपो पर सवार होकर अपने लड़की का बरक्ष्या करने जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में बेदानी गांव के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई।जिसमें टेंपो पर सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सभी घायलो को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद भी सभी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी



मिलने पर घायल के परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

# कोयल नदी में तटबंध तोड़ कर बालू उत्खनन को लेकर अवैध सड़क निर्माण करने का आरोप



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भोला मोड़ के समीप स्थित कोयल नदी में तटबंध तोड़ कर सड़क निर्माण किया जा रहा है आरोप है कि अवैध बालू उत्खनन करने को लेकर कच्ची सड़क नदी में पत्थर डाल कर बनायी जा रही है, यह कार्य होने से स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और मिलीभगत पर भी सवाल उठ रहे हैं। कोयल नदी पर बने भीम बराज से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर नदी के तटबंध को तोड़कर अवैध सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क निर्माण के लिए नदी में पत्थर डाले जा रहे हैं, जिससे नदी का पानी अवरुद्ध हो रहा है और सड़क बनने से बालू माफियाओं को खनन में आसानी हो जायेगी। स्थानीय लोगों में इस बात की चर्चा हो रही है कि भीम बराज से 3 किलोमीटर के अंदर किसी भी तरह का खनन नही किया जा सकता है। हालांकि कितने दूरी तक खनन होना है या नही वह तो संबंधित विभाग ही जानेगी, अगर यह सही है तो प्रशासन निष्क्रियता के कारण इस नियम की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। युवा कांग्रेस झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक राहुल कुमार सिंह ने प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा की एक ओर मोहमदगंज थाना पुलिस मुख्य सड़क पर भोला मोड़ के पास वाहन चेकिंग करती हैं, वहीं चेकिंग स्थल से महज 20 कदम की दूरी पर अवैध खनन कर सड़क निर्माण हो रहा है। यह साफ तौर पर स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और बालू माफियाओं के साथ मिलीभगत को उजागर करता है। राहुल सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन इस अवैध खनन पर रोक लगाने के बजाय सिर्फ दिखावा कर रहा है। उन्होंने कहा की यह स्पष्ट है कि प्रशासन की आंखें मुंदी हुई हैं या फिर वे इसमें शामिल हैं। यदि इसी तरह की गतिविधियाँ जारी रहीं तो यह नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बहुत हानिकारक साबित हो सकती है। इस संबंध में राहुल सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सर्बंधित मंत्री को ङ्ग पर पोस्ट कर अवगत कराते हुए उच्च अधिकारियों से उच्चस्तरीय जांच कराने व रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इस मामले पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है तो नदी का जलस्तर कम हो सकता है, जिससे आसपास के इलाके में सूखा और जल संकट उत्पन्न हो सकता है।

# शिक्षा से ही चेरो समाज का विकास संभव : हरिराम चेरो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा (पलामू) :** रविवार को प्रखंड क्षेत्र के बोहिता में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के पंचायत स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह उत्तर प्रदेश के दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिराम सिंह चेरो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।सम्मेलन में वक्ताओं ने शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों से दुष्प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथियों में सदर मेदिनीनगर की जिप सदस्य बासो देवी, महासंघ के प्रदेश सचिव मृत्युंजय सिंह, राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, राष्ट्रीय सलाहकार भरदुल सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह,पूर्णाडीह मुखिया गुड्डी देवी शामिल रहे।कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से पलामू के प्रतापी चेरोवंशीय राजा



महाराजा मेदिनिराय के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ईश्वरी सिंह ने जबकि संचालन जपन सिंह ने किया। अपने संबोधन में हरिराम चेरो ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे चेरो समाज का विकास संभव है।समाज में व्याप्त कुरीतियों और नशाखोरी को मिटाना जरूरी है।लड़कियों को शिक्षा से जोड़ना होगा तभी समाज में बदलाव लाया जा सकता है।सरकार द्वारा अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन शिक्षा के अभाव के कारण इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।वहीं महासंघ के राष्ट्रीय संयोजन अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि शिक्षा मानव समाज में विवेक, ज्ञान, समझ और समर्पण की भावना को विकसित करती है और सभी क्षेत्रों में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा के बिना समाज अधूरा है।पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी, जिला संयोजक कामेश सिंह चेरो, संजय सिंह, हुलास सिंह, गुड्डू सिंह, सत्यवान सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने सम्मेलन में भाग लिया।

# पिपरा में हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, उमड़ा हुजूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** पिपरा प्रखंड के खेल मैदान में हिंदुत्व एकता मंच के बैनर तले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह शामिल हुए थे जिन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया. उन्होंने कहा कि पुनपुन उद्गम तीर्थ स्थल के विकास को जल्द ही गति मिलेगी. वही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पिपरा अंचल अधिकारी जितेंद्र कुमार थाना प्रभारी बिमल कुमार समाजसेवी प्रिंस प्रताप सिंह विकास तिवारी राजन सिंह रजनीश सिंह मथुरा गुप्ता शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन संदीप पासवान एवं गौतम राज ने किया. गायक खुशी ककर एवं



ओमप्रकाश अकेला के गानों पर लोग झूम उठे हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम का लुफ्त उठा रहे थे. शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ. मौके पर हिंदुत्व एकता मंच के अध्यक्ष अरुण मिश्रा सचिव रणजीत गुप्ता लाल बहादुर सिंह सुनील सिंह संजय सिंह बिंदेश्वर पाठक विजय मेहता संजय मेहता अंशु मिश्रा विकास यादव लखन यादव इंदल यादव संतोष यादव अखिलेश सिंह दारा सिंह अभिमन्यु चंद्रवंशी सागर सिंह राजकिशोर रंजीत राकेश भार्गव ऋषभ रंजन गुप्ता छोटू सिंह प्रिंस सिंह रामू सिंह आलोक सिंह सौरभ सिंह संटू गुप्ता राजू सिंह पुरुषोत्तम सिंह गणेश सिंह सोनू विकास आर्ट सहित हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम का लुफ्त उठा रहे थे।

# झारखंड ओलंपिक संघ के वार्षिक आम सभा चुनाव में शैलेंद्र अवर सचिव व अलोक बने संयुक्त सचिव



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के नामकुम स्थित आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में झारखंड ओलंपिक संघ की वार्षिक आम सभा में अगले कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक के लिए संघ के पदाधिकारी का चुनाव संपन्न हुआ।चुनाव में निर्विरोध रूप से गढ़वा के शैलेन्द्र पाठक अवर सचिव और आलोक मिश्रा संयुक्त सचिव चुने गए। उक्त जानकारी आलोक मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में आरके आनंद महासचिव के रूप में डॉक्टर मधु कांत पाठक तथा अन्य के साथ वरीय उपाध्यक्ष के रूप में भोलानाथ सिंह चुने गए।वहीं गढ़वा के शैलेंद्र पाठक व आलोक मिश्रा को झारखंड ओलंपिक संघ के महत्वपूर्ण पद पर चुने जाने से गढ़वा खेल के क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा गढ़वा जिला के खेल संघ के सदस्यों खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने अपनी शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, राकेश पाल, अनिता दत्त, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ उमेश सहाय, मदन प्रसाद केसरी, ओमप्रकाश तिवारी, विजय कुमार केसरी, अरविंद कुमार, जगन्नाथ राम, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, आनंद प्रकाश दुबे, के के यादव, रामप्रवेश तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, नवनीत कुमार, नवीन पाठक, सत्येंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, उपेंद्र राम, विजय सिंह, लक्ष्मण राम, संजय प्रताप देव, मनीष केसरी, प्रीतम गोड़, पंकज केसरी आदि के नाम शामिल हैं।

# सिविल डिस्ट्रिक्ट जज ने किया मां चतुर्भुज मंदिर का सपरिवार दर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड में स्थित प्रसिद्ध मां चतुर्भुज शक्तिपीठ मंदिर में रविवार को सिविल डिस्ट्रिक जज श्रीवंशधर नगर आलोक ओझा ने सपरिवार पहुंचकर मां चतुर्भुज का विधिवत पूजा-अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई और प्रबंधन की भी सराहना की। मंदिर में दर्शन के बाद श्री ओझा ने कहा कि मां चतुर्भुज का यह शक्तिपीठ आस्था और श्रद्धा का केंद्र है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस धार्मिक स्थल की गरिमा बनाए रखने की अपील भी की। इस मौके पर मंदिर समिति के हेमंत पाठक विनोद प्रसाद सहित अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत चुनरी और फोटो देकर किया और मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता से उन्हें अवगत कराया। दर्शन के पश्चात श्री ओझा ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि के लिए मां से आशीर्वाद भी मांगा।

# अभिषेक सिंह ने किया भंडारे का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रामनवमी और हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हमीदगंज स्थित न्यू सुरभि क्लब द्वारा आयोजित भव्य भंडारे का उद्घाटन युवा नेता अभिषेक सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।उद्घाटन के बाद अभिषेक सिंह ने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक एकता, सेवा भावना और परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यू सुरभि क्लब द्वारा हर वर्ष आयोजित यह उत्सव लोगों को जोड़ने और भक्ति में लीन करने का एक प्रेरणादायक माध्यम है।ज्ञात हो कि अभिषेक सिंह न केवल राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में भी निरंतर भागीदारी निभाते हैं। क्षेत्रीय जनता के बीच उनकी जनसंवेदनशीलता, सरल व्यवहार और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता के कारण उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, विशेष रूप से युवाओं में उनका प्रभाव उल्लेखनीय है।स्थानीय लोगों ने भी अभिषेक सिंह की इस उपस्थिति को सराहा और कहा कि वह हर छोटे-बड़े सामाजिक आयोजन में अपनी सहभागिता देकर जनता के बीच एक सुलभ, जनप्रिय और ज़मीनी नेता के रूप में उभर रहे हैं।भंडारे में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा के साथ भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अवधेश कुमार सिंह कालेज जपला में सेमिनार का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार ए के सिंह कॉलेज जपला एनएसएस इकाई के तत्वावधान में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण आहार पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।इस अवसर पर प्रो सुधीर कुमार सिंह, प्रो डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो डॉ आनंद कुमार सिंह, प्रो डॉ आलोक रंजन, प्रो रेखा सिंह, प्रो राहुल कुमार सिंह ने अपना अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नामांकन प्रभारी प्रो सुधीर कुमार सिंह एवं संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल अधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया। स्वयंसेवकों में रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, किरण कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, खुशबु कुमारी, कुन्दन कुमार, आलोक कुमार, गौरव कुमार, बंटी कुमार, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, सहित अनेक स्वयंसेवकों, छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# बच्चों ने पलामू किला एवं बेतला नेशनल पार्क का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बजार (पलामू) :** जिले के पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय कांडा मे एक्सपोजर विजिटके तहत पलामू किला एवं बेतला नेशनल पार्क छात्र-छात्राओं को भ्रमण विद्यालय प्रबंधन के द्वारा कराया गया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया द्य इस मौके पर प्राचार्य सुमित शंकर ने बताया शिक्षा से संबंधित दौरा बच्चों में कुछ सीखने जानने को लेकर एक नई राह प्रशस्त करती है, एक्सपोजर विजिट का आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि एक स्थान पर रहने वाले लोग दूसरे स्थान पर जाकर दूसरे समुदाय की विकास गतिविधियों का अवलोकन कर सकें और उनसे सीख सकें । विजिट का उद्देश्य सीधे संपर्क के माध्यम से अपने समुदाय के बाहर दूसरों के अनुभव से सीखना है, इसके तहत बच्चों ने चारों ओर प्रकृति , जीव जंतु के बीच काफी आनंद उठाया इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में शिक्षकों महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम में शिक्षक, विक्रम दुबे, प्रेम गौरव, विवेक कुमार पाठक, जावेद अंसारी, मीनाक्षी चौधरी, कविता कुमारी, बिगु राम, विवेक कुमार सिंह, विजयकांत पांडे, दीनानाथ विश्वकर्मा ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# नारायण वन में दिव्य कलश यात्रा कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** केतार प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर की चौथी स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय श्री सूर्य सहस्त्रार्चन एवं संगीतमय राम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया गया।शनिवार को यज्ञाचार्य श्री सौरभ भारद्वाज जी के नेतृत्व में दिव्य जलयात्रा निकाली गई।इस जल यात्रा में मुकुंदपुर पंडा नदी से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जल उठाकर मंत्रोचार एवं जयकारी के साथ श्री सूर्य नारायण मंदिर नारायण वन में लाकर स्थापित किया।प्रत्येक दिन संध्या सात बजे से आचार्य श्री सौरभ भारद्वाज के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम रखी गई है। मौके पर मुख्य यजमान



दुर्गेश ठाकुर धर्मपत्नी रानी देवी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, मुखिया मूंगा साह, यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मंजेश गुप्ता, अजय सिंह, दिनेश वर्मा, सुनील चौबे, मंदिर के पुजारी ओमनारायण पंडित, सुनील प्रसाद, चंदन प्रसाद, दिलकीशोर प्रसाद, विमलेश पासवान, रवि प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, शशांक सौरभ सहित अन्य सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।जिला मुख्यालय से 65 किमी दूर केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर गांव के दक्षिण में तीन ओर से पहाड़ी वादियों से घिरे श्री सूर्य मंदिर अवस्थित है।जो मनमोहक दृश्य बिखेरती है। आठ दशक पूर्व श्री श्री 1008 श्री कृष्णानंद ब्रह्मचारी के स्वप्न में प्रकाशमान सूर्य की आकृति भूतगड़वा नामक स्थान पर देखा। सुबह उसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गई।कृष्णानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ स्वप्न में दिखे स्थान पर आकर खुदाई की गई। जो वर्तमान मंदिर के बगल वाला कुंड से एक प्रकाशमान पत्थर मिला।उसी समय एक छोटा मंदिर बनाकर सूर्य की आकृति वाला प्रकाशमान पत्थर को स्थापित किया गया।इस मंदिर में पुत्र की अभिलाषा लेकर आए भक्तों की कामनाएं पूर्ण होने लगी।ग्रामीणों ने चंदा कर रथनुमा विशाल दिव्य मंदिर का निर्माण करवाया। 14 अप्रैल 2022 को महायज्ञ के आयोजन पश्चात रथनुमा मंदिर में छोटी मंदिर से भगवान सूर्य को स्थापित किया। नारायण वन श्री सूर्य नारायण मंदिर में कार्तिक छठ महापर्व के अवसर झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से लोग अपनी कामनाएं लेकर आते है।इस पावन स्थल पर प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के दिन दो तीन माताओं को पुत्र की प्राप्ति होती है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### बॉक्सिंग एवं किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बने विनय सिन्हा




**रांची ।** झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं रांची जिला बॉक्सिंग के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू को झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन ने उपाध्यक्ष बनाया।इस अवसर पर रांची जिला एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी गुलाम जावेद, बिमल आनंद नाग,परवीन कुमार,मनिंदर सिंह,नौशाद खान,कमल किशोर कच्छप, इबरार अंसारी,लालचंद लोहार,कारण कुमार, जैना बोदरा,गुलाम गौस कुरैशी,सचिन कुमार,प्रमोद कुमार,सिंटू कुमार,साहिल खान सहित अन्य ने झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर के आनंद एवं महासचिव मधुकांत पाठक को धन्यवाद और विनय सिन्हा दीपू को बधाई दिया।

### साई मंदिर का वार्षिकोत्सव 17 को

**रांची :** पुंदाग स्थित साई मंदिर का 15 वां स्थापना दिवस 17 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। संस्थापक रंजन पांडेय ने रविवार को बताया कि विशेष पूजा-अर्चना के साथ ही अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। सुबह पांच बजे से काकड़ आरती, सुबह छह बजे शाही मंगल स्नान, इसके बाद छोटी आरती होगी। दोपहर 12 बजे मध्याहन आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण भक्तों के आगमन तक किया जाएगा। साथ ही भजन का आयोजन तीन बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा। शाम 6.30 बजे धूप आरती के बाद रात नौ बजे से आरती होगी।

# रामनवमी पर्व के सफल आयोजन के लिए सीएम का आभार : महावीर मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय युवा महावीर मंडल के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने बयान जारी कर कहा कि केंद्रीय युवा महावीर मंडल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट करती है । झारखंड में रामनवमी का पावन पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया जिसमें की प्रशासन की अहम भूमिका रही और राज्य के मुखिया ने पूरे रामनवमी में खुद मॉनिटरिंग की, कि हमारा राज्य अपने इस पावन पर्व को खूबसूरत ढंग से मनाए। प्रशासन के लोग दिन-रात लग रहें। इसके लिए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, एडीएम रांची राजेश्वर नाथ आलोक , अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता , यातायात एसपी डॉ0 कैलाश करमाली सहित सीओ, वीडियो सहित सभी पुलिस पदाधिकारी रांची शहर के तमाम अखाड़ा धारी, महावीर मंडल के तमाम पदाधिकारी, महावीर पताका के शोभा यात्रा के अध्यक्ष, स्वागत सिविल लगाए तमाम संस्थाओं को धन्यवाद देना चाहूंगा । इस पावन पर्व में अपनी भूमिका निभाने के लिए। और विशेष कर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर जितना भी विशाल झंडा अल्बर्ट एक्का चौक के पास पर खड़ा किया गया। विशाल विशाल झांकियां आसानी से पार कर गई वह महुआ माजी का देन है। क्योंकि उन्होंने ही अल्बर्ट एक का चौक पर जूडोको के द्वारा जो ओवरब्रिज बनाया जा रहा था उसे उन्होंने ही रोका और काम बंद करवा दिया था। नहीं तो रामनवमी में तमाम लोगों को दिक्कतें आती।इस अवसर पर उपस्थित मुख्य संयोजक उज्जवल सिन्हा,सोमवित माजी, मुख्य सलाहकार लखन कुमार, महासचिव अमन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वफ्फ कानून के विरोध में अल्पसंख्यक अधिकार मंच 11 मई को करेगा कन्वेंशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यालय के सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, एवम मजलिसे उलेमा झारखंड के संयुक्त बैठक मौलाना उजैर कासमी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में वफ्फ बोर्ड के सदस्य अबरार अहमद, कलाम रशीदी बुद्धिस्ट सोसाइटी, भाकपा माले, टीएमसी, सहित कई संगठनों के पदाधिकारी , वफ्फ संशोधित कानून के विरोध में एकजुट हुए वक्ताओं ने कहा कि वफ्फ संशोधन कानून कर केंद्र की सरकार ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला किया है। वफ्फ बोर्ड की जमीन को अपने कॉर्पोरेट दोस्तों को देने के लिए सरकार योजना बना रही है देश में सेना की जमीन हो , गैरमजरूआ हो, या केशर हिंद की जमीन हो, या भूदान की जमीन हो इन जमीन पर कॉर्पोरेट घराने की नजर है, इसीलिए अपने कॉरपोरेट दोस्तों को खुश रखने के लिए मोदी की सरकार ने सबसे पहले निशाना अल्पसंख्यकों पर करते हुए वफद संशोधन कानून लाकर रातों-रात राष्ट्रपति से हस्ताक्षर करा लिया। ऐसे कई कानून कई बिल राष्ट्रपति के पास वर्षो से रहा है बिना हस्ताक्षर जिस पर सुप्रीम कोर्ट को टिप्पणी करना पड़ा की 3 महीने के अंदर उसके कारण बताएं सर्व सम्मति से तय किया गया कि अल्पसंख्यक अधिकार मंच झारखंड की ओर से 11 में को रांची में विशाल सेमिनार का आयोजन कर आगे के आंदोलन तय किया जाएगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कामरेड डी राजा एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ए के रशीदी के द्वारा सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट में अर्जी लगाई गई है कि कानून को निरस्त किया जाए । बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, बुद्धिस्ट सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र , तथागत जिला सचिव अजय कुमार सिंह, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य सचिव इम्तियाज़ खान, मौलाना अजहर कासमी, भाकपा माले के भुबनेश्वर केवट, टीएमसी के राज्य सचिव दयानंद सिंह, मोहम्मद गुलरेज अंसारी, कलाम रशीदी, इम्तियाज , अजय सिंह,जुबेर , इबरार जॉन, मोहमद अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने आवास पर रिम्स ब्लड बैंक के लिए रक्तदान किया और लोगों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील किया , ताकि इससे किसी की जान बचाने में मदद मिल सके। मौके पर निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, रक्तकोष इंचार्ज डॉ सुषमा व ब्लड बैंक के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# जमीन हेराफेरी में सीएमओ और मुख्यमंत्री की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने भूईहारी जमीन की हेराफेरी में सीएमओ और मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया है।उन्होंने कहा कि रांची में आदिवासी भुईहरी जमीन की प्रकृति बदलकर उसे बेचे जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। कांके के चामा गांव में उन्होंने स्वयं ग्रामीणों से मिलकर जमीन की हेराफेरी की जानकारी ली थी और इसे प्रशासन के संज्ञान में लाया था। कहा कि कांके अंचल की कई जमीनों पर इंडी गठबंधन के नेताओं और जमीन माफियाओं की नज़र है। सत्ता के संरक्षण में रैयती, पहनाई, भुईहरी और गैर मजरुआ जमीनों पर माफिया तत्व जबरन कब्जा कर रहे हैं। कहा कि बरियातू में भुईहरी जमीन पर कब्जे के मामले में हेमंत सोरेन की भूमिका किसी से छुपी नहीं है। सिर्फ एक कंप्यूटर ऑपरेटर के बूते 200 एकड़ जमीन की हेराफेरी संभव नहीं है। कहा कि इस पूरे खेल में अंचलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक की मिलीभगत है, और मुख्यमंत्री की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बाबा अंबेडकर की जयंती मनायेंगे आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोकर जतरा टाड़ में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमेन राजू राम ने किया। इस बैठक में रांची में 14/4/2025 को भीमराव अंबेडकर जयंती को सफल बनाने के लिए रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता गण जयंती के शुभ अवसर पर डोरंडा हाई कोर्ट में प्रतिमा के जगह पर बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाऐगे।इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सुरज कुमार पासवान, विधायक प्रतिनिधि अमित कुमार चौरसिया,मनोहर कुमार, रूपेश कुमार ,अंकित कुमार पासवान, बिट्टू कुमार ,टिंकू कुमार राम, शिव राम, कृष्ण कुमार ,समर गौरव दास, सुजीत कुमार ,आयुष कुमार ,विशाल कुमार ,विक्रांत कुमार ,राजू कुमार पासवान, विक्रांत राम ,सुमित कुमार सनी, कुमार मनीष, कुमार राम आदि अनुसूची जाति विभाग के कार्यकर्ता का अनुपस्थित हैं ।

# बाइक सवारों ने किसान पर की फायरिंग, हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** रांची जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का नगड़ी के साहेर गांव में रविवार को हुई फायरिंग में एक किसान राजकुमार महतो घायल हो गए। राजकुमार महतो को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल कर रही है। फायरिंग का आरोप राजकुमार ने अपने चचेरे भाई पर लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक, किसान राजकुमार महतो रविवार खेत में सब्जी तोड़ रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे अपराधियों ने उनपर गोली चला दी और भागने लगे। किसान को गोली मारके जब अपराधी भाग रहे थे, तब एक बाइक स्टार्ट नहीं हुई। अपराधी ने खराब बाइक को घटनास्थल पर ही छोड़ कर एक ही बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बाइक किसकी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि अपराधियों ने किसान पर तीन गोली चलाई, जिसमें से एक गोली किसान राजकुमार महतो के पेट में लगी है। रिम्स में उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस घटना में शामिल होने के संदेह में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के प्रांगण में दीपोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के प्रांगण में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल राँची पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में श्री महावीर मंडल राँची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिर एवं सभी अखाड़ो में दिप उपत्सव के तहत दिप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर आरती की गई की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और दीपोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू , उपाध्यक्ष श्री राहुल सिन्हा चंकी , मंत्री सुभाष साहू , विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय मंत्री बीरेंद्र साहू जी , मंत्री कैलाश केसरी श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक , वर्म् बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह महावीर मंडल राँची के ललित ओझा , संजय जैसवाल , सतेंद्र वर्मा अमरदीप साहू , काशी साहू एवं राकेश सिंह प्रकाश तिर्की सुशील दुबे शामिल थे ।

# वक्फ बिल का शांतिपूर्वक किया गया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची ।** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में रविवार को वक्फ बिल संशोधन के विरोध में शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया ।सभी के हाथों में एक-एक पोस्टर थे । जिसमें वक्फ बिल रिजेक्ट , वकफ बिल रद्द करो , काला कानून बंद करो , देश को बर्बाद करना बंद करें , देश में अमन शांति एकता भाईचारा बनाएं इस तरह के सभी पोस्टर लिए हुए थे । इस अवसर पर सभी ने काला बिल्ला भी लगाए हुआ था ।अमन शांति के साथ लोगों ने वक्फ बिल को रद्द करने की मांग किया गया । इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा , चर्च रोड करबला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद मासूक, गुलाम सरवर रिजवी, मोहम्मद कौसर, शाहिद अनवर, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अशरफ हवारी, निसार बाबा, मोहम्मद जमालुद्दीन, एलिस कश्यप, मनोज राम, तनवीर आलम, मोहम्मद तौसीफ, मेराज खान, आदि कई लोग उपस्थित थे ।

### विसुआ आज, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

**रांची :** ग्रहों के राजा सूर्य देव रविवार की रात्रि शेष राशि परिवर्तन कर रहे हैं। उनके घर बदलने की घटना के साथ ही पिछले एक माह से चला आ रहा खरमास अब समाप्त हो जाएगा। खरमास समाप्त होते ही पिछले एक माह से बंद पड़े वैवाहिक समेत अन्य मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। 14 अप्रैल को मेष संक्रांति का पुण्य काल होगा। आचार्य चेतन पांडेय ने कहा कि मेष संक्रांति के पुण्य काल के मौके पर स्नान-ध्यान कर लोग विसुआ मनाएंगे। इस दिन नए चने के सत्तू, नए गुड़ और आम घर के फल का टिकोरा महुआ का लड्डू अपने इष्ट देवी देवताओं को भोग लगाएंगे और स्वयं ग्रहण भी करेंगे।

# बैसाखी पर्व पर श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 202 वाँ अन्नपूर्णा सेवा एवं भजन संकीर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 202 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में मेवायुक्त केसरीया खीर का विधिवत भोग पुजारी बिनोद कुमार तिवारी द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक में श्रद्धालुओं के बीच केसरीया खीर का वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया, सितादेवी शर्मा ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। तत्पश्चात महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। तथा सबों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे लगभग 6 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# अंतर्राज्यीय तीन चोरो सहित दो स्वर्ण व्यवसायी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि हाल के दिनों में रांची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। इसी दौरान सदर थाना अंतर्गत बूटी बस्ती के कुलेश ओहदार कुंभ स्नान करने प्रयागराज गये हुए थे, इसी कर्म में इनके बंद पडे घर में उक्त गैंग के द्वारा करीब चालीस लाख रुपये के गहना एवं नकद चोरी कर लिए। इस संबंध में सदर थाना कांड सं0- 56/2025, 01.02.2025, धारा-305/331(4)/3(5) ब्नहस अज्ञात के विरूद्ध दर्ज किया गया। इस तरह चोरी के बढ़ाते घटनाओं को देखते हुए पुलिस उप महानीरिक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा घटनाओं का उद्धाटन करने के लिए टीम गठित करने की जिम्मेदारी दी। इसी क्रम में डीएसपी सदर संजीव बेसरा के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी और इस मामले में सदर थाना क्षेत्र के सैंफोर्ड अस्पताल के नजदीक तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया । उनसे पूछताछ की गई और इसकी निशानदेही पर दो जेवर दुकान के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया। कुल पांच लोगों के गिरफ्तारी हुई है । इन लोगों के पास से सामान भी बरामद किया गया है। शंकर कन्हैया सोलंकी, पिता कन्हैया सोलंकी, पता करहैया, थाना-बहादुरपूर, जिला-अशोकनगर (मध्यप्रदेश) , जुजू आदिवासी, पिता रमेश आदिवासी, पता-पटेल बाबा गदमूरा, थाना-सुखी, जिला-भोपाल (मध्यप्रदेश) और मंगल सिंह पार्टी उर्फ दातित्या, पिता-माधोलाल पार्टी, पता करहैया, थाना-बहादुरपूर, जिला-अशोकनगर (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ाये व्यक्ति का तलाशी के क्रम में तीनों के पास से ताला तोडने के लिए लोहे का बना विशेष औजार, एक बडा पेचकश, एक सलाई रिंच, गुलेल, टॉर्च बरामद किया गया। पूछने पर उन तीनों के द्वारा बताया गया कि ये अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पार्टी (पर्दी) गैंग के सक्रिय सदस्य है, जो मुख्यतः गुना जिला, मध्यप्रदेश के रहने वाले है।

**छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** संजीव कुमार बेसरा, पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची,कुलदीप कुमार, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, सदर थाना, राँची ।चन्द्रशेखर सिंह, थाना प्रभारी, खेलगाँव, राँची आफै शामिल हैं।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा का महाधिवेशन आज : विनोद पाण्डेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कार्यालय में झामुमो खूंटी जिला के केंद्रीय समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक मे सांगठनिक सुदृढ़ीकरण हेतु विस्तार से चर्चा हुई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से खूंटी विधायक रामसूर्य मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, केंद्रीय सदस्य भोलानाथ लाल, मकसूद अंसारी, हेमंत टोपगे, मगन मंजीत तिरु, स्नेहलता कंडुलना और सुशील पाहन शामिल हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## खलारी में मसीही विश्वासियों ने मनाया खजूर पर्व



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी में मसही विश्वासियों ने रविवार को खजूर पर्व (पाम संडे) मनाया. इसको लेकर मसीही विश्वासी सुबह खजूर की डाली लेकर आदर्श उच्च विद्यालय मैदान पहुंचे, जहां फादर हिलारियुस, फादर आस्कर टोप्पो एवं फादर ऑर्थर द्वारा आशीष कराया गया. मसीही विश्वासी हाथों में खजूर डाली लहराते हुए चर्च में प्रवेश किए. खलारी चर्च में फादर हिलारियुस व फादर आस्कर टोप्पो ने मिस्सा पूजा कराया. फादर हिलारियुस ने अपने संदेश में कहा कि खजूर रविवार के साथ ही मसीही विश्वासियों का पवित्र सप्ताह शुरू होता है. हम सभी को प्रभु यीशु के संदेश का पालन करते हुए उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलना है. वहीं फादर आस्कर टोप्पो ने कहा कि प्रभु यीशु एक विजयी राजा के रूप में यरूशलेम में आज के दिन प्रवेश किए थे. इसी याद में खजूर पर्व मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि मनुष्य पाप, हिंसा, लोभ लालच जैसी बुराईयों के अंधकार में फंसा हुआ है. उसे दूर करने के लिए प्रभु यीशु ने मनुष्य के रूप में धरती में जन्म लिया. कहा कि खजूर डालियां खुशी का प्रतीक है. उपस्थित लोगों के बीच परम प्रसाद का वितरण हुआ. मिस्सा पूजा के अंत में सभी मसीही विश्वासियों ने चर्च परिसर में मां मरियम के सामने खजूर की डालियों के साथ प्रार्थना किया.इस मौके पर सिस्टर जयंती, सिस्टर नेली, डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल, तेरेसा तिग्गा, विनिता टोप्पो, नीलम टोप्पो, नेली लकड़ा, नेहा रजनी खलखो, ज्योती कुजूर, प्रकाष कुजूर, रोबिन एक्का, ज्ञान कुजूर, राजा रूण्डा, इनोसेंट कुजूर, पारसनाथ उरांव, पीटर तिग्गा, सी कुजूर, अनूज मुंडा, सोफिया कुजूर, उजाला लकड़ा, अन्ना खलखो, अंजलि खलखो, अजय रूण्डा, अनुग्रह टोप्पो, आकाष भेंगरा आदि उपस्थित थे.

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने जाना भारत की विविध संस्कृति का महत्व



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में बैसाखी, बिहु और पोइला बोईशाख का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की विविध और समृद्ध संस्कृति से परिचित कराना था। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें स्कूल के क्वायर ग्रुप द्वारा ईश्वर की भक्ति में एक सुंदर भजन की प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात देश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाली एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों को एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय परंपराओं के महत्व की जानकारी दी गई। पूरा कार्यक्रम रचनात्मकता और सीख से भरपूर रहा, जिसने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा, उत्साह और प्रेरणा प्रदान की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी सांस्कृतिक विशेषता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कृषि हमारे जीवन की रीढ़ है और हमारे त्योहारों का गहरा संबंध कृषि कार्यों से जुड़ा होता है।

## शहीद आरक्षी सुनील धान को जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के छोटानगरा व जराइकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान हुए आईडी विस्फोट में झारखंड पुलिस (झारखंड जगुआर) के एजी-11 बटालियन के जांबाज़ आरक्षी सुनील धान वीरगति को प्राप्त हो गए। शहीद जवान खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत लरता पंचायत के काटी पोहराटोली गांव के निवासी थे। शहीद का पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पहुँचने पर जिला प्रशासन की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, अनुमण्डल पदाधिकारी दीपेश कुमारी समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने शहीद के परिजनों से भेंट कर दुःख की इस घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त की तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता और सहयोग का भरोसा दिलाया। साथ हीं कहा कि जिला प्रशासन शहीद की वीरता और बलिदान को शत-शत नमन करता है, राष्ट्र की सेवा में उनके अदम्य साहस सदा स्मरणीय रहेगा।

# बचरा गुरुद्वारा मे मनाया गया खालसा साजना दिवस सह बैशाखी पर्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को सिख समुदाय के द्वारा खालसा साजना दिवस सह बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर बचरा गुरुद्वारा परिसर में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया,साथ ही बचरा गुरुद्वारा में चल रहे सहज पाठ की समाप्ति की गई।जानकारी के अनुसार बैशाखी पर्व एंव खालसा साजना दिवस के मौके पर रविवार की सुबह बचरा गुरुद्वारा में निशान साहब का चोला बदला गया।जिसके बाद तीन चरणों में चल रहे सहज पाठ की समाप्ति की गई।अंत में गुरु का लंगर का आयोजन किया गया,जिसमें सिख



समुदाय से जुड़ी सभी महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए।इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया।इस संबंध में बचरा गुरुद्वारा कमेटी के ग्रंथी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि बचरा गुरुद्वारा में प्रत्येक वर्ष खालसा साजना दिवस एवं बैसाखी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने बैशाखी के दिन खालसा पंत की स्थापना की थी।उन्होंने पूरी दुनिया में आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश दिया है।उनके दिखाएं मार्ग और आदर्शों पर चलकर ही आज सिख समुदाय के द्वारा धूमधाम के साथ खालसा साजना दिवस और बैसाखी पर्व मनाया जा रहा है।बचरा गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में सिख समुदाय के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए।उन्होंने कहा कि आज के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंत की स्थापना की थी।आज के दिन सिख समुदाय के लोगों को दस्तार भी दिया जाता है।उन्होंने कहा कि बचरा गुरुद्वारा में प्रत्येक वर्ष खालसा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है।इस अवसर पर बचरा गुरुद्वारा के ग्रंथी कुलदीप सिंह,सुखदेव सिहं, निर्मल सिंह,बक्सी सिंह, पृथ्वीपाल सिंह,जगजीत सिंह,मंगल सिंह, सेवा सिंह, बक्सी सिंह,प्रताप सिंह,सीटु शाही, सरबजीत कौर, कमलजीत कौर,गुरमीत कौर, पिंकी कौर,शरणजीत कौर,निर्मल कौर,अमन सिंह, हरजिंदर सिंह,मिन्टु सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# डॉ.भीमराव आम्बेडकर जंयती की पूर्व संध्या पर पिपरवार मे निकाली गई शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आम्बेडकर जंयती की पूर्व संध्या पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाला गया।बचरा आम्बेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष सभी एकत्रित हुए और जोरदार नारो के साथ शोभायात्रा की शुरुआत की गई।शोभायात्रा मे सैकड़ो बाईक पर झंडा लिये कार्यकर्ताओ ने जमकर नारेबाजी की।सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष अनन्द मुंडा और क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि बाबा साहेब की जंयती की पूर्व संध्या पर शोभायात्रा निकाला गया है जो पुरे क्षेत्र का भ्रमण कर बाबा साहेब के उदेश्य एंव सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने



का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को जयंती समारोह धूमधाम से मनाने की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।आज के इस शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।यह शोभायात्रा थाना चौक,बैंक मोड़,बचरा बाजारटांड़, बिशुझापा,काली मन्दिर रोड,122 कालोनी, 64 कालोनी,एलो कालोनी, 172 कालोनी,बंसत विहार,अशोक विहार, वनबीआर सहित कई कालोनी का भ्रमण कर जमकर नारेबाजी की।उन्होंने बताया कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर प्रत्येक साल बचरा में सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाती है।इस मौके पर आनन्द मुंडा, कामेश्वर राम,बाबूलाल राम,कौशल प्रसाद, राजकुमार,गणेश राम, हिमांशु चटर,देवेंद्र मलिक, बसंत कुमार,टिकेश्वर ठाकुर, संतोष राम,नागेश्वर राम, बिनोद कुमार,गंगा राम, दीपक कुमार राम,गीता एक्का,मुंशी राम,जेम्स उरांव,बासुदेव प्रजापति, जगदीश गंझु,संजय साव, जुगेश उरांव,तीरथ पासवान,ललिंद्र कुमार, गणेश रविदास,राज किशोर बैठा, बासुदेव गंझु,देवेंद्र मलिक,रमेश राम,बिरेंद्र भगत,अनिल राम,देवनाथ राम,नरेश सेठ, रामजीत राम, बच्चन राम सहित दर्जनो कार्यकर्त्ता उपस्थित

## मानवीय जीवन का समुचित विकास हेतु सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित हो : दुर्गा कच्छप



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिलादोन के पाटेद में रविवार को सरना धर्म सोतो~ समिति का तीसरा शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया. सोमा पहान, जगन्नाथ मुंडा व घुरन मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है. उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिडबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है. इस अवसर पर दुर्गा कच्छप ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित विश्व का प्राचीनतम धर्म है. इसमें आज भी सच्चाई, अच्छाई, ईमानदारी व निष्ठा है परंतु धार्मिक प्रतिस्पर्द्धा में धीरे-धीरे अपनी मूल अस्तित्व व अस्मिता लुप्त होती जा रही है. इससे न केवल धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था कमजोर हुई है बल्कि जल-जंगल-जमीन से भी बेदखल होना पड़ रहा है. अत~ आदिवासियों के समुचित विकास हेतु सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित होना चाहिए. इस कार्यक्रम में धर्मगुरु बगरय मुंडा, मथुरा कंडीर, राजेन्द्र खालखो, दीपक मुंडा, मंगलसिंह मुंडा, चैतन मुंडा, सुभासिनी पुर्ती, सुकरा मुंडा, तंबला मुंडा, बिरसिंह मुंडा, सिंगराय मुंडा, कलावती मुंडा, चांदमनी तिड़ू, पूनम मुंडा, मृदुला कच्छप, अंजु टोप्पो, मंगला मुंडा, चंपु मुंडा, सविता मुंडा आदि ने विचार व्यक्त किए. इस समारोह में खूंटी, रांची तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

# मुरुपीरी गांव में निर्मित बजरंग बली मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव सह दो दिवसीय यज्ञ पूजा का समापन हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के मुरुपीरी गांव में निर्मित बजरंग बली मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव के साथ ही बजरंग बली मंदिर का दो दिवसीय यज्ञ पूजा संपन्न हुआ। इससे पूर्व 11 अप्रैल शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी, जो कि मुरुपीरी गांव के बजरंग बली मंदिर परिसर से आरंभ होकर मुरुपीरी गांव के शिव मंदिर से होते हुए जामुन धाम जाकर जलाशय से 501 कन्याओं और महिलाओं ने जल उठाकर गांव का भ्रमण करते हुए वापस लौट कर बजरंग बली मंदिर परिसर में कलश यात्रा संपन्न हुआ। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान गया से आए पंडा कृष्णा मिश्रा के द्वारा संपन्न कराया गया। और 12 अप्रैल शनिवार को रात्रि



में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलश यात्रा में प्रखंड प्रमुख सतनारायण मुंडा, कांके विधानसभा क्षेत्र के समाज सेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश, कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू ,भाजपा नेता मनोज कुमार साहू ,उप प्रमुख हरदेव साहू, पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो शामिल हुए। यज्ञ पूजा के दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें कृतन मंडली केदली, मक्का, मुरगी, पातकोई, साड़म गांव के कीर्तन मंडली लोग अपने टीम के साथ शामिल हुए और भजन कीर्तन किया। यज्ञ पूजा के समापन समारोह में शनिवार की रात्रि में हिंदू समाज के भैरव सिंह, कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, मुरुपीरी पंचायत के मुखिया सीता देवी, भाजपा के विष्णु गिरी, जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेई, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिउड़ी मंदिर पहुंचे,दशम फॉल में बीएलो संग की मुलाकात

**तमाड़/बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भरांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर आज भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपनी धर्मपत्नी के साथ पहुंचे पुजा अर्चना कर देश की खुशहाली की कामना की।इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती, मेडिकल की टीम, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद थी। इसके बाद झारखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग और रांची जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के साथ भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का काफिला दशम फॉल पहुंचा जहां झारखंड की सभ्यता के अनुरूप ढ़ोल नागाड़े थाप में मधुर गीत संगीत के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित आलाधिकारियों का स्वागत किया गया।बीएलओ की दीदीओं के द्वारा पवित्र सखुवा के पत्तों से बनी टोपी पहनाई गई साथ ही झारखण्डी सभ्यता संस्कृति से ओत-प्रोत अंगवस्त्र प्रदान किया गया।मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रथम सीढ़ी मतदान है. देश में शासन संचालक के लिए हर एक मतदाताओं को वोट देकर निर्वाचन का हिस्सा बनना चाहिए. 18 वर्ष उम्र होने पर मतदाता सूची में अवश्य नाम जुड़वाएं।उक्त बातें रविवार को भारत सरकार के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बुंडू प्रखंड के दुर्गम क्षेत्र झारखंड का प्रकृति के रमणीय स्थल दशम फॉल में बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ जनसंवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में मतदाता सूची को लेकर राजनीतिक पार्टी और सभी मतदाता संतुष्ट हैं. मतदाता सूची में नाम गड़बड़ी एवं किसी तरह का विवाद संबंधी वाद की प्रक्रिया लंबित नहीं है दशम फॉल में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दुर्गम क्षेत्रों के बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के साथ संवाद करते हुए खुशी प्रगट किया और कहा दशम फॉल जैसे दुर्गम क्षेत्रों में बूथ लेवल ऑफिसर्स के कार्यो की सराहना किया. अंत में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की संस्था 500 कर्मचारियों के साथ काम करने वाली आज विश्व की सबसे बड़ी संस्था है. जहां पर सभी पदाधिकारी कर्मचारी निर्वाचित पदाधिकारी से लेकर सभी मतदान की कमी ईमानदारी से कार्य कर रहा है. जो हमारे देश के लिए गौरव की बात है। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के सौम्य सरल स्वभाव के सभी उस कायल हो गए जब वो दशम फॉल के आरती



देवी की परचून की दुकान पर अचानक रूके और कुरकुरे की मांग बकायदा कुरकुरे लिया और कहा पत्नी के साथ खाएंगे मौके पर झारखंड निर्वाचन अधिकारी ने दुकानदार महिला को कुरकुरे की कीमत दस रुपए दिए, इसके बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने फिर एक बार लोगों को अपना मुरीद बना लिया जब प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने पानी की मांग की सभी अधिकारी पानी केटरर के द्वारा ग्लास मंगाने लिए बोले थोड़ी देर हुई पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा बोतल ही ले आते उसी से पी लेते।इस अवसर पर झारखण्ड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, एडिशनल सेक्रेटरी नेहा अग्रवाल उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अग्रवाल, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा, बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खजूर पर्व



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इटकी के मुख्य सीएनआई चर्च व महुवा टोली स्थित एनडबल्यूजीईएल चर्च सहित आसपास के चर्चो में रविवार को खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मसीही धर्मावलंबियों ने खजूर की डालियों के साथ शोभा यात्रा निकाली, और खजूर की डालियों से प्रभु यीशु का स्वागत किया गया। वही प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में प्रवेश को याद किया। मौके पर चर्चों में प्राथना सभा हुई। सीएनआई चर्च के रेव जे तिर्की ने कहा की परमेश्वर का मुख्य संदेश आपसी प्रेम का है। मौके पर सीएनई चर्च की सचिव ब्रिजित मिंज, रवि बेल्स कुजूर, पीटर मिंज, अजीत खलखो, एनडबल्यूजीईएल चर्च के सचिव जैतून तिर्की, निमन खलखो, प्रशांत मिंज, साक्षी खलखो सहित सैकड़ो मसीही धर्मावलंबियों मजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ किया गया



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मोरो गांव में आयोजित तीन दिवसीय नव निर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। मौके पर 501 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से हुई जहां से महिलाएं जल उठा कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंच भगवान का जलाभिषेक किया। आचार्य अंकेश उपाध्याय के नेतृत्व में विधिवत पूजा अनुष्ठान शुरू किया गया, जिसमें यजमान के रूप में सुरेंद्र पाल, चम्पेश्वरी देवी व चंद्रपाल शाही सरिता देवी शामिल हुए। अनुष्ठान का समापन मंगलवार को हवन पूर्णाहुति के साथ होगी। मौके पर पंडित प्रदीप तिवारी, पंडित शुभम ओझा, अध्यक्ष सच्चिदानंद शाही, कोषाध्यक्ष कलिंदर गोप, सचिव पंचम महतो, उपाध्यक्ष नंदलाल महतो, लेखानंद शाही सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बाबा साहब प्रतिमा के पास राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा के द्वारा द्वीप प्रज्वलन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिलवे डोल बगीचा आंबेडकर चौक के पास संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा के द्वारा संध्या में द्वीप प्रज्वलित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महिला नेत्री माधुरी देवी,एस सी मोर्चा अध्यक्ष रंथू नायक,मनेश महतो,बसंत मिश्रा,अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा नागेश्वर महतो,बी के सिंह,के डी सिंह,कन्हैया प्रसाद,सुभाष शर्मा, रामेश्वर प्रसाद यादव,मनसा महतो इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत भाजापा कार्यकर्ताओ ने जोबिया शिव मंदिर मे चलाया साफ सफाई



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के शक्ति केन्द्र बेंती द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया।भाजपा कार्यकर्ताओ ने पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के जोबिया शिव मंदिर की साफ सफाई की।साथ ही सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत अपने मंडल में स्वच्छता, पदयात्रा व बुथ समिति के साथ बैठक की।बैठक मे भाजपा के स्थापना दिवस पर चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत कराये जाने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई, साथ ही पंचायत के सभी लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आहवान किया गया।बैठक मे 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।साथ ही बाबा साहेब के विचारो को जन-जन तक पहुंचने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर भाजपा नेता धनराज भोक्ता,सह संयोजक संजय कुमार भोगता,युवा मोर्चा अध्यक्ष रामलाल महतो, भाजपा सक्रिय सदस्य सुखी गंझू,जगदीश भोगता, बासुदेव गंझू,चेतलाल महतो, अमन कुमार,बैजनाथ मुन्डा, धनेश्वर गंझू,जोबवा उराँव सहित काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बचरा मे डॉ. भीमराव आम्बेकर जंयती आज, तैयारी पुरी


**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर स्थित आम्बेडकर चौक में कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाइज एसोसिएशन सिस्टा के द्वारा आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती समारोह मनाया जाएगा।इसकी जानकारी देते हुए सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष आनन्द मुंडा और सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि सुबह 9~30 बजे समारोह की शुरूआत की जाएगी।इस समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक संजीव कुमार उपस्थित होगे।

## नदी तट पर बन रहा था अवैध ढांचा, वन विभाग ने चलाया बुलडोज़र



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर स्थित खरकई नदी तट पर छठ घाट के समीप वन भूमि पर हो रहे पक्के अवैध निर्माण को वन विभाग की टीम ने ध्वस्त कर दिया। साथ ही निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस प्रकार से निर्माण हो रहा था, उससे प्रतीत होता था कि वहां कोई आश्रमनुमा गेस्ट हाउस बन रहा था। हालांकि वन विभाग को इस निर्माण की जानकारी पहले नहीं थी। वन विभाग की टीम ने बताया कि स्थल पर अब भी ईंट, बालू, गिट्टी जैसी निर्माण सामग्री पड़ी है, जिसे विभाग जब्त कर सकता है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय क्षेत्र में सतर्कता और जागरूकता दोनों बढ़ी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी सबा आलम अंसारी ने बताया कि अवैध निर्माण की सूचना मिलने के बाद भौतिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के आधार पर अतिक्रमण को चिह्नित किया गया और तदनुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक अतिक्रमणकारी की पहचान नहीं हो पाई है। विभागीय टीम संबंधित व्यक्ति का पता लगाने के लिए प्रयासरत है। डीएफओ सबा अंसारी ने बताया कि विवादित भूमि की मापी कराई जाएगी, जिससे यह निर्धारित हो सकेगा कि भूमि वन विभाग की है अथवा किसी अन्य विभाग की।

## बिष्टुपुर के रेसिपी रेस्तरां में 15 से 20 अप्रैल तक बंगाली फूड फेस्टिवल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बांग्ला नववर्ष के उपलक्ष्य में बिष्टुपुर स्थित रेसिपी रेस्तरां (आईसीआईसीआई बैंक के बगल में) 15 से 20 अप्रैल तक बंगाली फूड फेस्टिवल आयोजित कर रहा है। इस आयोजन में कोलकाता से आए 25 वर्षों के अनुभवी शेफ पारंपरिक बंगाली व्यंजन परोसेंगे। विशेष रूप से भेटकी, इलिश, चिंगड़ी और पाम्फ्रेट जैसी मछलियों से बनी डिशेज़ प्रमुख आकर्षण होंगी। कोलकाता स्पेशल बिरयानी और कबाब भी मेन्यू में शामिल हैं। स्वाद प्रेमियों के लिए यह उत्सव बंगाली व्यंजनों का आनंद उठाने का सुनहरा मौका होगा। सभी व्यंजन स्वच्छता और गुणवत्ता के उच्च मानकों के साथ, उचित मूल्य पर परोसे जाएंगे। रेस्तरां में शाम के समय पर्याप्त पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## संत जेवियर्स स्कूल में पहली वार्षिक पुरस्कार नाइट का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल, खासमहल-8 में पहली वार्षिक पुरस्कार नाइट का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि हसन इमाम मालिक (कोच, हैंडबॉल एसोसिएशन) व मोहम्मद तौकीर आलम (डीएसपी, जमशेदपुर) ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया की बुराइयों पर प्रस्तुति दी। अवधेश गिरी, राजकुमारी घोष, लूसी सिंह, इंद्रजीत कल्सी, रंजन सिंह, पीयूष सिंह सहित कई अतिथियों ने पुरस्कार वितरित कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक सुशील सिंह, सचिव सौरव गिरी, एडमिन केसी भारती, कोऑर्डिनेटर स्वाती झा, चुमकी कुमारी व समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल बनाया।

## संजीव नेत्रालय ने मनाया छठा स्थापना दिवस, आयोजित हुई लाइव सर्जरी व सीएमई कार्यक्रम



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर स्थित संजीव नेत्रालय ने अपने 6ठे स्थापना दिवस पर लाइव सर्जरी एवं सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. साहिल पाल ने किया। इस अवसर पर देशभर के नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया और जटिल नेत्र शल्य चिकित्सा का लाइव प्रदर्शन किया। डॉ. संजीव कुमार तिरिया, डॉ. डी. के. सिंघल, डॉ. राजीव प्रियदर्शी, डॉ. राहुल बाहेकर व अन्य विशेषज्ञों ने उन्नत तकनीकों से ऑपरेशन किए। कार्यक्रम में डॉ. पार्था बिस्वास, डॉ. रुपक बिस्वास, डॉ. अनिरुद्ध मैती, डॉ. भारती शर्मा सहित देशभर के वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हुए। नेत्र रोगों की नवीनतम विधियों और अनुसंधान पर विस्तार से चर्चा की गई। संजीव नेत्रालय कोल्हान क्षेत्र में विट्रियो रेटिना और समग्र नेत्र देखभाल सेवाओं के लिए जाना जाता है। संस्थान समय-समय पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित कर समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## बैसाखी पर ग्रंथीयों को स्कूटी भेंट, 20 अप्रैल को होगी चुनावी घोषणा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैसाखी पर्व पर साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी ने खालसा पंथ के 326वें स्थापना दिवस पर विशेष कीर्तन दरबार आयोजित किया। इस मौके पर प्रधान सरदार निशान सिंह के नेतृत्व में ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह मन्नन और भाई जरनैल सिंह को स्कूटी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्टी सतनाम सिंह सिद्धू, अवतार सिंह फुर्ती, महासचिव परमजीत सिंह काले व नौजवान सभा के रोहित दीप सिंह सहित कई सेवादार मौजूद रहे। इससे पूर्व ग्रंथीयों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त निवास भी सौंपा गया था। सभा को संबोधित करते हुए प्रधान निशान सिंह ने कहा कि संगत की सेवा पूरी निष्ठा से की गई है और भविष्य में भी संगत का निर्णय सर्वोपरि रहेगा। आगामी चुनावों हेतु 14 अप्रैल से वोटर लिस्ट तैयार की जाएगी और 20 अप्रैल को जीबीएम में चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। कीर्तन दरबार के उपरांत अटूट लंगर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अनेक धार्मिक व सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गागीबुरू में चांद स्पोर्टिंग राखडीह को 1-0 से हरा मुरुगडीह एफसी बना चैंपियन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के पुराना गागीबुरू फुटबॉल मैदान में एमबीयूजी की ओर से रविवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच चांद स्पोर्टिंग राखडीह और मुरुगडीह एफसी के बीच खेला गया। मुरुगडीह एफसी ने चांद स्पोर्टिंग राखडीह को 1-0 से हरा दिया व चैंपियन बना। विजेता टीम को 12 हजार, उपविजेता को 9 हजार, तीसरे स्थान पर रही सुकना बस्ती की टीम और चौथी टीम बम बम भोले दोनों टीम को 7 - 7 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बाबलु टुडू, खगेन किस्कू, सुकदेव किस्कू, बुद्धेश्वर किस्कू, मंगलराम हांसदा, रबी किस्कू, अजय किस्कू, बबलू किस्कू, जगदीश टुडू, हेमन्त हेंब्रम, मंगलराम टुडू, अजीत टुडू, सुभाष मुर्मू, लव सिंह व चैतन बेसरा आदि का अहम योगदान रहा।

# भाजपा कार्यकर्ता के घर में पेट्रोल डालकर लगाई आग

### बोड़ाम थाना क्षेत्र के मुचीडीह गांव में आधी रात को हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी, भाजपा ने दी चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत कुईयानी पंचायत के मुचीडीह गांव स्थित भाजपा कार्यकर्ता पद्मलोचन महतो के घर में 10 अप्रैल की रात को घर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। पद्मलोचन को आशंका है कि उसे जान मारने की नीयत से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर में आग लगाई गई थी। घर के बाहर आंगन में मौजूद फूस की छावनी वाले चबूतरे (बैठक खाना) में किसी ने रात को 12 बजे के बाद पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इसकी जानकारी मिलने पर वह जब नींद से जागा और कमरे से निकला तो पेट्रोल का गंध आने लगा। इस दौरान देखा कि चबूतरे के छत की मोटी-मोटी लकड़ियां जल रही थी। गनीमत है कि उस दिन बारिश के कारण आग तेजी से फैल नहीं पाई अन्यथा पूरे परिवार को इसकी कीमत चुकानी पड़ती। उन्होंने 11 अप्रैल को भाजपा के बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी के साथ बोड़ाम थाना जाकर इसकी लिखित शिकायत करते हुए जांच करने एवं दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ता पद्मलोचन का कहना है कि उनके द्वारा शोर मचाने पर पड़ोस के लोग तुरंत पहुंचे और





घर में लगी आग को बुझाया। हालांकि इस घटना में कबूतर पालने के लिए लगाये गये 12 हंडी में मौजूद कबूतर के चूजे एवं अंडे नष्ट हो गए तथा चबूतरे के छत की पुरानी लकड़ी आदि जलकर राख हो गया। उनका घर राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के घर से महज 300 मीटर की दूरी पर है। इस संबंध में बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पद्मलोचन के मुताबिक उसका किसी के साथ कोई विवाद भी नहीं है इसके बावजूद ऐसी घटना क्यों और कैसे हुई, जांच के बाद ही बता सकते हैं। मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी ने बताया कि पद्मलोचन महतो भाजपा के पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं और उनके साथ हुई घटना निंदनीय है। इसकी जांच पुलिस से करने की मांग की गई है। अगर जल्द से जल्द मामले का खुलासा नहीं की जाती है तो पार्टी की ओर से आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

## इंटक की बैठक में दिवंगत नेताओं को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह राजू की अध्यक्षता में तार कंपनी यूनियन कार्यालय में जमशेदपुर महानगर कमिटी की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय एवं तार कंपनी यूनियन के महामंत्री पंकज सिंह उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं टेल्को यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय अरुण सिंह एवं एमटीएमएच यूनियन के सचिव स्वर्गीय पीजे राव के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। राकेश्वर पाण्डेय ने कहा जमशेदपुर में तमाम कंपनी में इंटक की यूनियन है, कंपनी के आलावा प्राइवेट सेक्टर में काफी सारे ऐसे कर्मचारी हैं जिनको सरकारी भत्ता नहीं दिया जाता है, उनकी कोई सुनने वाला नहीं, इसी तरह और भी कई क्षेत्र हैं, जिसमें यूनियन का गठन कर कर्मचारियों की मदद की जा सकती है। आप लोग इस तरह के क्षेत्र में ज्यादा ध्यान दें, हम ट्रेड यूनियन के नेताओं का मुख्य उद्देश्य है प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मजदूरों की मदद करना। पंकज सिंह ने कहा किसी भी ठेकेदार मजदूर को किसी प्रकार की समस्या होती है तो हमलोग उसका समाधान निकलते हैं और तमाम मजदूर भाइयों को आश्वस्त करना चाहता हूं यदि आप को कोई समस्या हो तो आप लोग हमारे जिला अध्यक्ष से मिलें, हमलोगों से मिलें, आप लोगों की नौकरी में किसी प्रकार की आंच नहीं आएगी। बैठक को जिला अध्यक्ष राजेश सिंह राजू के आलावा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बीरेंद्र उपाध्यय, जिला उपाध्यक्ष देव कुमार, चंदा सिंह राजपूत, सायोनी समादार, नमिता सिंह, इस्माइल बुरहान, जेपीएन सिंह, नंदनी सामंत, संजय मुखी, कृष्णा राजू, उपेंद्र सिंह, अभय राय, केशव तिवारी, विनोद पाण्डेय, राजीव द्विवेदी, मनीष सिन्हा, दिलीप कुमार आदि नेताओं ने विचार रखा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन बीरेंद्र उपाध्याय ने किया।

## हजारीबाग में एईएसएल का नया केंद्र आरंभ, नीट और जेईई की तैयारी के लिए मिलेगा बेहतर मार्गदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** देश की अग्रणी कोचिंग संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हजारीबाग में अपने नए क्लासरूम सेंटर का भव्य शुभारंभ किया। यह केंद्र विशेष रूप से नीट और जेईई जैसी मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्थापित किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद थे। कार्यक्रम में एईएसएल के झारखंड और बिहार क्षेत्र के सहायक निदेशक डॉ. नवीन गुप्ता समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। यह नया केंद्र न केवल नीट और जेईई के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा, बल्कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फाउंडेशन-लेवल के पाठ्यक्रम भी उपलब्ध कराएगा। इसका उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करना और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल में सफलता पाने के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर डॉ. नवीन गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग में हमारे नए केंद्र की शुरुआत हमारे उस मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हम देशभर के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण कोचिंग पहुँचाना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य छात्रों को मजबूत कॉन्सेप्ट, आत्मविश्वास और बेहतर शैक्षणिक संसाधनों से लैस करना है ताकि वे अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकें। केंद्र में अनुभवी शिक्षकों की टीम, व्यापक अध्ययन सामग्री और सीखने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एईएसएल का यह प्रयास दर्शाता है कि वह हर छात्र को सर्वोत्तम शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वह देश के किसी भी कोने में क्यों न रहता हो।

## सोनारी में आयोजित तरुण संघ के शिविर में 62 युनिट रक्त संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** रविवार को सोनारी तरुण संघ ने अपने 68 वें स्थापना दिवस जो कि 15 अप्रैल को है एवं बांग्ला नववर्ष के अवसर पर टीम पीएसएफ की पहल पर पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया। प्रातः 10 बजे क्लब के वरीय सदस्य सह वाइस प्रेसिडेंट पीएन ठाकुर, अध्यक्ष तपन गुप्तो, सचिव देवब्रत मजुमदार ने संयुक्त रूप फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करने एवं अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, समाजसेवी मोहन कर्मकार, पूरबी घोष, काबलु महतो।रक्तदान शिविर को जमशेदपुर ब्लड सेंटर एवं प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन ने सहयोग प्रदान किया। बहुत ही सुसज्जित वातानुकूलित रक्तदान कक्ष का व्यवस्था के साथ साथ सभी रक्तदाताओं के लिए, नाश्ता, भोजन, गर्मी के मौसम को देखते हुए जूस, आइसक्रीम की व्यवस्था। रक्तदान के पश्चात सभी रक्तवीरों को जूट बैग, लैपटॉप बैग, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।रक्तदान शिविर को सफल बनाने में क्लब के तपन गुप्ता, समीर बनर्जी, उत्पल घोष, पी.एन.ठाकुर, अजित रक्षित, देबोब्रत मजूमदार, अनिमेष रॉय, चंदन दत्ता, देबाशीस दास, वरुण महतो, बापी चंदा, रामा राव, सैवाल दास, टुलटुल विश्वास, चित्तरंजन, संजय सरकार आदि मौजूद थे।

## डीसी के नाम से फेसबुक पर बनाया फेक आईडी, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर ।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के नाम से फेसबुक पर IAS (Ananya Mittal) https://www.facebook.com/share/vL|LLgepFK/ एक फेक आईडी बनाया गया है, जिसे लेकर जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील की जाती है। उक्त फेक आईडी से किसी को फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त होता है या किसी प्रकार का असमान्य मैसेज प्राप्त होता है तो उस आईडी को रिपोर्ट करते हुए तत्काल ब्लॉक कर दें तथा किसी भी प्रकार से आर्थिक सहयोग आदि की मांग की जाती हो तो नहीं करें। सम्बंधित फेक फेसबुक आईडी को लेकर बिष्टुपुर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा साइबर सेल को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया गया है, साथ ही लोगों को सचेत भी किया जा रहा है। दोषियों को चिन्हित करते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त फेक फेसबुक प्रोफाइल में उपायुक्त की तस्वीर भी लगायी गयी है, इसके लिए फेक आइडी को लेकर सचेत रहने की अपील है।

## कमलपुर मंडल में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को कमलपुर मंडल में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन संपन्न हुआ। ग्राम संसद भवन बिड़रा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के सांसद तथा भाजपा के झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. जटा शंकर पाण्डेय, जुगसलाई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुचीराम बाउरी, जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह व प्रदीप कुमार महतो, जिला मंत्री जीतेन्द्र राय, जिला पार्षद श्रीमती कुसुम पूर्ति सहित जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। इसके बाद सांसद कालीचरण सिंह ने कमलपुर मंडल के गोपालपुर गांव के चौपाल में बैठकर भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## जल संकट से राहत, विधायक संजीव ने शुरू की जल टैंकर सेवा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और पेयजल संकट को देखते हुए पोटका विधायक संजीव सरदार ने एक सराहनीय पहल की है। बागबेड़ा, किताडीह एवं घाघीडीह क्षेत्र में पानी की किल्लत को दूर करने हेतु प्रतिदिन जल टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। इस जनसेवा कार्य का विधिवत शुभारंभ विधायक ने पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि उन्होंने पूर्व में ही जूस्को को पत्र लिखकर पानी की विकराल स्थिति से अवगत कराया था, जिसके परिणामस्वरूप टैंकर सेवा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ज़रूरत पड़ने पर जल टैंकरों की संख्या और भी बढ़ाई जाएगी ताकि जनता को स्वच्छ पेयजल की कोई कमी न हो। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, 22 पंचायतों के अध्यक्ष व सचिव, महिला नेत्री तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विधायक के दौरे की खबर प्रखंड कमिटी को नहीं, कार्यकर्ता निराश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड के अंगारपाड़ा पंचायत में रविवार को बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर मोहंती ने दौरा किया। केंदुआपाल हरि मंडप से डीपासाई सड़क तक पीसीसी पथ निर्माण शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक के गुड़ाबांदा आने की सूचना झामुमो की प्रखंड कमिटी को नहीं मिली। झामुमो के प्रखंड सचिव बुकाई सोरेन ने बताया कि कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करते हैं। क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के प्रयास से पार्टी को समर्थन मिलता है और नेता विधायक बनते हैं। विधायक बनने के उपरांत कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। विधायक के दौरे और शिलान्यास कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड कमिटी को नहीं दी जा रही है। अन्य प्रखंड के कार्यकर्ता प्रखंड के कार्यकर्ताओं पर हावी हो रहे हैं। इसके कारण प्रखंड के कार्यकर्ताओं में निराशा और नाराजगी है। प्रखंड सचिव बुकाई सोरेन और अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस मुद्दे को पार्टी महाधिवेशन में पार्टी के वरीय नेताओं के समक्ष उठायेंगे। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू ने भी बताया कि विधायक समीर मोहंती के दौरे की खबर उन्हें नहीं दी गई। प्रखंड में विधायक के कार्यक्रमों की जानकारी कमिटी को दिया जाना आवश्यक है।

## दयावती मोदी पब्लिक स्कूल चांडिल में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शामिल हुए अभिभावक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चांडिल :** उमेश नगर चांडिल स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में रविवार को कक्षा एक से दसवीं तक के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम निर्धारित किया गया। साथ ही अभिभावकों के लिए विशेष रूप से एक सकारात्मक पेरेंटिंग सत्र भी आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सम्पा बनर्जी ने अभिभावकों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विकसित स्कूल प्रणाली और शिक्षा पैटर्न में हुए बदलावों के विषय में बात चर्चा की। कार्यक्रम में अभिभावक उपस्थित रहे तथा सत्र के प्रभावपूर्ण शिक्षा प्रणाली के विषय में जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट हुए। कार्यक्रम में उन्हें छात्रों के अपने नए शेड्यूल के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को कैंपस की सुरक्षा, शैक्षणिक संसाधन, छात्र सहायता सेवाओं, क्लबों व खेलों के विषय में जानकारी दी गई। अभिभावकों को स्कूल की नीतियों, प्रक्रियाओं और अपेक्षाओं से परिचित कराया गया साथ ही छात्रावास की सुविधाएं, फ़ीस का विवरण बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्या सम्पा बनर्जी तथा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लोयोला स्कूल बिष्टुपुर में यंग इंडियंस ने आयोजित की सड़क सुरक्षा पर क्विज़ प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** यंग इंडियंस (वाईआई) जमशेदपुर की रोड सेफ्टी टीम ने लोयोला स्कूल, बिस्टुपुर में 'रोड पर रहें सतर्क' विषय पर एक ज्ञानवर्धक और मनोरंजक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और टीम के प्रयासों की सराहना की। वाईआई जमशेदपुर की ओर से साक्षी गुप्ता, सिद्धार्थ अग्रवाल, सुनील पारीख और बवनीत कौर विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत यंग इंडियंस और उसकी पहलों के संक्षिप्त परिचय से हुई, जिसके पश्चात सड़क सुरक्षा से संबंधित उपयोगी जानकारियां साझा की गईं। क्विज़ प्रतियोगिता को चार रोचक चरणों में विभाजित किया गया। जिसमें छात्रों की सड़क नियमों की बुनियादी समझ को परखा गया। सीधा प्रश्नोत्तर सत्र, जिसमें उत्तर देने की गति और सटीकता पर जोर था। दृश्य और श्रव्य माध्यमों से जुड़े प्रश्नों के ज़रिए व्यावहारिक समझ का परीक्षण किया गया। छात्रों ने सड़क सुरक्षा से जुड़ी कहानियों के माध्यम से अपनी समझ साझा की। छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने दर्शाया कि युवा पीढ़ी सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय को गंभीरता से ले रही है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## विशेष से श्रेष्ठ कालेज तक

**शिक्षा** के मायने बदलने के लिए पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता ही नहीं, बल्कि कालेज प्रांगण की धूल हटा कर दूब भी उगनी चाहिए। कुल 136 कालेजों में से कुछ संस्थानों में प्रासंगिकता की शर्तें इस काबिल नहीं कि इन्हें असफलता का ढेर बनाया जाए। कालेजों को प्रासंगिकता का परिसर बनाने की पहली बार कोशिश हो रही है और इस दृष्टि से 14 कालेजों के पाठ्यक्रम में हुनर की शक्ति खोजी जा रही है। चौदह विशेष कालेजों के माध्यम से छात्रों को अपना व्यावसायिक उत्थान करने में मदद मिलेगी। इनमें से सात में इंटीग्रेटेड बीएड, तीन में फिजिकल एजुकेशन और अन्य में बीसीए, बीबीए, एमसीए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटरिंग मशीन लर्निंग जैसे पाठ्यक्रम चलेंगे। सबसे शानदार व भविष्य की कलम से लिखा फैसला हरिपुर गुलेर डिग्री कालेज को फाइन आर्ट्स का विशेष महाविद्यालय बना रहा है। यह अपने आप में कांगड़ा चित्रकला की पृष्ठभूमि को अंगीकार करने की एक प्रायोगिक कोशिश है। फाइन आर्ट्स के तहत अगर हरिपुर गुलेर के कालेज को भविष्य के कलाकारों को साधने की अहमियत मिलती है, तो कल यहां धरोहर अध्ययन की कक्षा भी जोड़ी जा सकती है। इस तरह हरिपुर गुलेर की तरह नगरोटा सूरियां कालेज को मत्स्य अध्ययन व इससे जुड़े व्यवसायों का कालेज बना देना चाहिए। हम पिछले कई सालों से यह सुझाव देते आए हैं कि कुछ कालेजों को अलग-अलग प्रोफेशन और विषयों के आधार पर स्तरोन्नत करना चाहिए। इसी परिप्रेक्ष्य में स्वतंत्र स्पोर्ट्स कालेज या खेल छात्रावासों के साथ खेल स्कूल स्थापित कर देने चाहिएं। भारतीय खेल प्राधिकरण के धर्मशाला व बिलासपुर छात्रावासों के साथ वहां के कालेजों में स्पोर्ट्स विंग जोडक़र खिलाडिय़ों की डिग्री के विषय उनके भविष्य के अनुरूप बनाने होंगे। प्रदेश के गरली-परागपुर की धरोहर के मद्देनजर वहां एक फिल्म सिटी और फिल्म एवं टीवी संस्थान की स्थापना करें, तो अध्ययन और व्यवसाय एक साथ निखर सकते हैं। बावजूद इसके कि कालेजों के चौदह परिसर अपने महत्त्व के विषयों में कोई न कोई करियर पुष्ट करेंगे, छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा का मूल्यांकन कुछ बड़े कालेज कर रहे हैं। कुल्लू, मंडी, धर्मशाला, हमीरपुर, सोलन, बिलासपुर, ऊना व कुछ अन्य महत्वपूर्ण कालेजों को विषय विशेष का राज्य स्तरीय दर्जा देना चाहिए। इस तरह अगर ऊना को हम राज्य स्तरीय भाषा कालेज बना दें, तो वहां अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू व पंजाबी के अध्ययन की एक राष्ट्रीय परिपाटी बन सकती है। इसी तरह कहीं कोई कालेज इतिहास, तो कोई कामर्स और कोई वाणिज्यिक अध्ययन का श्रेष्ठ कालेज बन सकता है। राज्य स्तरीय पैमानों में श्रेष्ठ कालेजों की शृंखला में कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, कालेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, कालेज ऑफ साइंस, कालेज ऑफ हिमालयन स्टडीज, कालेज ऑफ सोशल वर्क तथा इसी तरह अन्य विषयों के अलावा एक महाविद्यालय इंडसट्रियल स्टडीज एवं नवाचार का भी बना देना चाहिए। हर कालेज को सभी विषयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का केंद्र बना देने के बजाय एक ही विषय का राज्य स्तरीय परिसर बनाना चाहिए। मसलन घुमारवीं कालेज में दर्जन के करीब स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चल रहे हैं, लेकिन परिसर में किसी एक विषय का अति उत्तम माहौल, अध्ययन व शोध होना चाहिए, यह अधिक जरूरी है। बहरहाल, जिस पहल के तहत 14 कालेजों में अलग पाठशाला शुरू हो रही है, उससे इनकी योग्यता, दक्षता व प्रासंगिकता भी बढ़ेगी। कालेजों को विशेष से श्रेष्ठ बनाने के लिए अधोसंरचना का सही इस्तेमाल तथा शिक्षण का गुणात्मक माहौल पैदा करने की जरूरत रहेगी। अगर सात कालेजों में इंटेग्रेटिड बीएड को सिर्फ पाठ्यक्रम की फर्ज अदायगी में ही देखेंगे, तो कल यह परिसर भी बिखरेंगे। अध्ययन केंद्र के रूप में कालेज परिसरों की तहजीब को बदलने की आवश्यकता को प्राध्यापकों की वचनबद्धता से जोडऩा होगा।


कालेजों को प्रासंगिकता का परिसर बनाने की पहली बार कोशिश हो रही है और इस दृष्टि से 14 कालेजों के पाठ्यक्रम में हुनर की शक्ति खोजी जा रही है। चौदह विशेष कालेजों के माध्यम से छात्रों को अपना व्यावसायिक उत्थान करने में मदद मिलेगी। इनमें से सात में इंटीग्रेटेड बीएड, तीन में फिजिकल एजुकेशन और अन्य में बीसीए, बीबीए, एमसीए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटरिंग मशीन लर्निंग जैसे पाठ्यक्रम चलेंगे। सबसे शानदार व भविष्य की कलम से लिखा फैसला हरिपुर गुलेर डिग्री कालेज को फाइन आर्ट्स का विशेष महाविद्यालय बना रहा है। यह अपने आप में कांगड़ा चित्रकला की पृष्ठभूमि को अंगीकार करने की एक प्रायोगिक कोशिश है। फाइन आर्ट्स के तहत अगर हरिपुर गुलेर के कालेज को भविष्य के कलाकारों को साधने की अहमियत मिलती है, तो कल यहां धरोहर अध्ययन की कक्षा भी जोड़ी जा सकती है। इस तरह हरिपुर गुलेर की तरह नगरोटा सूरियां कालेज को मत्स्य अध्ययन व इससे जुड़े व्यवसायों का कालेज बना देना चाहिए। हम पिछले कई सालों से यह सुझाव देते आए हैं कि कुछ कालेजों को अलग-अलग प्रोफेशन और विषयों के आधार पर स्तरोन्नत करना चाहिए।


### चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए

## वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

प्रह्लाद सबनानी


चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया


**अमेरिका** ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्ध एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था। कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है।



भारत आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है। इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा। संभवत इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, टेक्सटायल क्षेत्र, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, प्रेशस मेटल के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि, उक्त समस्त क्षेत्रों से चीन, अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात करता है। अब 145 प्रतिशत के टैरिफ की दर पर चीन में निर्मित उत्पाद अमेरिका में नहीं बिक पाएंगे। अतः भारत के लिए इन समस्त क्षेत्रों में अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही हैं। टेक्सटायल के क्षेत्र में तो वर्तमान में भारत के पास बहुत भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता भी उपलब्ध है। टेक्सटायल के क्षेत्र में भारत के पड़ौसी देश ही अधिक प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं, जैसे बंगलादेश, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम आदि। इस समस्त देशों पर अमेरिका द्वारा लगाई गई टैरिफ की दर, भारत की तुलना में कहीं अधिक है। अतः टेक्सटायल के क्षेत्र में भारत में निर्मित विभिन्न उत्पाद तुलनात्मक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। इसका सीधा सीधा लाभ भारतीय टेक्सटायल उद्योग द्वारा उठाया जा सकता है। इसी प्रकार, मोबाइल फोन का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से सैमसंग एवं ऐपल नामक कम्पनियां भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में भारी भरकम वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही हैं। वर्ष 2024 में भारत से 2040 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात विभिन्न देशों को हुआ हैं, यह वर्ष 2023 में हुए निर्यात की राशि से 44 प्रतिशत अधिक है। और, मोबाइल फोन के निर्यात में हुई इस भारी भरकम वृद्धि में ऐपल एवं सैमसंग कम्पनियों का योगदान सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन प्रोत्साहन योजना का लाभ भी भारत में मोबाइल निर्माता कम्पनियों ने भारी मात्रा में उठाया है। भारत आज स्मार्ट मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहती हैं तो शीघ्र ही भारत मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। अन्य क्षेत्रों में उत्पादन करने वाली बहुराष्ट्रीय बड़ी बड़ी कम्पनियां भी अपनी विनिर्माण इकाईयों को चीन से स्थानांतरित कर भारत में स्थापित कर सकती हैं। कोविड महामारी के खंडकाल के समय भी यह उम्मीद की जा रही थी और चीन+1 नीति का अनुपालन करने के सम्बंध में कई कम्पनियों ने घोषणा की थी परंतु उस समय पर कई कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को ताईवान, वियतनाम, एवं थाईलैंड, आदि जैसे छोटे छोटे देशों में ले गईं थी और इसका लाभ भारत को बहुत कम मिला था। परंतु, आज परिस्थितियां बहुत बदली हुई हैं। छोटे छोटे देशों में बहुत भारी मात्रा में उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने की बहुत सीमाएं हैं। इन देशों में श्रमबल की उपलब्धता सीमित मात्रा में है। जबकि भारत में इस दौरान आधारिक संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में अतुलनीय सुधार हुआ है और भारत में श्रमबल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आज जापान, इजराईल, ताईवान, रूस, जर्मनी, फ्रान्स, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं। कई विकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग शून्य के स्तर पर आ गई है। बल्कि, कुछ देशों में तो जनसंख्या में कमी होती हुई दिखाई दे रही है। दूसरे, इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है और इन प्रौढ़ नागरिकों की देखभाल के लिए भी युवा नागरिकों की आवश्यकता है। अब कुछ देशों जैसे जापान, इजराईल, ताईवान आदि ने भारत सरकार से भारतीय नागरिकों के इन देशों में बसाने के बारे में विचार करने को कहा है। इजराईल सरकार ने लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग भारत सरकार से की है, जापान सरकार ने भी लगभग 2 लाख भारतीयों की मांग की है एवं ताईवान सरकार ने भी लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग की है।

दृष्टि कोण

## फटकार खाकर भी नहीं सुधरी देश की पुलिस

**नेताओं** के हाथों की कठपुतली बनी पुलिस प्रणाली देश के आम लोगों का विश्वास जीतने में पूरी तरह नाकाम रही है। पुलिस का आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्रों में होने के कारण सत्तारूढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है। ऐसे ही हालात पुलिस पर पक्षपात करने के जिम्मेदार हैं। अधीनस्थ से लेकर देश की शीर्ष अदालत ने कई बार पुलिस की कारगुजारियों को उजागर किया है। इसके बावजूद पुलिस के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश (यूपी) पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि यूपी पुलिस की ओर से दीवानी मामलों में दर्ज की गईं प्राथमिकियों पर गौर करने से पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। पुलिस के कुकृत्य सिर्फ मनमर्जी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पुलिस अपराधियों को पकडऩे के बजाय कई मामलों में खुद अपराधी बन बैठी है। पंजाब के चर्चित मोगा सेक्स स्कैंडल में मोहाली स्थित कोर्ट ने 4 पुलिस अधिकारियों को सजा सुनाई है। मोगा सेक्स स्कैंडल साल 2007 में सुर्खियों में आया। उस समय पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इस स्कैंडल में कई हाई प्रोफाइल राजनेता और सीनियर पुलिस अधिकारी शामिल थे। ये सब मिलकर अमीर लोगों को देह व्यापार में फंसाते थे। पुलिस की कारगुजारियों का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत्युदंड के मामले में भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में निचली अदालत से मौत की सजा प्राप्त एक युवक को बरी करते हुए पुलिस प्रक्रिया पर तीखी टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सभी फोरेंसिक और गवाहों की रिपोर्टों की बारीकी से समीक्षा की और पाया कि आरोपी के खिलाफ कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। इस तरह एक निर्दोष व्यक्ति ने 10 साल फांसी की सजा के साए में जेल में बिताए, जबकि पुलिस और न्यायिक व्यवस्था की नाकामी साफ नजर आई। सुप्रीम कोर्ट पुलिस और सत्तारूढ़ दलों के नापाक गठजोड़ को कई बार उजागर कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे एनवी रमना ने एक मामले में कहा था कि देखा जा रहा है कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर करते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्रवाई करते हैं। देश में इस तरह का जो ट्रेंड दिख रहा है वह काफी परेशान करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा था कि इसके लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह कानून के शासन पर टिकी रहे। वह सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करे। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। पाल के खिलाफ पुलिस ने सत्तारूढ़ दल के इशारे पर आय से अधिक सम्पत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कोलकाता चिकित्सक के बलात्कार-हत्याकांड की सुनवाई के दौरान कहा था कि कोलकाता पुलिस ने इस मामले को जिस तरह से संभाला, वह कुछ ऐसा है जो उन्होंने अपने जीवन के 30 वर्षों में नहीं देखा। शीर्ष अदालत ने अप्राकृतिक मौत के मामले के पंजीकरण में देरी की आलोचना की। पुलिस की मौजूदा कार्यप्रणाली को लेकर देश में कई सुधार करने के प्रयास हुए हैं, किन्तु सत्तारूढ़ दलों के नेताओं ने ऐसे प्रयासों को नाकाम करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। स्वतंत्रता के बाद से ही, इस व्यवस्था में सुधार की मांग उठती रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार, अकुशलता और जनता में अविश्वास का कारण बनी हुई है। पुलिस सुधारों के लिए कई आयोगों और समितियों का गठन किया गया। राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और वर्ष 1971 में बनी गोर समिति की रिपोर्ट की सिफारिशें धूल खा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह मामले में पुलिस सुधारों पर कई निर्देश दिए, जिनमें यह भी शामिल था कि राज्य पुलिस प्रमुखों का दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल होगा। निर्देशों में राज्य सुरक्षा आयोगों की स्थापना, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निश्चित कार्यकाल और कानून एवं व्यवस्था से जांच को अलग करना शामिल था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की भी राज्यों ने पालना नहीं की।

कुछ अलग

## सबसे बड़ा जादूगर...

**ऐसा** माना जाता है कि ईश्वर इस धरती के कण-कण में वास करते हैं। लेकिन हम भारतवासी बहुत भाग्यशाली हैं कि ईश्वर के साथ-साथ हमारे देश के कण-कण में नेता भी वास करते हैं। ईश्वर साक्षात दिखता नहीं है। लेकिन नेता साक्षात दिखता है। हर योजना में दिखता है, हर घोटाले में दिखता है, हर लफड़े में दिखता है, हर फाइल में दिखता है, हर हस्ताक्षर में दिखता है, हर सौदे में दिखता है, हर डील में दिखता है, कपड़ों में दिखता है, कपड़ों से बाहर दिखता है, नेत्रियों के साथ दिखता है, अभिनेत्रियों के साथ दिखता है, दंगों में दिखता है, शांति रैलियों में दिखता है, बाढ़ में दिखता है, सूखे में दिखता है। कहां-कहां नहीं दिखता नेता? दिन में दिखता है, रात में दिखता है। और तो और, सपने में भी दिखता है! यह देश नेतामय है। नेता के बिना किसी की गति नहीं है। नेता है तो अपराधी हैं। नेता है तो फरियादी हैं। फरियादी और अपराधी भी हर भेस में हैं। नेता जी भी हर भेस में हैं। जनसेवक में भी नेताजी की झलक मिलती है, डाकू में भी नेता जी के दर्शन हो जाते हैं, अभिनेताओं और मदारियों में भी नेता मिल जाते हैं, अफसरों में भी नेता समाये रहते हैं। रसिकों की लाइन में भी नेता दिख जाते हैं। नेता लोग कहां-कहां नहीं हैं? हमाम में घुसो तो वहां नेता। हवालात में जाओ तो वहां नेता। डांस बार में जाओ तो वहां नेता। दारू की भट्ठी तक जाओ तो वहां भी नेता। दफ्तर में घुसो तो वहां नेता। ठेके में घुसो तो वहां नेता। अंदर नेता। बाहर नेता। खुले में नेता, बंद कमरे में नेता। हर भेस में नेता। जहां-जहां स्कोप है, वहां-वहां नेता। इस मुल्क में आखिर कहां-कहां नहीं हैं नेता। शास्त्रों में कहा गया है- 'न जाने केहि भेस में परमात्मा मिलि जाय।' खाकसार कहता है, 'न जाने केहि भेस में कोई नेता मिलि जाय!' किसी शायर ने कहा है, 'हर आदमी में होते हैं दस-बीस आदमी, जिसको भी देखना, बार-बार देखना।' इसी शेयर की तर्ज पर यह कहा जा सकता है- 'हर भेस में होते हैं दस-बीस नेता, जिसको भी देखना, बार-बार देखना।' नेता फरियादियों के बीच भी हैं और अपराधियों के बीच भी। अपराधी अपनी फरियाद लेकर नेता के पास जाता है और नेता अपनी फरियाद लेकर हाईकमान के पास जाता है। हाईकमान नेता को हडक़ाता है और नेता सबको हडक़ाता है। पुलिस को भी, ब्यूरोक्रेसी को भी और पब्लिक को भी। नेता किस किस को नहीं हडक़ाता? पुलिस पैसे खाती है, नेता भी पैसे खाता है। लेकिन पुलिस चारा नहीं खाती, नेता चारा भी खा जाता है। नेता बहुरूपिया है। वह योगी भी है और भोगी भी। सफेद कपड़ों में भी मिल सकता है और काले कपड़ों में भी। माला फेरते भी मिल सकता है और दाना डालते भी। वह लुटेरे के भेस में भी मिल सकता है और भिखारी के भेस में भी। वह डुगडुगी बजाता भी मिल सकता है और बैंड बजाता भी। नेता के भेस अनंत हैं। कारनामे भी अनंत हैं। महिमा भी अनंत है। नेता रुपए को डॉलर में तब्दील कर सकता है और वोट को दारू की बोतल में। नेता बहुत बड़ा जादूगर है। वह पलक झपकते ही नोटों से भरे ब्रीफकेस गायब कर देता है। योजनाओं और परियोजनाओं का पैसा गायब कर देता है। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट गायब कर देता है। नेता को कोई नहीं समझ सकता। उसकी वास्तविक पत्नी भी नहीं। नेता सबसे बड़ा जादूगर होता है। नेता कभी हाथ जोडऩे की मुद्रा में होता है तो कभी विरोधी की टांग तोडऩे की। नेता की अनेक मुद्राएं हैं, अनेक रूप हैं, अनेक चेहरे हैं, अनेक करैक्टर हैं। इसलिए साधो! जिससे भी मिलो झुक-झुक कर मिलो।

देश दुनीया से

## विलुप्त प्रजातियों के पुनर्जीवन से जुड़े नैतिक पहलू

**यह** तिकड़ी जैव-विज्ञान में आश्चर्यजनक वैज्ञानिक उपलब्धि है : 12,000 वर्ष पहले पृथ्वी पर विचरने वाले पुरातन भेड़ियों की पहली नकल। इनके 'सृजन' से हैरानी, उत्साह और, सही तौर पर, नैतिक बहस छिड़ गई है। ऐसा करके क्या हम इतिहास की गलतियां सुधार रहे हैं या फिर कल्पनात्मक संतुष्टि के लिए प्रकृति की पटकथा फिर से लिख रहे हैं? रोमुलस, रेमस और खलीसी आनुवंशिक बदलाव के जरिए विलुप्त हो चुके जीवों को फिर जिंदा करने के व्यापक अभियान का एक नवीनतम अध्याय भर हैं। कुछ साल पहले, एलिज़ाबेथ एन -जो कि ब्लैक-फुटेड फेरेट का एक क्लोन था – उसके जन्म ने यह कर दिखाया कि बहुत पहले मर चुके जानवरों के डीएनए का उपयोग करके, उनकी व्यवहार्य संतानें बनाई जा सकती हैं। अब, वूली मैमथ, डोडो और थायलासीन (तस्मानियाई बाघ) को फिर से जीवित करने के प्रयास चल रहे हैं–यह सभी प्रयोग कोलोसल बायोसाइंसेज जैसी फर्में कर रही हैं, जो खुद को 'डी-एक्सटिंक्शन टेक्नोलॉजी' के अग्रदूत के रूप में पेश करती हैं। इस किस्म के विकास हमारी कल्पना को लुभा रहे हैं। एक वूली मैमथ (लंबे बालों वाला विशालकाय हाथी) को टुंड्रा अंचल में फिर से चिंघाड़ते कौन नहीं देखना चाहेगा या जंगल में भयानक भेड़िये की गूंजती चीख सुनना? लेकिन जैसे-जैसे परिकल्पना और यथार्थ के बीच लकीर मिट रही है, वैसे-वैसे हमारी आत्मसंतुष्टि भी खत्म हो रही है। सवाल है, क्या विलुप्त जानवरों को वापस लाना चाहिए? 'डी-एक्सटिंक्शन' समर्थकों का तर्क है कि यह दोहरा नैतिक उद्देश्य पूरा करता है : सुधार और बहाली। थायलासीन और पैसेंजर कबूतर जैसी कई प्रजातियां मानवीय करतूतों- शिकार, वनों की कटाई, प्रदूषण के कारण विलुप्त हो गईं। उन्हें पुनर्जीवित करना, सदियों की पारिस्थितिकी क्षति की नैतिक भरपाई का एक तरीका है। पारिस्थितिकीय पहलू भी है। पुनर्जीवित प्रजातियां बिगड़ चुके पारिस्थितिकीय तंत्र में गायब हो चुके कई कार्यों को बहाल करने में मदद कर सकती हैं। मसलन, एक फिर से जिंदा हुआ वूली मैमथ आर्कटिक में घास मैदानों की सततता बनाए रखने और पर्माफ्रॉस्ट पिघलने की दर कम करने में सहायक हो सकता है। इसी प्रकार, सैद्धांतिक रूप से, पुरातन भेड़िये की नकलें, उन परिदृश्यों में शिकारी-शिकार अनुपात संतुलित कर सकते हैं, जहां ऐसी भूमिकाएं अब नदारद हैं। नेक इरादे हमेशा अच्छे परिणाम नहीं देते – और जैव-इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, अच्छे इरादे वाले प्रयोग भी नैतिक अस्पष्टता में फंस सकते हैं। रोमुलस, रेमस और खलीसी भयानक भेड़ियों जैसे दिखाई दे सकते हैं। लेकिन क्या वे असल में हैं? ये विलुप्त प्रजाति के नैसर्गिक जन्मे वंशज न होकर जैनेटिकली संकरित हैं – अपने मूल रूप में न होकर अपने विलुप्त पूर्वजों के रूप की नकल। कोलोसल बायोसाइंस इसको 'व्यावहारिक प्रति-विलुप्ति' बता रही है, जबकि कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि लाखों वर्षों के विकासक्रम की जगह महज 20 जीनों के मेल से बना जीव नहीं ले सकता। प्रश्न उठता है : क्या इन प्राणियों की प्रवृत्ति अपने पूर्वजों वाली होगी या फिर ये महत्वाकांक्षा और पुरानी यादों के अहसास कराने को पैदा किए जैविक शोपीस हैं? क्या ये व्यवहार के बेमेलपन, अप्रत्याशित स्वास्थ्य जोखिम या पारिस्थितिक विसंगतियों का सामना कर पाएंगे? कोलोसल बायोसाइंसेज अपना काम उत्साह से आगे बढ़ा रही है। सवाल उठता है क्या यह विज्ञान है, पर्यावरणीय न्याय है, या फिर जुरासिक पार्क सरीखा एक मनोरंजन? इसको लेकर व्यावहारिक चिंताएं कायम हैं। मसलन इस अंतराल में जीवों के आवास स्थल बदल चुके हैं। पारिस्थितिकी तंत्र बदल चुका। जहां कभी मैमथ विचरते थे, वह आज जैसा आर्कटिक नहीं था। वह घास के मैदान, जहां कभी खूंखार भेड़िया शिकार करता था, वहां अब शहर हैं। हम पुनर्जीवित प्रजातियों को रखेंगे कहां? और क्या होगा जब उनका सामना मौजूदा पारिस्थितिकीय तंत्र, प्रजातियों या मानवीय गतिविधियों से होगा? कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है, ये जानवर कभी भी जंगल लायक नहीं हो सकते। कुछ को डर है इनका पुनर्जीवन नाजुक बन चुके पारिस्थितिकी तंत्र को और अस्थिर कर सकता है या जो प्रजातियां गंभीर संकटग्रस्त हैं, उनके बचे-खुचे संसाधनों को ये नए जीव छीन सकते हैं। प्रति-विलुप्ति में आत्म संतुष्टि को और प्रोत्साहित करने का जोखिम है। मसलन यदि विलुप्ति को उलटा जा सकता है, तो फिर विलुप्ति होने की रोकथाम क्यों करें? जब हमारे पास क्षमता है कि उन्हें बाद में प्रयोगशाला में कभी भी पुनर्जीवित कर लेंगे, तो गैंडा या गंभीर रूप से संकटग्रस्त ऑरेंगुटेन को बचाने की कोशिशें क्यों करें? यह भ्रमजाल समाज को पारिस्थितिकी के प्रति और लापरवाह बना सकता है। प्रजातियों को वापस लाने की क्षमता, मानवता द्वारा अब तक इस्तेमाल की गई सबसे गहन – एवं खतरनाक भी – शक्तियों में से एक है। हालांकि प्रति-विलुप्ति अपने-आप में अनैतिक नहीं है। यह जैव विविधता, बहाली और वैज्ञानिक खोज में एक शक्तिशाली औजार हो सकती है। लेकिन इसे अत्यधिक सावधानी, पारिस्थितिक दूरदर्शिता और प्रकृति के प्रति विनम्रता की गहन भावना के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



आप का नजरीया

## कैसे प्रासंगिक बनेगी कांग्रेस

**कांग्रेस** का गुजरात अधिवेशन सम्पन्न हो गया। गुजरात में जनवरी, 1961 के बाद, यानी 64 लंबे सालों के बाद कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ है। चूंकि महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष होने की 100वीं सालगिरह है और सरदार पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष है, लिहाजा विरासत की जमीन पर दोबारा खड़े होने और उसके आधार पर राजनीति करना तय किया गया। सवाल है कि आज ही गांधी-पटेल सरीखे महानायकों के गढ़ की याद क्यों आई, जबकि लोकतंत्र, समाजवाद, समावेशिता, धर्मनिरपेक्षता आदि कांग्रेस के परंपरागत वैचारिक मूल्य आज धुंधले हैं। उनके जुमले ही सुनाई देते हैं। गुजरात 1995 से भाजपा का राजनीतिक गढ़ है। भाजपा लगातार 7 चुनाव जीत चुकी है। मौजूदा सदन में कांग्रेस के मात्र 12 विधायक हैं और गुजरात में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति को ध्वस्त करने की हुंकार कांग्रेस ने भरी है। कांग्रेस के सामने प्रासंगिक और स्वीकार्य होने की बेहद गंभीर चुनौती है। अधिवेशन के उपसंहार में विचारधारा और राष्ट्रवाद पर डटे रहने का आह्वान निहित है, लेकिन पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दलितों, मुसलमानों के अलावा ओबीसी को भी कांग्रेस के साथ जोडऩे की बात कही है। ब्राह्मण लगभग भाजपा के पाले में जा चुके हैं। दरअसल 1990 में मंडल आयोग की रपट पारित करने के बाद ओबीसी कांग्रेस का समर्थक-वर्ग रहा ही नहीं। पिछड़े और अति पिछड़े स्थानीय और क्षेत्रीय दलों के बीच बंट गए अथवा प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र-बिंदु बनने के बाद ओबीसी भाजपा की ओर धुरवीकृत हो गए। कांग्रेस ओबीसी के बीच अपना जनाधार कैसे बनाएगी, अधिवेशन के बावजूद यह स्पष्ट नहीं हुआ। इंदिरा गांधी के दौर में जब कांग्रेस सत्तारूढ़ होती थी, तब भी दलित, मुसलमान, सवर्ण, आदिवासी कांग्रेस के जनाधार होते थे, लेकिन पिछड़े कम ही कांग्रेस के साथ थे। अब कांग्रेस का नए सिरे से पुनरोत्थान कैसे होगा और वह पहले की तरह स्वीकृत और स्थापित पार्टी कैसे बनेगी, इस पर दावे तो खूब किए गए हैं, नेताओं-कार्यकर्ताओं का जोशीला आह्वान भी किया गया है, लेकिन पार्टी के जिला अध्यक्षों को ताकतवर बनाने से ही यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। राष्ट्रवाद आरएसएस-भाजपा का स्वीकार्य विचार है। महात्मा गांधी का राष्ट्रवाद बिल्कुल ही अलग है। कमोबेश कांग्रेस ने गांधी के राष्ट्रवाद को नहीं अपनाया है। कांग्रेस का राष्ट्रवाद क्या जातीय जनगणना से ही तय होगा? जातीय जनगणना और संविधान का फर्जी नेरेटिव कांग्रेस, सपा और विपक्ष के एक तबके ने लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचारित किया था। खासकर दलितों में भ्रम फैलाया गया कि यदि भाजपा-एनडीए को 400 सीटें मिल गईं, तो सरकार संविधान को बदल सकती है। यदि संविधान के कुछ विशेष प्रावधान खत्म किए गए, तो आरक्षण भी समाप्त हो सकता है। केंद्र में भाजपा-एनडीए की सरकार है और संविधान-आरक्षण के साथ ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है, लिहाजा जो दलित कांग्रेस की ओर गए थे, अब लौट कर अपना नया नेतृत्व तलाश रहे हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

## गैरेज में खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों ने किया चोरी, प्राथमिकी दर्ज को थाना में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना अंतर्गत बरियातु गांव निवासी पवन विश्वकर्मा के घर के समीप गेराज में खड़ा ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों ने बीते शनिवार की देर रात चोरी कर लीया गया है। इसकी जानकारी पवन विश्वकर्मा को तब हुई जब वे रात के दो बजे गेराज में काम करने के लिए पहुंचा। गेराज में खड़ा ट्रैक्टर में वेल्डिंग का सेटअप था। वेल्डिंग सेटअप चालू करने गया तो ट्रैक्टर नहीं देखा। और ट्रैक्टर को खोज बिन करने के साथ साथ पीतीज में सीसीटीवी कैमरा में ट्रैक्टर ले जाते दिखाई दिया। साथ ही ट्रैक्टर का वेल्डिंग सेटअप जमुआ जंगल में छोड़ ट्रैक्टर ले फरार हो गया। जिसे ले अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन मे लिखा गया है। कि बारियातु गांव निवासी भेखो यादव का पुत्र मनोज कुमार यादव चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल से दिनांक 31/01/2022 को नीलामी से महेंद्रा ट्रैक्टर लिया था।

# उपायुक्त ने किया बिरहोर कॉलोनी का दौरा


## आदिम जनजाति परिवारों को मिल रही सरकारी लाभ का लिया जायजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा उपायुक्त रमेश घोलप रविवार को जिले के सभी अधिकारियों के साथ प्रखंड के कोरी बिरहोर टोला पहुंचे। इस दौरान जेएसएलपीएस की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। मौके पर बिरहोर कॉलोनी के सभी परिवारों के साथ बैठ उनको मिलने वाली सभी सरकारी सुविधाओं का बारी-बारी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी परिवारों के बीच शैक्षणिक स्थिति पर विशेष चर्चा किया। उन्होंने बच्चों से लेकर बड़ों तक के शिक्षा स्तर को जाना। इस दौरान कई युवक युवती उच्च शिक्षा रत मिले। जिन्हें उन्होंने प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। वही विकलांग, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी का पेंशन सुचारू रूप से मिलता रहे। महिलाओं ने मईया सम्मान योजना की राशि उपलब्ध नहीं होने की शिकायत उपायुक्त से की जिस पर उन्होंने जल्द ही लाभ दिलवाने की बात कही। उपायुक्त ने वन अधिकार पट्टा से संबंधित चर्चा किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही शिविर लगाकर वन अधिकार पट्टा का वितरण किया जाएगा। रोजगार से संबंधित चर्चा की जिसमें मनरेगा के तहत बिरहोर परिवारों को रोजगार देने को लेकर जानकारी लिया। बिरहोरों ने बताया कि योजना कम रहने के कारण सभी को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पता है। वहीं उन्होंने आवास पर भी परिचर्चा किया उन्होंने कहा कि जिस परिवार को एक बार आवास मिल जाता है उसे दोबारा मिलना मुश्किल होता है इसलिए आवास को बेहतर ढंग से बनावे ताकि उन्हें लंबे समय तक उसमें निवास करने में कठिनाई ना हो। सभी लोगों का बैंक खाता का जानकारी लिया। बेरोजगार युवकों को रोजगार के प्रति प्रोत्साहित किया। किसानों को सिंचाई एवं पशुपालन से संबंधित सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही। बिरहोर परिवारों ने पानी की समस्या रखी इस पर वे खेती बाड़ी के लिए तालाब उपलब्ध करवाने एवं पेयजल के लिए सोमवार को ही डीप बोरिंग करने का निर्देश दिया। कई परिवारों ने पीला कार्ड नहीं रहने रहने की बात कही जिस पर उन्होंने जल्द ही परिवारों का पीला कार्ड उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। परिवारों ने पशुपालन से संबंधित मांग की जिस पर सूअर बकरी एवं गाय बैल उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि बिरहोर परिवारों से संबंधित जितने भी योजनाएं हैं शत प्रतिशत योजनाएं जल्द से जल्द धरातल पर लागू होनी चाहिए वह जल्द ही पुनः फिर गांव का दौरा कर जानकारी लेंगे । मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में 74 बिरहोर गांव है जिसमें करीब छ हजार पीवीजीटी परिवार निवास करते हैं । सभी परिवारों को सैचुरेशन मोड पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। तिन हजार से अधिक जाति और आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए हैं। सैकड़ो लोगों को पेंशन से जोड़ा गया है। 54 वन अधिकार पट्टा को स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त बच्चों को विद्यालय भेजने अन्य रोजगार संबंधित योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में चल रही योजनाओं की वास्तविकता की जानकारी लेने आज सिमरिया के कोरी ग्राम पहुंचे थे। साथ ही उन लोगों के साथ बैठकर अन्य सभी समस्याओं पर चर्चा किया और उसे जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने बच्चों एवं परिवारों के बीच चॉकलेट, बिस्किट और केक का वितरण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चिकित्सा प्रभारी, थाना प्रभारी, गाँव के बुद्धु बिरहोर, कोमल बिरहोर, टिकुली बिरहोर, गौतम बिरहोर, अशोक बिरहोर, नारायण बिरहोर, सुदिप कुमार गुप्ता, आशीष गंझू, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मुखिया किशोर यादव और पंचायत सचिव यदुनंदन राम पर गमन राशि जमा करने का आदेश जारी



कार्यालय ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ,प्रतापपुर

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के प्रतापपुर प्रखण्ड के टंडवा पंचायत के अंतर्गत शौचालय में राशि गमन को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाया था। उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखण्ड पदाधिकारी प्रतापपुर को कारवाई करने की आदेश दी गई थी। साथ हीं जांच करने का निर्देश दिया गया था। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर द्वारा उक्त मामले की गहनता से जांच किया गया। जहां जांच में सही पाते हुए प्रखण्ड के टंडवा पंचायत के मुखिया किशोर यादव और पंचायत सचिव यदुनंदन राम पर विभागीय चिट्ठी जारी कर गमन की गई राशि को प्रखंड नजारत में जमा करने का आदेश निर्गत 7 जनवरी 2025 को निकाली जा चुकी है। परंतु अब तक चार माह होने के बावजूद भी ना उक्त लोगों द्वारा गमन की राशि प्रखण्ड नजारत में जमा की गई और ना अभी तक कोई कारवाई की गई। सूत्रों के माने तो उक्त दोनों व्यक्ति जिला में सेटिंग गेटिंग कर मामले को रफ़ा दफा करने की बात सामने आ रही है। जबकि निर्गत पत्र को जिला पंचायत राज पदाधिकारी चतरा और उप विकास आयुक्त चतरा को प्रेषित की जा चुकी है। फिर भी कारवाई से अब तक दोनों गमन कारी वंचित हैं। यह एक बड़ी सवाल उत्पन्न हो रही है साथ हीं सेटिंग गेटिंग की बु नजर आ रही है।

## एनटीपीसी नार्थ करणपुर का चार दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड में चार दिनों तक चलने वाले ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार के रात्रि को एनटीपीसी के उड़ान खेल परिसर में फाइनल मैच भव्यता के साथ समपन हुआ। यह आयेजन एन टी पी सी के सामुदायिक विकास एवं नैगमिक सामाजिक दायित्व के अंतर्गत, परियोजन प्रभावित गांव के युवाओं में खेल भावना को बढ़ाने एवं युवाओं के सर्वांगिक विकास के लिए किया गया। चार दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें की टंडवा, राहम, कामत, गाडीलोंग, नईपारम,दुंदुवा तथा सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी की टीमें शामिल थे। फाइनल मैच टीम राहम एवं सीआईएसएफ के बीच खेला गया। पहले बल्लेवाजी करते हुए राहम ने 15 ओवर में कुल 128 रन बनाए , जबाब में सी आईएसएफ के टीम 15 ओवर में 10 विकेट खोकर कुल 57 रन पर सिमट गई। इस तरह यह प्रतियोगिता राहम टीम ने अपने नाम कर ली। विजेता टीम राहम को विनर ट्रॉफी एवं दस हजार रुपये का नगद इनाम दिया गया , साथ ही उप विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पांच हजार रुपये का नगद इनाम दिया गया। इसके साथ ही बेहतर बल्लेवाजी, गेंदवाजी, मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज आदि का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर GM(O&M), विशेष अतिथि के रूप में GM(फ्यूल मैनेजमेंट) , विशिष्ट अतिथि के रूप में AC-CISF, एवं सभी मुखिया इत्यादि लोगो ने शिरकत की। पूरे कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रतियोगिता का आनंद लिया।

**गांवों में चलाया गया महिला जागरूकता अभियान**

# असामाजिक तत्वों से दूर रहने की दी गई जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निर्देश पर पीएलवी (अधिकार मित्र) बिहारी कुमार ने हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांव में महिला जागरूकता अभियान रविवार को चलाया गया। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के जानकारी बताए गए तथा उन्हें असामाजिक तत्वों से दूर रहने की जानकारी दी गई। हंटरगंज प्रखण्ड के पंचायत करमा के सिलदाह सहित आदि गांवो में ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया गया। पीएलवी बिहारी कुमार ने कहा कि जब तक महिलाएं जागरूक नहीं होंगी तब तक उनका शोषण होता रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक महिला जागरूक हो। अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें, तथा असामाजिक तत्वों से बचने के लिए तत्पर रहे। जागरूकता अभियान में बाल विवाह, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीडन, आदि से कैसे बचना है आदि के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं को नालसा का टोल फ्री हेल्प नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दिया गया।

## हंटरगंज में वज्रपात से एक व्यक्ति हुई मौत

**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पंचायत तिलहेत के ग्राम कल्याण पुर निवासी उमेश सिंह 50 वर्षीय की मौत वज्रपात से हो गई।इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार तड़के भोर में महूआ चुनने घर से बाहर गए हुए थे।इसी बीच तेज आंधी तूफान बारिश होने लगी।खुद को आंधी तूफान और बारिश से बचाने के लिए एक पेड़ नीचे छुप गए।वहीं वज्रपात हो गया जिस से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।खबर मिलते ही स्थानीय थाना के पुलिस कर्मी और एंबुलेंस पहुंच गया।उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजी जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।उनका अंतिम संस्कार फल्गु नदी में किया जा रहा है।घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था।आकस्मिक निधन पर घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।मृत व्यक्ति अपने पीछे पत्नी के अलावे अमित और सुनीत दो पुत्र हैं।जिनका लालन पालन शिक्षा दीक्षा की जिम्मवारी एक महिला पर आ पड़ी है।परिजनों ने इस आकस्मिक निधन पर सरकार से मुआवजा और बेहतर जीवन यापन के लिए गुहार लगाया है।

## मुंडन के लिए जा रही कार अनियंत्रित हो खेत में पलटा, सभी सवार सुरक्षित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत बारीयातु गांव समीप एक कार अहले सुबह अनियंत्रित हो विपरीत दिशा में सड़क किनारे खेत में पलट गया। जिससे कार चालक, कार में सवार एक महिला, दो बच्चे एवं खस्सी बाल बाल बच गया। हालांकि एक बच्चा को चोट लगी है। कार चालक के साथ सवार लोग बिंड मुहल्ला का बताया गया। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि कार चतरा की ओर से रजरप्पा जा रहा था। इसी बीच बारियातु गांव समीप अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में पलट गया। इसकी सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही सहायक अवरनिरीक्षक विद्यानंद शर्मा उक्त स्थल पर पहुंच, कार को थाना लाया है।

## अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर तैयारी पूर्ण, आज निकलेगा शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बारीखाप जतराटांड़ में भारत के शिल्पकार संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की135वां जयंती मनाने को लेकर सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जयंती स्थल मे गेट टेंट की सजावट व कार्यक्रम में वक्ता मंच संचालक सहित अन्य कार्य को पूर्ण कर लिया गया है।अम्बेडकर जागरण मंच के अध्यक्ष कैलाश राम उपाध्यक्ष रीगन कुमार ने सभी कमिटी के सम्मानित महा सचिव विजय भुइयाँ, अरुण कुमार गणेश राम, सचिव श्रवण ठाकुर, पुरण राम, कुलदीप राम,अजय कुमार राम, कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, सकीन्दर राम, मुख्य संरक्षक रामनाथ सिंह भोक्ता, राजीव भगत, राजु रामवृक्ष लोहरा, भीम प्रजापति, बहादुर गंझु, संजय दास, मिडिया प्रभारी संजय राम, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा एंव कार्यकारिणी सदस्य उमेश लोहरा, दशरथ राम, सतेंद्र कुमार, विकास रंजन, बिहारी राम, बासुदेव राम, मनोज राम, संतोष कुमार रवि जितेंद्र राम, विशेषश्वर राम,रामशंकर रविदास, भोला राम, बिजुली भुइयाँ, बब्लू राम, अनिल राम, दिनेश भुइयाँ, राजदेव भुइयाँ सहित प्रखंड वासियों को 14 अप्रैल 10 बजे परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप शोभा यात्रा मे भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। वहीं लोगों से आग्रह करते हुए कहा की बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे नौ पंचायत है। यह कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय किया जा रहा है। सभी नौ पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों प्रगतिशील बुद्धिजीवियों को भी कार्यक्रम मे भाग लेने की अपील की है। ज्ञात हो की 14 अप्रैल को सरकारी गैर सरकारी संस्थानों मे भी अम्बेडकर जयंती मनाया जायेगा।

## सुनील साहू बने तेली साहू समाज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** तेली साहू समाज संघर्ष समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष झारखंड के सुनील साहू को बनाया गया है। श्री साहू को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर तेली समाज एवं अन्य लोगों में हर्ष है। लोगों ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देते हुए जिले के वरिष्ठ समाजसेवी राजू रंजन प्रसाद ने कहा कि श्री साहू ने समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठायी है। समाज के लोगों को उन्हें उनका अधिकार व हक दिलाने के लिए हमेशा संघर्षरत हैं। श्री साहू ने प्रदेश के किसी भी जिला में तेली समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ अगर अन्याय या अत्याचार हुआ हो तो उसके खिलाफ मुखर हो कर आवाज उठायी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।समाज के किसी व्यक्ति की हत्या हो जाने पर किसी भी सामाजिक संगठनों के द्वारा आवाज नहीं उठायी जाती है, लेकिन पूर्व के दिनो में श्री साह ने इन घटनाओं के खिलाफ न सिर्फ आवाज उठाया वरन धरना प्रदर्शन तक किया। लेकिन दिल्ली और मुंबई मे बैठे राष्?ट्रीय नेतृत्व पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता था।इसलिए तेली साहू समाज में सामाजिक चेतना और राजनीतिक जागरूकता लाने के लिए समाजसेवियों ने सुनील साहू को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में स्वीकार किया है। वरिष्ठ कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद च बलराम प्रसाद साहू ने कहा कि अब झारखंड समेत दूसरे राज्यों के भी समाज के पीड़ित परिवारों के पक्ष में तेली साहू समाज संघर्ष समिति अपनी आवाज बुलंद करेगा। बधाई देने वालों में शम्भु प्रसाद गुप्ता, पलामु जिला के अशोक प्रसाद साहू, चुनमुन साहू और गढ़वा जिला के प्रदीप कुमार गुप्ता समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

## लातेहार के सागर गुप्ता ने रक्तदान कर मरीज की बचाई जान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सेवा सदन पलामू में भर्ती गंभीर मरीज संजय कुमार को पॉजिटिव रक्त की जरूरत थी। जानकारी मिलते ही लातेहार के सागर गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस कार्य से मरीज की जान बची और समाज में मानवता का सकारात्मक संदेश गया।

## भूदान यज्ञ समिति जमीन का खुला फर्जी खाता जांच की मांग

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह अंचल में भूदान यज्ञ समिति बिहार सरकार की जमीन का खाता खुलना समझ के परे है हालांकि यह जांच का विषय है कि भूदान जमीन का नामांतरण किस आधार पर हुआ है।इस संबंध में रैयत हिमांशु गुप्ता पिता विनय गुप्ता ने अंचलाधिकारी बरवाडीह से आवेदन पत्र देकर जांच की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि खाता संख्या 74 प्लॉट संख्या 493 रकबा एक एकड़ जिसका नामांतरण मुकदमा 7/ 2019-20 के रजिस्टर टू में आनन्द कुमार पिता चंद्रशेखर निवासी बरवाडीह के नाम से कायम है। बताया कि प्लॉट संख्या 493 रकबा एक एकड़ का खाता संख्या 187 है जिसका खतियान भी है जबकि खाता संख्या 74 में उक्त प्लॉट का जिक्र नहीं है। बताया कि नामांतरण मुकदमा संख्या में खाता संख्या 74 , प्लॉट संख्या 819 और 820 रकबा 6~25 डेसिमल व 7 ~50 डेसिमल का पूर्व में आनन्द कुमार का केवाला द्वारा प्राप्त हुआ था इसमें भी प्लॉट संख्या 493 का जिक्र नहीं है। मामले पर हिमांशु गुप्ता ने अंचलाधिकारी से मांग किया है कि एलपीसी निर्गत नहीं किया जाए अगर एलपीसी निर्गत हो चुका है तो तत्काल प्रभाव से रोका जाए और मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जाए।उन्होंने अंचलाधिकारी से नियम संगत कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भूदान की जमीन को बचाया जा सके।

## महुआडांड़ में खजूर पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ स्थित बड़े चर्च में रविवार को खजूर पर्व के अवसर पर श्रद्धा और आस्था के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर दिलीप एक्का ने पवित्र मिस्सा पूजा का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि खजूर इतवार से हम प्रभु येसु के दुःखभोग, मरण और पुनरुत्थान के सप्ताह–%पवित्र सप्ताह%–में प्रवेश करते हैं।फादर एक्का ने कहा कि आज का दिन उस ऐतिहासिक जुलूस की याद दिलाता है, जो दो हजार वर्ष पूर्व येरूसालेम में निकाला गया था। खजूर की डालियों के साथ जुलूस में भाग लेना येसु को अपने जीवन में स्वागत करने का प्रतीक है। इस पवित्र सप्ताह के दौरान येसु हमें अपने जीवन, वचन और शिक्षाओं से जीवन की सच्ची स्वतंत्रता, शांति और प्रसन्नता की ओर प्रेरित करते हैं। मिस्सा पूजा से पूर्व खजूर की डालियों के साथ चर्च परिसर से शोभायात्रा निकाली गई, जो शहीद चौक, संत तेरेसा विद्यालय होते हुए पुनः चर्च परिसर लौटी और प्रार्थना सभा में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर चर्च के फादर सुरेश तिर्की, फादर समीर, फादर पतरस, हेड प्रचारक आनंद और सिस्टर स्वती उपस्थित रहे। गीत-संगीत का संचालन संत तेरेसा बालिका विद्यालय की हॉस्टल युवतियों एवं सिस्टरों द्वारा किया गया। महुआडांड़ के साथ-साथ गोठगांव, तुंदटोली, पकरीपाठ, चेतमा, साले, चोरोपाठ पारिष में भी शोभायात्रा निकाली गई और श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से सहभागिता की।

## महुआडांड़ में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न, महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड अंतर्गत महुआडांड़ में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर धार्मिक उत्साह देखने को मिला, वहीं संध्या समय हिंदू युवा वाहिनी के तत्वावधान में महावीर मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु - महिलाएं, पुरुष और बच्चे - शामिल हुए। पंडित मुरारी पाठक द्वारा मंत्रोच्चार और आरती के पाठ से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महाआरती के उपरांत भोग का वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हिंदू युवा वाहिनी के मुकेश जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में राहुल राज, बिट्टू राय, सौरभ, सोनू कुमार, प्रभात जायसवाल, नीतीश साहू, अंकित जायसवाल, मोहित कुमार और दीपक कुमार की अहम भूमिका रही। इस दौरान महुआडांड़ थाना की पुलिस टीम मुस्तैद रही और सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय योगदान दिया, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद का चुनाव सत्र 2025-27 के लिए झारखंड प्रांत के सभी जिलों में संपन्न हुआ। इस अध्यक्ष पद के चुनाव पर दो प्रत्याशी बसंत कुमार मित्तल और सुरेश चंद्र अग्रवाल उम्मीदवार है। इस निमित्त निर्माणाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर लोहरदगा में यहाँ के झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आजीवन सदस्य सह मतदाताओं ने भी अपना मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव में 89त्न मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग कर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कर्मठ एवं सशक्त अध्यक्ष के लिए अपनी भागीदारी निभाई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने बताया कि सभी जिलों पर मतदान पेटी आदि प्रांत से भेजी गई थी और बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराया गया। कुछ मतदाताओं के बाहर रहने के कारण उनका मत नहीं पड़ सका,मतगणना रांची में दिनांक 15/4/2025 को होगा। आज लोहरदगा के मतदान केंद्र पर जल पान आदि की व्यवस्था के साथ-साथ यहाँ आए सभी का स्वास्थ्य संबंधित वजन, बी.पी,शुगर हार्ट बीट आदि की भी जांच की गई, चुनाव पीठासीन पदाधिकारी शिवप्रसाद राजगढ़िया के द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# बरही चौक पर सांसद मनीष जायसवाल ने चौपाल लगाकर केंद्र सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बरही चौक पर भाजपा द्वारा आयोजित संध्या चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना था। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को इन योजनाओं के लाभ और प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने सांसद मनीष जायसवाल से सीधे संवाद किया और अपनी स्थानीय समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को उनके समक्ष रखा। लोगो ने पंचमाधव में डीवीसी से विस्थापन का मामला, बरही में पेयजल की समस्या, केवाल डैम से छोटकी केवाल गांव में कृषि के लिए जल उपलब्ध कराने की मांग, बेंदगी पंचायत में रास्ता का कालीकरण की मांग, गौरियाकरमा आईसीएआर से ओबीसी और सामान्य वर्ग की निःशुल्क बीज देने की मांग, बेंदगी के कुंडिलवा डैम से कृषि के लिए संसाधन उपलब्ध कराने की मांग, रसोइयाधमना से जरहिया डैम से नहर परियोजना से कृषि सिंचाई के लिए पानी मिलना बंद हो गया, इसलिए सोलर और डिप बोरिंग के माध्यम से सिंचाई के पानी उपलब्ध





कराने की मांग, धमना बाईपास समीप सड़क पर गढ़े को भरने की मांग, तिलैया डैम पेयजल से वंचित पंचायत संसाधन उपलब्ध कराने की मांग, बरही में ट्रैफिक व्यवस्था की मांग, पटना रोड में नाला का जीर्णोद्धार की मांग की। मौके सांसद जायसवाल ने सभी के सवालों का धैर्यपूर्वक जवाब दिया और उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, जिनमें विकास कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और आर्थिक प्रगति प्रमुख थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य हर वर्ग के लोगों का विकास सुनिश्चित करना है और इसी दिशा में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं । कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी व संचाल भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता और आम लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत किया और चौपाल कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आम लोगों को सरकार की नीतियों और योजनाओं को समझने में मदद मिलती है। सांसद मनीष जायसवाल ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर विशेष रूप से बरही पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशून यादव, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, संजीव कतरियार, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह, नवल किशोर सिंह, उपाध्यक्ष संतोष निषाद, नागेश्वर रजक, मुखिया छोटन ठाकुर, प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, खिरोधर यादव, मोती सिंह, रितेश गुप्ता, नागेश्वर ठाकुर, दुबे जी, रमन साहू, अवधेश सिंह, प्रकाश ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, प्रो. हीरामन साहू, गोपाल राणा, जयंत केसरी, ज्योतिष यादव, सुबोध केसरी, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अंबा सखी मंडल का किया गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर बरवाडीह समाधान भवन में महिलाओं संग बैठक की। बैठक में सर्व समिति से अंबा सखी का गठन किया गया। जिसमें महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं उनके सशक्तिकरण के लिए विचार विमर्श किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपनी अपनी ओर से महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कई सुझाव दिए व रास्ते सुझाए। मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण महिलाएं अपने को लचार व बेवस समझती है। पैसे के अभाव के मजबूरी में कई काम नहीं कर पाती हैं। महिलाओं की स्थिति को



समझते हुए यह कार्य किया जा रहा है, ताकि महिलाओं को भविष्य में किसी दूसरे के पास हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़े। इन्हें रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात सिलाई, कढ़ाई, पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती पैकिंग के अलावा अन्य कार्यो की ट्रेनिंग देकर इन्हें सशक्त बनाया जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, अरविंद कुमार, अमित गुप्ता, सुनीता देवी, रूबी कुमारी, पूजा कुमारी, फिरोजा बेगम ,संगीता वर्मा, आशा वर्मा, सुनीता देवी, शांति देवी, सविता देवी, गायत्री देवी, पूनम देवी, सुमन देवी, अनीता देवी, फूल कुमारी, पुष्पा देवी, जयंती कुमारी, कलावती देवी, सावित्री देवी, इतवारिया देवी, कुमकुम देवी, ममता देवी, सुमंती देवी, प्रभावती देवी, चिंता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खैरा के महेश राणा हुए गंभीर रोग से ग्रसित, इलाज के लिए लगाया मदद की गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के खैरा पंचायत के स्थानीय निवासी महेश राणा पिता स्व. तेजो राणा उम्र लगभग 48 वर्ष की हालत बहुत ही गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि महेश राणा एक गरीब परिवार से है और अपने परिवार का भरन पोषण मजदूरी करके करते थे। इन्हें पैर में मामूली सा जख्म हुआ था और इन्फेक्शन के कारण धीरे धीरे बढ़ते जा रहा है। इन्हें इलाज की सख्त जरूरत है और इनके पास आय श्रोत बिल्कुल भी नहीं है मरीज स्वयं घर का इकलौता कमाऊ थे । इनके छोटे छोटे बच्चे और एक पत्नी है तथा इनके एक बेटा भी बीमार है जो अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हैं। पीड़ित परिजनों में मरीज की पत्नी



मंजू देवी ने अपने पति के बेहतर इलाज को लेकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव,कोडरमा लोक सभा सांसद अन्नपूर्णा देवी को दैनिक अखबार के माध्यम से गुहार लगाई है । वही खैरा पंचायत और टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत के सभी समाज सेवीयो,ग्रामीणों ,जन प्रतिनिधियो से आर्थिक सहयोग राशि के लिए फोन पे नंबर 9508038391 साझा कर यथाशक्ति सहयोग करने का अपील किया है। बता दे कि स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी,समाज सेवी अरविंद केशरी, खैरा मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा ,उमेश प्रसाद,रवि वर्मा, पसंस विनय कुमार आशीष कुमार के पहल पर बेहतर इलाज के इलाज स्वयं आर्थिक सहयोग राशि देकर एंबुलेंस बुलाकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज (सदर अस्पताल) हजारीबाग भेज दिया गया।

## महायज्ञ में कथावचन के लिए बाल विदुषी सुश्री अंजना किशोरी को महायज्ञ समिति ने किया आमंत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में 29 अप्रैल से 7 मई तक श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ महासमिति के सदस्यों के द्वारा महायज्ञ में भागवत कथा के लिए कथा वाचिका बाल विदुषी सुश्री अंजना किशोरी को बेरमो पहुंच कर आमंत्रित किया गया। 30 अप्रैल से 6 मई तक रात्रि में बाल विदुषी सुश्री अंजना किशोरी के द्वारा देवी भागवत कथा प्रस्तुत किया जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुशवाहा, उपाध्यक्ष रवि दांगी, उपसचिव जयप्रकश राम, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, शत्रुघ्न महतो, दामोदर कुशवाहा, प्यारेलाल पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## सांसद के द्वारा बड़कागांव व केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गांव में लहंगा का वितरण



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत रविवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव, केरेडारी व पतरातू प्रखंड के विभिन्न गांव में हज़ारीबाग लोकसभा प्रतिनिधि सतेंद्र नारायण सिंह के निर्देशन में बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में लहंगा वितरण किया गया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह, हेंठगढ़ा, बड़कागांव, केरेडारी प्रखंड के पाण्डेय पूरा, बरियातु, पत्राखुर्द, बेलतु, बेंगवरी, केरेडारी, हेवाई, एवम पतरातू प्रखंड के दर्जनों गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। जो आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। मौके पर विधानसभा विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साहू, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम ,बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, केरेडारी मण्डल सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, केरेडारी आजसू युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जागेशवर कुमार सह मीडिया प्रभारी, नकुल साव मौजूद थे।

## केवाल बिरहोर टोला में केवाईसी के लिए लगा शिविर





**बरही :** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग के दिशा निर्देश है कि राशनकार्ड धारियों को केवाईसी करना अनिवार्य है। इसी के आलोक में बीसीओ संजय यादव के देखरेख में बरही के केवाल बिरहोर टोला में बसे आदिम जनजातियों के बीच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम आदिम जनजाति परिवार को केवाईसी किया गया। संजय यादव ने बताया कि अब तक कुल 50 का केवाईसी कर लिया गया है। केवाईसी करने के दौरान आदिम जनजातियों के आधार कार्ड न होना, आधार कार्ड अपडेट ना होने जैसे कई समस्याएं उत्पन्न हुए। सरकार को चाहिए कि सर्वप्रथम ऐसे इलाकों में आधार कार्ड के लिए कैंप लगाया जाए, ताकि आधार कार्ड से जुड़ी समस्या हल हो सके।

## पत्नी की हत्या के मामला में पुलिस ने केस दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर निवासी 26 वर्षीय मुनिता कुमारी की हत्या के मामले में बड़कागांव पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतिका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मामले में बड़कागांव थाना कांड संख्या 85/25 धारा 85/103 (1) बीएनएस 3/4 भारतीय दहेज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मृतका के पति अजय कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया गया।

## बरही में महिला एवं बाल संरक्षक थाना भवन का उद्धाटन



### महिलाओं को कोई भी समस्याओं का समाधान निस्संकोच महिला थाना के माध्यम से त्वरित मिलेगा : पुलिस अधीक्षक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** महिला सशक्तिकरण और बाल उत्पीड़न रोकने को लेकर पुलिस महकमे ने बरही के गया रोड स्थित अंचल कार्यालय (इंस्पेक्टर बंग्ला) प्रांगण में महिला व बाल संरक्षण थाना को नये भवन में शुरू किया है। इसका उद्घाटन जिले के पुलिस कप्तान अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काट कर किया। मौके पर उपस्थित बच्चों को प्यार भरा अभिवादन किया। इस दौरान बरही महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप के द्वारा महिला पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस अधीक्षक महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पहले बरही थाना परिसर में ही समायोजित होकर महिला थाना संचालित हो रहा था, आज से अलग होकर बरही अंचल पुलिस निरीक्षक भवन परिसर में संचालित होगा। जिसमें महिला थाना प्रभारी से लेकर पूरे कर्मी महिला ही मौजूद रहेंगे। महिलाओं को सुविधा होगी, वे खुलकर अपनी बात यहां रख सकेगी।वहीं उन्होंने सोशल पुलिसिंग को समझाते हुए कहा की हम पुलिस वाले भी आप ही लोग के भाई भतीजा बेटा के रूप में आपके बीच आप सबों का सेवा कार्य करतें है, इसलिए आप पुलिस पर भरोसा रखें, पुलिस आपके साथ कभी भी गलत नहीं होने देगी और ना ही गलत करने वाले को बख्शेंगे। पुलिस अधीक्षक की बातों को सुनकर वहां उपस्थित महिला पुरुष काफी प्रभावित हुए। मौके पर बरही अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, सार्जेंट मेजर पु.नि.कुमार देवव्रत, सार्जेंट मेजर रुद्र प्रताप सिंह, पदमा थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार साव, नरेंद्र पांडे, बरही महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप एवं जिप सदस्या प्रति कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, सुषमा विश्वकर्मा,नीलम केशरी, नीतू केशरी, गुड़िया देवी,गीता देवी, गौरी देवी, जयंती केशरी, लक्ष्मी केशरी सहित दर्जनों महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई की बैठक संपन्न, विभिन्न विंदुओं पर हुई चर्चा

### चित्रगुप्त जी महाराज के अवतरण दिवस पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम : जिलाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही ।** एनएच डाक बंगला बरही में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उप समिति बरही के तत्वाधान में जिला इकाई की बैठक संपन्न हुई. जिला उपाध्यक्ष सह अनुमंडल प्रभारी शैलेंद्र सिन्हा की अगुवाई में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक बक्शी और संचालन महासचिव संजय कुमार सिन्हा ने किया. जिसमें जिला इकाई के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृजमोहन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार, विभूति सिन्हा एवं संजय कुमार, प्रमंडल समन्वयक अनूप कुमार सिन्हा, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा और समाज कल्याण प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रूपेश बिहारी लाला मौजूद रहे. बैठक में प्रखंड उप समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकारी सहित कई चित्रांश शामिल हुए. जिला कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि चित्रांशों के अराध्यदेव श्री चित्रगुप्त जी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर 5 मई को जिला कमीटी अपने समाज के सीनियर सिटीजन के लिए सम्मान और वृद्धाश्रम में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन करेगी. उन्होंने इस कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए अनुमंडल क्षेत्र से भी सीनियर सिटीजन की सूची उपलब्ध करवाने की बात कही. जिलाध्यक्ष ने प्रखंड कमिटी की प्रशंसा करते हुए समाज की महबूती और जिला इकाई की बैठक में सहभागिता निभाने की बात कही. महिला जिलाध्यक्ष ने प्रखंड में महिला प्रकोष्ठ सक्रिय बनाने की अपील किया. समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने मेडिकल कैंप, रक्त दान शिविर, रोजगार योजना आदि की जानकारी देते हुए विकसित करने की बात कही. प्रखंड कार्यकारिणी ने भी जिला कमिटी की निर्देशों पर विचार करते हुए समाज के उन्नति और विकास में हर संभव सहभागिता निभाने की बात कही. बैठक का समापन प्रखंड अध्यक्ष के आभार सह धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. बैठक में प्रखंड कमिटी के अजीत कटरियार, महेश श्रीवास्तव, पूर्णेंदु शेखर, रविंद्र सिन्हा, अमर प्रधान, अनूप प्रधान, श्याम सिन्हा, प्रवीण बख्शी, संदीप कुमार सिन्हा, जयदीप कुमार सिन्हा, निखिल कुमार आदि कई चित्रांश मौजूद थे.

## कोडरमा जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को मिली बड़ी सफलता

- उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने चलाया डिकॉय ऑपरेशन,
- कोडरमा जिला के गर्भवती महिलाओं का रजौली में होता था भ्रूण जांच, एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा ।** कोडरमा जिला में भ्रूण हत्या/जांच की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग कोडरमा पूरी तरह से कटिबद्ध है। भ्रूण हत्या/जांच की रोकथाम के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन कोडरमा के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चला कर इस कार्य में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई किया जाता रहा है। इसी कड़ी में भ्रूण हत्या/जांच मामले में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के टीम को बड़ी सफलता मिली है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को लगातार गुप्त सूचना प्राप्त हो रही थी कि कोडरमा जिले से सटे पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला के रजौली, सिरदला समेत अन्य स्थानों पर कोडरमा जिला के गर्भवती महिलाओं का भ्रूण जांच किया जाता है। गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में प्राप्त सूचना की जांच करायी गई। सूचना की पुष्टि होने के उपरांत उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया और भ्रूण जांच करते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया। डिकॉय ऑपरेशन के दौरान भ्रूण जांच कार्य में संलिप्त एजेंट से संपर्क साधा गया।



एजेंट के द्वारा गर्भवती महिला को सिरदला के अल्ट्रासाउंड (शिवम् अल्ट्रासाउंड ) सेंटर ले गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा उक्त गर्भवती महिला का लिंग जांच करते हुए रंगे साथ पकड़ा गया। अल्ट्रासाउंड के संचालक एवं एजेंट फरार होने में सफल रहे। साथ ही भ्रूण जांच कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सिरदला थाना को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंपा दिया गया। इस कार्य में रजौली/सिरदला जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का काफी सहयोग मिला। वहां के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के सहयोग से डिकॉय ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। डिकॉय ऑपरेशन के टीम सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी सह सहायक नोडल पीसी-पीएनडीटी डॉ मनोज, जिला डाटा प्रबंधक पवन कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## साहू समाज के लोगों की हत्या कर साहू समाज को डराने का प्रयास किया जा रहा है : अशोक साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग जिला के बड़ा बाजार ओपी थाना अंतर्गत खीरगांव के नमस्कार चौक में बीते दिन अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से खिरगांव निवासी प्रभात कुमार साहू पर हमला कर हत्या कर दी। वही बीते दिनों रांची के पंडरा बाजार में केरेडारी के बैंगवरी गांव के निवासी भुपल साहू की गला रेत कर हत्या कर दी। इन सभी घटनाओं से साहू समाज के लोगों में काफी आक्रोश बन गया है। सरकार के प्रति नफरत का माहौल बना हुआ

है इसका सीधा जवाब साहू समाज चुनाव में देने का काम करेंगे। उक्त बातें राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया और कहा कि समाज के लोगों की हत्या करके लोगों को डराने का प्रयास किया जा रहा है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं कानून का डर किसी को नहीं लग रहा है। समाज में भय का वातावरण बन गया है। सरकार नींद में सोई हुई है प्रशासन इसे सख्ती से रोके अन्यथा आने वाले समय में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन वृहद रूप में



आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएगी। हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। मांग करने वाले जिला अध्यक्ष कैलाश साव, युवा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार, जिला महासचिव दिनेश साव, पूर्व मुखिया तापेश्वर साव, मुखिया महेश साव, गणेश प्रसाद गुप्ता, धनु साव, पुर्व जिला परिषद प्रियंका कुमारी ,कोलेश्वर साव आदि शामिल हैं।

# अपराधियों सीसीएल सिरका कांटा घर में की गोलीबारी, दो राउंड गोली एवं एक हाईवा में लगाई आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ थाना अंतर्गत सीसीएल के अरगड्डा क्षेत्र अंतर्गत सिरका कंटाघर के सामने शनिवार की रात्रि करीब 11¬25 बजे के लगभग दो अपराधियों ने सिरका चेक पोस्ट से घुसे और हाथो में पेट्रोल का गिलेन लेकर कांटा घर के तरफ गए और एक हाईवा ट्रक में आग लगा दी और दो राउंड गोली हाईवा ट्रक में मारी। अपाराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए जो की सीसीटीवी कैमरे में कैद की गई है । जानकारी के अनुसार अपराधियों के द्वारा लगभग 11¬25 बजे सीसीएल के सिरका कांटा घर में हेलमेट लगाकर पैदल पहुंचे और एक खराब हाईवे ट्रक छ्ब्द्ध 24छ्ब 6878 जो बंद पड़ी खड़ी थी उसमें आग लगा दी और दो राउंड गोली गाड़ी में दाग दी उसके बाद वह दोनों अपराधी बंदूक लहराते हुए मेन रोड की ओर फरार हो गए पुलिस के द्वारा एक खोखा बरामद किया गया है । वही रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मौके पर पहुंचकर बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरका कांटा धर में एक खराब गाड़ी हाईवे ट्रक में अपराधियों ने आगजनी व दो राउंड गोली चलाई जिससे गाडी के आगे में गोली लगी है घटना को लेकर सीसीएल कर्मी, आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले भी साधु मोड में झाड़ी लगाकर ट्रक को रोक कर अपराधियों के द्वारा पैसा ट्रक ड्राइवर से लिया गया था ।







**सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है दो अपराधी**

सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि कैसे दो अपराधी हेलमेट लगाकर खदान की अंदर कांटा घर में पैदल पहुंचे और कोयला लोड खराब ट्रक पर आगजनी एवं दो राउंड गोली चलाकर वापस बंदूक लहराते हुए वापस मेंन रोड की ओर पैदल चले गए।

**राहुल दुबे गैंग ने ली जिम्मेदारी**

इस घटना की जिम्मेदारी राहुल दुबे गैंग ने ली है सोशल मीडिया पर मैसेज डाल कर राहुल दुबे गैंग ने जिम्मेदारी ली है।

## मारवाड़ी महिला समिति का समृद्धि सेल आज



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति का धर्मार्थ कार्यक्रम समृद्धि सेल का आयोजन श्री दिगंबर जैन भवन के सभागार में आज प्रातः 10¬00 बजे से किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत समिति द्वारा ?10 के दान कूपन के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर घरेलू उपयोगी सामान का वितरण किया जाएगा, श्रीमती जैन ने बताया समिति का यह कार्यक्रम समिति की विचारधारा बहुजन हिताय¬ बहुजन सुखाय¬ के सिद्धांत को प्रतिफलित करने वाला है। उन्होंने कहा कि हमारे सम्मेलन ने सदैव अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन सदैव पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से किया है तथा हमारी समिति आगे भी अपने लोक एवं जन कल्याण के कार्यो से समाज के वंचित तबके को अपना समावेशी सहयोग प्रदान करती रहेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति की बहनें अपना भरपूर सहयोग प्रदान कर रही है।

## अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ रजरप्पा के प्रतिनिधि ने सांसद चंद्रप्रकाश से किया मुलाक़ात



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा स्थित ऑफिसर क्लब मे होने वाले अखिल झारखण्ड श्रमिक संघ द्वारा 16 अप्रैल को आयोजित केंद्रीय समिति की बैठक को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाक़ात कर केंद्रीय समिति की बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया गया है इसके अलावे कार्यक्रम मे बड़कागाँव भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी,आजसू मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो, के अलावे केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## बिजली बहाल होने पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने कामगार विद्युतकर्मी व प्रबंधन का जताया आभार



**उरीमारी/भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल क्षेत्र के सौंदा डी, सेन्ट्रल सौंदा,सीसीएल सौंदा,दत्तो, अरगड्डा और गिद्दी में बिते छह दिनों से बिजली आपूर्ति ठप थी। जिससे स्थानीय लोगों को बिजली ना रहने से काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ा। साथ ही छह दिनों तक बच्चों कि पढ़ाई लिखाई भी बाधित रही। मामले कि गंभीरता को देखते हुए भुरकुंडा सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने मामले को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को फोन पर जानकारी दी थी। जिसपर सांसद मनीष जायसवाल ने पहल करते हुए वरिय पदाधिकारी को संपर्क किया था। जिसपर रविवार को संपुर्ण क्षेत्र में बिजली बहाल हो गई। वहीं इस भीषण गर्मी में दिन-रात एक कर काम करने वाले विद्युत कामगार मजदूर व प्रबंधन को भुरकुंडा सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल का भी आभार जताया है। वहीं सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में रात दिन एक करके काम करने वाले विद्युतकर्मी बिजली को दुरुस्त करने में लगे रहे। सभी कर्मीयों व प्रबंधन का बहुत बहुत आभार। वहीं सांसद मनीष जायसवाल ने प्रबंधन के साथ तालमेल बना कर क्षेत्र के पल पल कि खबर खुद लेते रहे। इसके लिए एक बार फिर से बहुत बहुत आभार व धन्यवाद।

## रंजन चौधरी को मीडिया के लिए हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि का मिला बड़ा दायित्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रंजन चौधरी एक ऐसा नाम है, जिससे हजारीबाग के जन-जन उनकी लेखनि के कायल हैं। खासतौर पर जब मनीष जायसवाल विधायक बने, तो रंजन चौधरी पर भरोसा जता उन्हें मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा। रंजन चौधरी उनके ही नहीं जन-जन के विश्वास पर दो सौ फीसदी करें उतरे। यही वजह है कि अब रंजन चौधरी को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद प्रतिनिधि बना उन्हें मीडिया का ही दायित्व सौंपा है। लेकिन इससे रंजन चौधरी का कद बढ़ा है और यह दास्तां यह भी बयां करती है कि सांसद बनने के बाद मनीष जायसवाल का भी भरोसा रंजन के प्रति कहीं अधिक बढ़ा है।



रंजन चौधरी को एक बाध्य फिर बड़ा मौका और मंच मिला है। निश्चित रूप से वह उस पर खरा उतरेंगे। इस बारे में रंजन चौधरी कहते हैं कि सहृदय आभार व धन्यवाद हमारे आदर्श जननेता सह हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय श्री मनीष जायसवाल जी...आप जैसे बेहद ही सुलझे हुए, प्रबंधकीय कला में निपुण और हर जन का सम्मान और सहयोग करने वाले इंसान ने मुझ जैसे एक झारखंडी मूलवासी को अपने काबिल समझते हुए पिछले 15 सालों से अपने सानिध्य में रखकर जो सम्मान दिया है, वह मेरे जीवन के लिए अमूल्य निधि से कम नहीं है। अपना आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव इसी प्रकार बनाए रखें। मैं बचन देता हूं पूरी लगन और तत्परता से पूर्व की भांति नई ऊर्जा और उमंग के साथ अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए आपके मापदंडों पर खरा और सच्चा उतरने का सदैव प्रयत्न करूंगा और जनहित में खुद को तपाता और खपाता रहूंगा। आने वाले समय में उम्मीद होगा कि हम मिलकर यूं ही क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा संग विजय की नई गाथा ज़रूर लिखेंगे। एक बार पुनः आपको धन्यवाद सांसद महोदय।

## झारखंड प्रान्तीय मारवाडी सम्मेलन का चुनाव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रविवार को झारखंड प्रासीव मारवाडी सम्मेलना का चुनाव शांतिपूर्वक और सुचारू रूप में संपन्न हुआ। कुल 206 मतदाताओं में 110 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव श्री मारवाड़ी धर्मशाला में प्रातः नौ बजे प्रारंभ हुआ।जिसमें प्रथम मत महाबीर-अग्रवाल ने दिया। चुनाव की रफ्तार काफ़ी बहुत धिमी थी फिर भी अन्त तक मिला कर लगभग 53त्न वोटिंग हुई जिसमे 5 महिलाओं ने भी अपना वोट दिया। एक मतदाता जाने सिढी चढ़ने में परेशानी थी उसे चुनाव अधिकारी के आदेश से निचे ला कर वोट डलवाया गया। पुनाष प्रक्रिया को बहुत ही सरल और संवैधानिक तरिके से पुरा किया गया। पहचान पत्र दिखलाने के बाद ही वोट



डालने दिया गया । 5 बजे सभी के सामने मतपेटी को सील किया गया तथा उस पर सभी के हस्ताक्षर लिए गया । मत पेटी रांची भेज दिया गया है। चुनाव सम्मपन करवाने में पीठासीन पदाधिकारी गोबिन्द मेवाड सह पीढामीन पदाधिकारी रमेश बौदिया सहयोगी किशोर जाजू अशांक अग्रवाल सुशिल गर्ग अजय अग्रवाल रामच्छन शर्मा, असुतोष बेरलिया धीरज बंसल लोकेश बगडिया राहुल अग्रवाल निलंद अग्रवाल साकेत चौधरी निखिल अग्रवाल नरेश अग्रवाल आयुष पटवारी आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में धूमधाम से बनाया गया वैसाखी का त्यौहार, सजा विशेष दीवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में धूमधाम से बैसाखी का त्यौहार मनाया गया। खालसा सृजना दिवस के उपलक्ष में रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी भी निकाली गई। प्रभात फेरी रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से निकलकर किला मंदिर चट्टी बाजार झंडा चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। पश्चात रामगढ़ गुजरात साहिब में निशान साहब की भी सेवा की गई। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में 11 अप्रैल को अखंड पाठ आरंभ की गई थी जिसे समाप्ति आज सुबह 7¬30 बजे गुरुद्वारा साहब में हुई। इसके बाद रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया। रामगढ़ गुरदास साहब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास किया। विशेष कीर्तन दीवान में जमशेदपुर से आए हजूरी रागी भाई हरमीत सिंह ने अपने सुरीली आवाज से संगत को निहाल किया।सो अमृत गुर ते पाया, मिल पियो भाई अमृत नाम निधान है, राजन के राजा महाराजन के राजा, मिल पियो भाई÷ जैसे शब्दों से निहाल किया। वही जमशेदपुर से अकाल ढाडी जत्था भी शामिल हुआ। पश्चात गुरुद्वारा साहिब में संगत के बीच अटूट लंगर बांटा गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में शाम का दीवान स्त्री सत्संग की ओर से सजाया जाएगा। सही में मुख्य रूप से मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी जगजीत सिंह सोनी, सचिव हरदीप सिंह होरा मीडिया इंचार्ज कर्मजीत सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा मनमोहन सिंह लांबा, जोगिंदर सिंह जग्गी रघुवीर सिंह छाबड़ा अरविंदर सिंह उर्फ बनी गांधी, जितेंद्र सिंह पवार, अमरजीत सिंह, परमजीत सिंह सैनी, अरविंदर सिंह सैनी, जगजीत सिंह, जसवंत सिंह, इंदरपाल सिंह, जगजीत सिंह एल आई सी वाले, जगजीत सिंह जग्गी गुरजीत सिंह, सतपाल सिंह, टोनी कोहली, पुष्पेंद्र पाल सिंह, तेजिंदर सिंह सोनी, गुरप्रीत सिंह चाना, हरमीत सिंह, जसमीत सोनी, आदि थे ।

## सांसद मनीष जायसवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संसदीय क्षेत्र भ्रमण के क्रम में रामगढ़ स्थित सैनी होटल पहुंच भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की मजबूती पर चर्चा की।सांसद मनीष जायसवाल के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं से उनका भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ जिले के उन समर्पित कार्यकर्ताओं को भाजपा की सक्रिय सदस्यता की रसीद प्रदान की, जिन्होंने संगठन से निष्ठा और कर्मशीलता के साथ जुड़ने का संकल्प लिया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा¬ भाजपा का विस्तार और सशक्तिकरण कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता और जनसेवा के प्रति समर्पण से ही संभव है।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर हम मिलकर संगठन को और मजबूत बनाएंगे।इस मौके पर विजय जायसवाल, राजीव जयसवाल, धनंजय कुमार पुटूस,सूर्यवंश श्रीवास्तव, नमेंद्र चंचल,सुशांत पांडे, बाबला कुमार,बृजेश पाठक,अनमोल सिंह,दिलीप सिंह,शीतल सिंह,अजय राम,अमर बोदरा,बिनोद राम,रणंजय कुमार,सत्यजीत सिंह, जगदीश शर्मा आदि।उक्त जानकारी सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने दी।

## निजी विद्यालयों फीस बढ़ोतरी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है : रवि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार ने कहा कि राज्य में निजी विद्यालयों की मनमानी अपने चरम पर है। उन्होंने झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि यदि निजी विद्यालय कॉपी, किताब, स्कूल बैग, यूनिफॉर्म और री-एडमिशन के नाम पर अवैध रूप से फीस वसूलते हैं, तो सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 में ही यह प्रावधान किया गया था, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब यदि कोई निजी विद्यालय मनमानी करता है, तो उन पर 50,000 रुपये से लेकर ढाई लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में कई विद्यालय सेशन फीस और एनुअल चार्ज के नाम पर छात्रों से दोबारा फीस वसूल रहे हैं, जबकि वे छात्र पहले ही प्रमोट हो चुके हैं। यह पूरी तरह से अनुचित है और सरकार के आदेशों का उल्लंघन है। अगर निजी विद्यालय जल्द इस पर सुधार नहीं करते हैं, तो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की रामगढ़ इकाई चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।रवि कुमार ने कहा कि शिक्षा अब सामान्य नागरिक की पहुंच से बाहर होती जा रही है। हर वर्ष स्कूल फीस में 10 से 12 प्रतिशत तक की वृद्धि हो रही है, जिससे शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। जहां आम लोग पहले से ही खाद्य सामग्री, आवास, यातायात और स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताओं की महंगाई से जूझ रहे हैं, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में महंगाई दो गुनी गति से बढ़ रही है।प्राथमिक से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा में खर्च में भारी बढ़ोत्तरी हो रही है।

# आशीष अग्रवाल बने मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान अध्यक्ष आशीष अग्रवाल को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय संयोजक (स्टेट कन्वेनर) सत्र 2025-27 के लिए बनाया गया है. उन्?हे स्वास्थ एवं कैंसर डिटेक्शन अवेयरनेस का प्रांतीय संयोजक नियुक्त किया गया है. प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने कार्यकारिणी समिति का विस्तार करते हुए कई लोगों को अहम जिम्मेदारी सौंपी है. मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ के सदस्यों ने बधाई देते हुए कहा कि इससे रामगढ़ का गौरव बढ़ा है. उन्होंने कहा कि आशीष रामगढ़ शाखा का गौरव राष्ट्र स्तर तक बढ़ाएंगे, यह उनकी कड़ी मेहनत एवं मंच के प्रति समर्पण एवं सक्रिय भूमिका का ही परिणाम है जिसे देखते



हुए प्रांतीय अध्यक्ष ने उन्हें प्रांतीय संयोजक जैसी अहम भूमिका के लिए चुना है। आशीष अग्रवाल ने कहा कि उन्हें प्रांतीय संयोजक के रूप में चुना जाने मे मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट का योगदान है. मंच ने उन्हें इस पद के लिए समर्पित होने के लिए प्रेरित किया. उन्?होंने कहा कि उनके लिए उन्?हें साबित करने का एक अच्?छा मौका है. वे मंच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत से कार्य करेंगे। प्रांतीय संयोजक के रूप में, आशीष अग्रवाल जी की जिम्मेदारी मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय स्तर के स्वास्थ एवं कैंसर संबंधी समाज सेवा के कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाना होगा।आशीष अग्रवाल जी को बधाई देने वाले में अमित अग्रवाल , राहुल अग्रवाल, धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, निलिंद अग्रवाल, आशीष मिमानी, अरुण बगड़िया, हनी अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, डॉ राहुल बरेलिया, आशुतोष बरेलिया, डॉ अभिषेक अग्रवाल, रौनक अग्रवाल आशीष जैन एवं अन्य का नाम शामिल है।

### बरकाकाना बाजार मुहल्ला में उत्पन्न हुई पेयजल समस्या

# इस समस्या पर नगर परिषद से वार्ता करेगा बुद्धिजीवी मंच : डॉ शाहनवाज खान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बरकाकाना बाजार मुहल्ला के महिलाओं ने पेयजल समस्या से अवगत कराने के लिए आज बुद्धिजीवी मंच और मीडिया को आमंत्रित किया। बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्यों ने अपना कर्तव्य निभाते हुए मुहल्ला पहुंच कर उनके समस्या को सुना। बुद्धिजीवी मंच के सचिव डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि पेयजल जैसे मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना सरकार और क्षेत्रीय प्रशासनिक व कल्याणकारी इकाई की जिम्मेवारी है। अतः रामगढ़ नगर परिषद का क्षेत्र होने की वजह से नगर परिषद का कर्तव्य बनता है। अतः नगर परिषद के पदाधिकारियों



से बुद्धिजीवी मंच का प्रतिनिधि मण्डल इस समस्या को लेकर वार्ता करेगा।बरकाकाना बाजार मुहल्ला (वार्ड संख्या 24) के लोगों ने कहा कि पेयजल व्यवस्था नहीं होने के कारण हम मुहल्ला के लोग दूर दराज से पानी लाकर अपनी जरूरत पूरा कर रहे हैं। मुहल्ला के सभी चापानल या तो खराब है या बोरिंग से पानी का स्तर नीचे चला गया है। मुहल्लावासियों ने प्रशासन से निवेदन किया है कि स्थाई रूप से पेयजल व्यवस्था के लिए जल मीनार लगाया जाए या पाइपलाइन से पानी सप्लाई करवाया जाए। मुहल्लावासियों ने जनप्रतिधियों की शिकायत करते हुए कहा कि हमारा मत लेकर हमारी मूलभूत जरूरतों की अनदेखी करना बड़ी की बात है। उन्होंने बुद्धिजीवी मंच और मीडिया से समस्या समाधान हेतु सहयोग की अपील की है। मंच ने भी उचित प्रक्रिया के तेहत पहल करने का आश्वासन दिया है।इस अवसर पर बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली, सचिव डॉ शाहनवाज खान, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, सक्रिय सदस्य रामा ठाकुर, गिरी शंकर महतो, अवधेश शर्मा, धनंजय पांडेय, नैना मसीह, गुड्डी मसीह, नैना मेहता, अख्तर आलम आदि उपस्थित थे।

## श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल हुए हरेंद्र सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन एकल अभियान के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र सिंह ने भाग लिया। हनुमान जयंती के अवसर पर भुईफोड़ मंदिर से हनुमान मंदिर, रणधीर वर्मा चौक तक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें श्री हनुमान, श्रीराम, छत्रपति संभाजी, नंदी और शिव की झांकियां शामिल थी।

## सेंट एंथोनी चर्च में मनाया गया खजूर पर्व



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार प्रातः संत अंथोनी चर्च में हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित हुए। जहां सभी ईसाई धर्मावलंबियों ने हाथों में खजूर की डाली को लहराते और गीत गाते गाये यहूदियों के बालकों ने, प्रभु की जय गाते हुए प्रभु यीशु का स्वागत किया और चर्च के फादर अमातुस कुजूर तथा सहायक फादर प्रदीप मरांडी ने लाल रंग का वस्त्र पहन कर सभी ईसाई धर्मलंबियों के हाथों में पकड़े हुए खजूर की डाली को आशीष की। तत्पश्चात सभी ईसाई धर्मावलंबी जुलूस के रूप में चर्च में प्रवेश किया और प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।

## करते हो तुम कन्हैया,मेरा नाम हो रहा भजन पर झूम उठे श्रद्धालु



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हनुमंत जन्मोत्सव के मौके पर आरपीएफ शिव मंदिर में शनिवार की शाम सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दौरान सैकड़ों लोग शामिल हुए तथा अपनी आपंक स्वेच्छा से पांच, इक्कीस, इक्यावन, एक सौ एक तथा दो सौ एक बार मौन सामूहिक हनुमान चालीसा की। इस दौरान मंदिर पुरोहित अवध किशोर मिश्रा ने करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा गीत से लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं सामूहिक हनुमान चालीसा तथा भजन के बाद महा आरती की गई जिसमें हनुमान जी की आरती के साथ साथ भगवान शिव, मां दुर्गा, भगवान राम तथा राधे कृष्ण की आरती की गई, जिसमें सैकड़ों लोग हाथों में आरती की थाल लेकर आरती में शामिल हुए। उसके बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया।

## जहां गांव के बच्चे पढ़ते हों वहां विकास की गाथा लिखी जायेगी : मथुरा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी के हरेक गांवों को विकास योजनाओं



से जोड़ा जाएगा। हरेक गांव टोला को विकास योजनाओं की आधारशिला रख कर लोगों के अनुकुल विकास के काम होंगे। टुंडी को पिछड़े नाम के दाग को मिटाकर विकास की श्रृंगार से सजाऊंगा। उक्त बातें टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने लछुरायडीह मध्य विद्यालय में आयोजित विकास योजनाओं की आधारशिला रखते हुए कही। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्कूलों को समुचित व्यवस्था के तहत भवन, चारदीवारी, शौचालय आदि ऐतिहासिक निर्माण कार्य होंगे। हरेक स्कूलों को आधारभूत संरचना से विभूषित किया जायेगा। विधायक ने इसके अलावे डीएमएफटी फंड से बनने वाली टुंडी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हाल निर्माण, मंझलाडीह बोर्ड मध्य विद्यालय में शौचालय निर्माण, चरकखूर्द स्कूल में वर्ग कक्ष निर्माण, अरवाटांड से संथालडीह तक पथ निर्माण नया प्राथमिक विद्यालय, करमागोड़ा में चार वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर उनके साथ बीडीओ विशाल पाण्डेय, अंचलाधिकारी जितेन्द्र प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी, प्रमुख मालती मराण्डी, जिप सदस्य मीणा हेमब्रम, बसंत महतो, मुखिया इंद्रलाल बास्की, मुखिया आशा रानी मुर्मू, बबलू सिंह, संतुलाल किस्कू आदि मौजूद थे।

# हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान : सदानंद महतो




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत रंगरीटाड तथा चितरपुर के अंबाडीह गांव में भोक्तामेला सह चड़क पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें भोक्तागण ने बड़ी ही श्रद्धाभाव व विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। यह परब वैशाख माह में मनाया जाता है। झारखंड प्रदेश का संस्कृत सभी राज्यों से भिन्न है। यह परब आदिकाल से मनाया जाता आ रहा है। यह परब कुडमि जाति के लिए विशेष महत्व रखता है। इसमें बुढ़ाथान में लाठ - खुटा में भोक्तागण 80 फीट के ऊंचे डंडा में झूला करते हैं। इस दौरान कहीं-कहीं लोग आग जला कर उसमें कर्तव्य दिखाए करते हैं। कहीं पर पीठ पर कील लगाते हैं, कहीं श्रद्धालु जीभ पर तार भी लगाते हैं। बुढ़ाबाबा थान पर बकरा बलि दी जाती है। महिला पुरुष नहा धोकर दंड भी देते हैं। वहीं इस अवसर पर आजसू नेता सदानंद महतो ने कहा कि चड़क पूजा हमारे झारखंड प्रदेश का महत्वपूर्ण परब है। इसे भोक्ता मेला के रूप में आयोजित की जाती है। महिलाओं व ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल रहता है। इस कार्यक्रम को सफल करने में रामसेवक महतो, नरेश महतो, गोपाल महतो, भागीरथ महतो, चुन्नू मांझी, तुलु महतो, वीरेंद्र महतो, डीलूराम महतो समेत सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

## शहीद गुरुदास चटर्जी के 26 वें शहादत दिवस को सफल बनाने हेतु बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पूर्व विधायक शहीद गुरुदास चटर्जी का 26 वां शहादत दिवस सफल बनाने हेतु पार्टी कार्यालय गुरुदास भवन में कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से निरसा विधायक अरुप चटर्जी उपस्थित थे। 14 अप्रैल को पूर्व विधायक शहीद गुरुदास चटर्जी का 26 वां शहादत दिवस है। आज ही के दिन धनबाद से लौट रहे गुरुदास चटर्जी की गोबिंदपुर थानां क्षेत्र के देवली में कोल माफियाओं द्वारा गोलियों से भून कर हत्या कर दी गई थी। यूनियन के संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह ने बताया कि शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में लोग रैली की शक्ल में शहादत स्थल देवली पहुंचने की अपील की गई। गरीबों एवं मजदूरों के अपने प्रिय नेता शहीद कॉमरेड गुरुदास चटर्जी को श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने कहा कि देवली में शहादत दिवस समारोह में निरसा विधान सभा क्षेत्र के अलावा गोविंदपुर, बलियापुर, सिंदरी, धनबाद, टुंडी, तोपचांची, गोमो, कतरास, बाघमारा, चास, बोकारो, रामगढ़ व हजारीबाग से भी भारी संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता शहादत दिवस समारोह की सफलता के लिए गांवों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ता हर जगह बैठक कर लोगों से देवली चलने की अपील कर रहे हैं। समारोह में पूर्व विधायक आनंद महतो, बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह, सांसद सुदामा प्रसाद आदि नेता व गणमान्य लोग शिरकत करेंगे।

## बेनज़ीर परवीन को स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** देवघर स्थित शिवाय हॉस्पिटल में शिवाय ब्लड बैंक का शुभारंभ हुआ, जहां समाज में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाली धनबाद निवासी, भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल पदाधिकारी बेनज़ीर परवीन को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, देवघर विधायक सुरेश पासवान, झारखंड के श्रम मंत्री संजय प्रसाद द्वारा शॉल और मोमेंटो भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। बेनज़ीर परवीन ने विशेष रूप से डॉ संजय, डॉ आशुतोष झा, संजय कुमार और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा की यह सम्मान आप सभी के सहयोग का है।

## अग्रसेन समाज ने आयोजित किया भव्य हनुमान जन्मोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद शहर के हीरापुर इलाके में स्थित हरि मंदिर प्रांगण के अंदर विराजमान हनुमान मंदिर में अग्रसेन समाज द्वारा भव्य हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस पावन अवसर पर शाम के समय श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष ज्योत पूजन किया गया। कानपुर और बनारस से पधारे प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई नृत्य नाटिका ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया और उन्हें आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई। इस दौरान भजनों की अमृत वर्षा हुई, जिसमें श्रद्धालु जमकर भीगे और हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। रजनी मेहरा, शशि सरदार, पंकज शर्मा और विवेक अग्रवाल जैसे प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी सुमधुर स्वर लहरियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर उपस्थित सभी लोग झूम उठे और भक्ति रस में डूब गए।कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा, धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और इस आयोजन की सराहना की। इस शुभ अवसर पर समाजसेवी आनंद अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए तलवार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा समाज के लिए किए गए अनगिनत योगदानों का प्रतीक है। हनुमान जन्मोत्सव का यह कार्यक्रम अग्रसेन समाज के सहयोग और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस आयोजन ने सभी के दिलों में भक्ति और उत्साह का संचार किया।

## मस्जिद ए यूसुफ मे हज तर्बियत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर के नबीनगर स्थित मस्जिद ए यूसुफ मे हज तर्बियत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वारा इस वर्ष हज पर जाने वाले लोगों को हज अदा करने के सही तरीके बताए गये। हज पर जाने वाले सभी औरत और मर्द लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। मुख्य अतिथि महाराजगंज के मुफ्ती अब्दुल हैय साहब, हाजी सदर कलीमुल्ला साहब, जसीम साहब मस्जिद के इमाम मोहम्मद अनीस साहब के द्वारा बताए गए हज के अरकानों की अहम जानकारियां दी गई। कार्यक्रम का आयोजन मस्जिद ए युसुफ के सदर हाजी कलीमुल्लाह साहब के द्वारा किया गया जिसमे औरतों के लिये विशेष व्यवस्था की गयी थी। साथ ही सभी के लिये भोजन का उत्तम प्रबंध भी किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद नुरुल्ला कुरैशी, अम्मार अली, अब्दुल्ला, प्रिंस उर्फ इमरान अली, नूर आलम, गुलाम रब्बानी उर्फ बबलू, मुन्ना बीसीसीएल वाले, शोएब अंसारी सद्दाम, मुख्तार, आदिल आलम, अफजल खान, शादाब अमजद, सिंकू खान, इफ्तेखार, चिंटू, मुन्नू कुरैशी, इनाम, महबूब, पप्पू, मुराद कुरैशी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## कुसुम विहार में गीता चौबे के सानिध्य में योगा क्लासेज की शुरूआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को कुसुम विहार, गणपति मंदिर के पास शांति कुंज अपार्टमेंट में एक नई योग कक्षाएं शुरू हो गई हैं, जिनमें आस-पास की महिलाएँ और स्कूल शिक्षक, उनके बच्चे शामिल हो रहे हैं। ये योग कक्षाएं गीता चौबे के मार्गदर्शन में चलेंगी, जो मुंगेर आश्रम और बेरा कोलियरी योग आश्रम से प्रशिक्षित हैं। गीता चौबे डीएवी स्कूल कोयला नगर में विज्ञान की शिक्षिका के साथ योग शिक्षिका भी थी। इस माध्यम से सैकड़ों विद्यार्थी योग की महत्व से लाभान्वित होकर योगा को अपने जीवन में आत्मसात किए हैं। योगा जागरूकता को समर्थन देते हुए उपस्थित इनर व्हील क्लब ऑफ़ धनबाद माइलस्टोन की कोषाध्यक्ष रेनू कौशल ने कहा योगा से शरीर को लचीलापन, ताकत और शांति और संतुलन मिलता है, फलस्वरूप तनाव और चिंता कम होती है। साथ ही योग कक्षाओं से समुदाय में एकता और बंधन बढ़ता है। योग क्लासेज की शुरुआत में बहुत सी महिलाएँ शामिल हुई और उन्होंने योग कक्षाओं के फ़ायदे के बारे में जानकारी ली। गीता चौबे ने कहा की हम आशा करते हैं कि ये योग कक्षाएँ समुदाय में एक बहुत बड़ा परिवर्तन लाएंगी।

## श्री बजरंग मार्केट में मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार रात्रि को श्री बजरंग मार्केट रणधीर वर्मा चौक हनुमान मंदिर रोड में महावीर जयंती के शुभ अवसर पर मां भगवती का भव्य जागरण का आयोजन हुआ। जागरण के पूर्व चीरा गोड़ा स्थित जागृति मंदिर से माथे पर ज्योत निकाल कर रणधीर वर्मा चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर लाया गया, तत्पश्चात ज्योत को जागरण स्थल तक लाकर सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं नमन कर आशीर्वाद लिया। जागरण का उद्घाटन धनबाद के अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व सांसद में पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, अमितेश सहाय, पप्पू सिंह, सुनैना किन्नर, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, संजीव चौरसिया धनबाद थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।सभी ने मां भगवती को नमन का आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम में कलाकारों ने विभिन्न माता के गुणगान के गीतों पर समा बांधा। श्रोताओं ने मां भगवती के गीतों पर रात भर झूम कर आनंद लिया और मां के जयकारा लगाए। कार्यक्रम का आयोजन श्री बजरंग मार्केट कोर्ट मोड द्वारा किया गया और सफल बनाने में रंजन गुप्ता, राजू समेत श्री बजरंग मार्केट के समस्त दुकानदरो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## हनुमान जी श्री भगवान राम के भक्त ही नहीं, वे शक्ति, साहस सेवा की सच्चे उदाहरण है : अमरेश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव (चैत्र पूर्णिमा) पर भुईफ़ोड मंदिर, धनबाद से हनुमान मंदिर, रणधीर वर्मा चौक तक भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे व विभिन्न झांकीयों के साथ समाजसेवी एवं हनुमान जी के परम भक्त अमरेश सिंह शामिल रहे। अमरेश सिंह ने कहा हज़ारो राम भक्तों ने शोभा यात्रा में शामिल होकर रथ को पूर्ण श्रद्धा से खिचा, जय जय बजरंगबली के घंटो जयकारा लगाएं। रणधीर वर्मा चौक पर मनोरम भक्ति और उत्साह से भरा हनुमान जी की आरती का दृश्य मन और अंतरात्मा के लिए काफी हृदयस्पर्शी, सुखद व आनंददायक था। कहा की हनुमान जी को सिर्फ भगवान के भक्ति के रूप में ही नहीं देखा जाता बल्कि उन्हें शक्ति, साहस व सेवा का सच्चा उदाहरण माना जाता है। उनकी भक्ति ऐसी थी कि उन्होंने अपना सब कुछ राम जी को समर्पित कर दिया। उन्होंने विशेष कर शोभा यात्रा के सफल आयोजन लिए एकल अभियान के युवा समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही समस्त श्रद्धालुओं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के परम भक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर हार्दिक बधाई देकर जय जय बजरंगबली के नारे लगाए।

## महाप्रबंधक ने धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में मुख्यालय के विभागाध्यक्षों तथा धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मंडल के विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में महाप्रबंधक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में धनबाद मंडल द्वारा किए गए प्रदर्शन एवं उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस दौरान नये वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य निर्धारण एवं कार्य योजना पर भी विस्तृत चर्चा की गयी।बैठक में महाप्रबंधक ने धनबाद मंडल को वर्ष 2024-25 में 193.91 मीलियन टन माल लदान के साथ भारतीय रेलवे में सर्वाधिक माल लदान करने वाला मंडल बनने पर बधाई दी तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए धनबाद मंडल को 205 मीलियन टन माल लदान का लक्ष्य भी निर्धारित किया और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक गतिशीलता, विकास कार्यों पर चर्चा की।महाप्रबंधक द्वारा धनबाद मंडल में चल रहे यात्री सुविधा एवं सुरक्षा, आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गयी। उन्होंने माल लदान में और वृद्धि करने हेतु तथा ट्रेनों का समय पालन 95 प्रतिशन हासिल करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा महत्वपूर्ण फ्रेट कस्टमर जैसे- बीसीसीएल, सीसीएल, एनसीएल, डीवीसी, एसीसी सिन्द्री, हर्ल, पीवियूएनएल, बीकेबी, पकरी बरवाडीह, गोदावरी एवं केराधारी के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी तथा इस बात पर भी विस्तृत चर्चा हुई कि रेलवे के साथ मिल कर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए किस प्रकार कार्य कर सकते हैं।

# बंगाली कल्याण समिति ने प्रभात फेरी का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बंगाली नववर्ष 1432 को स्वागत करने के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंगाली कल्याण समिति ने प्रभात फेरी का आयोजन किया, जिसमे भारी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रभात फेरी का प्रारंभ जे सी मल्लिक रोड से हुआ, मनीष मेडिकल, पार्क मार्केट, हीरापुर कोर्ट क्वार्टर, जैन मुखर्जी रोड, शक्ति मेडिकल से होते हुए हरी मंदिर में प्रभात फेरी का समापन हुआ। इस प्रभात फेरी को बड़े ही खूबसूरती से बंगला गीत और नृत्य से सजाया गया था। इसमें धनबाद के विशिष्ट संगीत शिल्पी इंद्रजीत चैटर्जी, अरूण बनर्जी, श्याम बनर्जी शामिल थे। साथ ही मास्टर कुशान सेनगुप्ता, मास्टर अरिजित बनर्जी, मास्टर निर्झर बक्शी मास्टर राजदीप चटर्जी एवम अनुश्री बनर्जी ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किए। इसमें धनबाद के 6 नृत्य विद्यालय के बच्चे शामिल हुए जो नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। नृत्य विद्यालय की मेंटर संचिता बक्शी, समृद्ध चौधरी, सुमोना बनर्जी, शम्पा बनर्जी एवं आरती साव को समिति ने विशेष रूप से सम्मानित किया। सभी कलाकारों को समिति के अध्यक्ष तन्मय गौण, सचिव कंचन दे एवं अन्य सम्मानित सदस्यों द्वारा स्मारक देकर सम्मानित किया गया। बंगाली कल्याण समिति के सभी पुरुष और महिला सदस्यों के योगदान से यह अनुष्ठान सफल हुआ। विभिन्न स्थानों में प्रभात फेरी का स्वागत करने के लिए पार्क मार्केट चेंबर ऑफ कॉमर्स, चिरागोरा चैंबर ऑफ कॉमर्स, कोर्ट क्वार्टर बाजार समिति, हीरापुर हरी मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच और शक्ति मेडिकल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन बिकास कांति खान और संगीता गांगुली द्वारा किया गया।

### अम्बेडकर जयंती मनाने के लिये प्रतिमा के समक्ष साफ सफाई कर जयंती मनाया गया

# प्रखंड मुख्यालय में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का सांसद सुखदेव भगत द्वारा लोकार्पण आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिये समाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिमा के समक्ष साफ सफाई किया गया। साथ ही बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने के लिये प्रखंड में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर जयंती प्रखंड क्षेत्र में अनेकों स्थानों पर मनाया गया। वही विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल और भारतीय जनता पार्टी के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अंबेडकर जयंती मनाया गया। साथ ही दलित समुदाय के समाज सेवियों और गणमान्य लोगों के द्वारा भी संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया जायेगा। बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिये प्रखंड क्षेत्र के हरिजन मुहल्ला में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के समक्ष साफ सफाई कर जयंती मनाया गया। वही प्रखंड मुख्यालय में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर का नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर सांसद सुखदेव भगत के द्वारा किया जायेगा। साफ सफाई के मौके विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रंजीत साहु,रामलगन महतो, विश्व हिंदू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहु, अजित महतो, हर्षनाथ महतो, रमेश राम, संतोष महतो, अनिल राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रारंभिक वर्ग का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडु प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का शुभारंभ किया गया। वही 12 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025 तक तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का उद्घाटन देवेंद्र मंडल जिला सह कार्यवाह, लखन राम प्रखंड कार्यवाह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद, प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, वर्ग कार्यवाह लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव द्वारा किया गया।वर्ग में कुल 53 भैया ने भाग लिया।जिला प्रचारक दीपक कुमार ने कहा कि स्वयंसेवकों के जीवन में संघ के शिक्षा वर्ग का विशेष महत्व होता है। प्रशिक्षित स्वयंसेवकों में राष्ट्रीय भावना विकसित होती है। इस प्रशिक्षण वर्ग से बालकों में व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण किया जाता है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार गांव-गांव तक पहुंच रही है, जिससे स्वयंसेवकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रशिक्षण वर्ग में शाखा लगाकर संघ प्रार्थना किया गया। शारीरिक प्रशिक्षण में न्यूत, पद विन्यास, सूर्यनमस्कार, दंड, आसन सीखलाया गया। मौके पर मिथिलेश प्रजापति, आकाश कुमार, नरेश साहू, प्रशिक्षु भैया बहने एवं अन्य लोग उपस्थित थें।

## सांसद सुखदेव भगत को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एआईसीसी ऑब्जर्वर बनाया गया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक( एआईसीसी ऑब्जर्वर) बनाया गया है जिसकी जानकारी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव सह सांसद केसी वेणुगोपाल ने दिया। सुखदेव भगत ने सांसद के रूप में अपने प्रतिभा, अपने मेहनत और अपने परफॉर्मेंस से बहुत कम समय में ही राष्ट्रीय नेता एवं अच्छे वक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली है। श्री भगत संसद के अंदर, संसद के बाहर एवं टीवी डिबेटों में प्रभावी रूप से अपनी जो बातें रखते हैं तथा तार्किक एवं मर्यादित ढंग से जो जवाब देते हैं उसके कारण सुखदेव भगत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को प्रभावित किया है इसलिए इससे पहले भी पार्टी ने सुखदेव भगत को पांच राज्यों का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) के राज्य कमेटी का संयोजक बनाया था और अब सांसद सुखदेव भगत को पार्टी ने राष्ट्रीय कांग्रेस का पर्यवेक्षक (एआईसीसीऑब्जर्वर) बनाया है जो जिले एवं राज्यवासियों के लिए गौरवांवित होने की बात है। सांसद सुखदेव भगत अपनी प्रतिभा एवं अच्छे वक्ता के कारण देशवासियों के बीच बहुत कम समय में अपनी अमीट छाप छोड़ने का काम किया है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल द्वारा कबड्डी खेल एवं महाआरती का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ज्ञातव्य हो कि श्री हनुमान दिवस को बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा बलोपासना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी निमित्त लोहरदगा नगर क्षेत्र के धोड़ा टोली में कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं द्वारा पूरी जोर आजमाइश की गई तथा शारिरिक बल के प्रयोग कर पूरी शक्ति के साथ कबड्डी खेलकर समाज मे युवाशक्ति को और शक्तिशाली बनाने का संदेश प्रस्तुत किया गया। जबकि रात्रि में सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का काम करने का प्रण के साथ बजरंग दल संयोजक प्रियांशू कुमार, प्रान्त धर्म प्रमुख ब्रह्मचारी चैतन्य गुरु जी तथा विहिप् ज़िला संगठन मंत्री कार्तिक जी के अगुवाई में धोड़ा टोली अवस्थित मंदिर में महाआरती का आयोजन तथा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें धोड़ा टोली मुहल्ले के बच्चे, बुजुर्ग, युवा तथा महिलायें शामिल हुई।

### हर नागरिक स्वस्थ रहे और हर घर तक पहुंचे स्वास्थ्य सुविधा : विधायक भूषण बाड़ा

## विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर नगर भवन में झारखंड लिवर एवं किडनी फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर नगर भवन में झारखंड लिवर एवं किडनी फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सीएस डा.रामदेव प्रसाद, डा. जयंत कुमार घोष आदि ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में काफी संख्या में मरीज पहुंचकर पेट, लिवर, किडनी एवं शरीर की सभी आवश्यक जांच आधुनिक मशीन के द्वारा जांच कराते हुए उचित मरामर्श लिया। मौके पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सिमडेगा, सुखी सिमडेगा के संकल्प को साकार करने की दिशा में आज का यह अवसर हमारे जिले के लिए एक और सकारात्मक कदम है। हम जानते हैं कि जब कोई परिवार बीमार होता है, तो सिर्फ शरीर ही नहीं। पूरा परिवार एवं मरीज का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। विधायक ने कहा कि बीमारी केवल एक व्यक्ति को नहीं, एक पूरे घर, समाज और विकास की गति को प्रभावित करती है।इसीलिए हमने यह संकल्प लिया है कि हर घर तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे। हर नागरिक स्वस्थ रहे। तभी सिमडेगा वाकई सुखी बन पाएगा। आज का निःशुल्क चिकित्सा शिविर इसी सोच का हिस्सा है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को बिना आर्थिक चिंता के बेहतर इलाज और परामर्श मिले। विधायक ने कहा कि पेट, लिवर, किडनी जैसी गंभीर बीमारियाँ समय पर पहचान ली जाएँ, तो उनका इलाज भी सरल होता है। उन्होंने चिकित्सकों की टीम के आभार जताया। वहीं सभी नागरिकों का भी अभिनंदन करते हुए कहा आप सभी नागरिक भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। यही असली बदलाव की शुरुआत है। मुझे गर्व है कि हम मिलकर स्वास्थ्य सिमडेगा, सुखी सिमडेगा की ओर बढ़ रहे हैं।

### सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से लगा कुजी में 100 केवी का ट्रांसफार्मर

## इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सांसद के निजी सचिव सह लोहरदगा इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू सदर प्रखंड के ग्राम कुजी में आयोजित एक सादे समारोह में 100 केवी का ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि कुजी ग्राम में पहले 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था ।घनी बस्ती होने के कारण हमेशा 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब हो जाता था जिससे जनता परेशान रहती थी। यहां के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सांसद सुखदेव भगत से किया और सांसद से 25 केवी के स्थान पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर दिलाने की मांग किये। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला से 100 केवीका ट्रांसफार्मर यहां के ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराया। श्री साहू ने कहा कि सांसद जन समस्याओं के निदान के लिए कृत संकल्पित है। अपने संसदीय क्षेत्र की समस्याओं का निदान त्वरित गति से कर रहे हैं। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत को 100 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किये। मौके पर रफीक अंसारी, उस्मान अंसारी, राजेंद्र यादव, सुरेश उरांव, अजीम अंसारी, सुलतान अंसारी, रामेश उरांव, सुधर उरांव, बल्कू यादव, तिवारी उरांव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने किया भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान : मनीर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष की बैठक पार्टी कार्यालय बक्सीड़िप्पा में आहूत की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन एवम बंदेमातरम गीत के साथ किया गया। बैठक में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह तथा आगामी पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमो की सफलता को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जिला स्तरीय तथा मंडल स्तरीय कार्यक्रम संयोजक एवं सह संयोजक का चयन किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। इनमे बाबा साहेब के जीवन से जुड़े 5 महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। इनमें जन्मभूमि (महू), शिक्षा भूमि (लंदन),दीक्षा भूमि (नागपुर), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली), और चैत्य भूमि (मुंबई) शामिल हैं। ये स्थल उनकी यादों और विचारों को संरक्षित करते है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की, जो शोध और सामाजिक- आर्थिक बदलाव के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है।भाजपा समर्थित सरकार ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके साथ ही 1990 में संसद में उनका चित्र स्थापित किया गया।उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए %भीम ऐप% लॉन्च किया गया, जिसका नाम बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। यह ऐप उनके योगदान के सम्मान और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। भाजपा सरकार ने 2016 में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया, जिससे अनुसूचित जाति और जनजाति के पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद को बढ़ाया गया। भाजपा ने अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण को 10 वर्षों के लिए बढ़ाया।

## आदिवासी समाज का एक एक बच्चा को शिक्षित करने की आवश्यकता है : सुखदेव उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा सदर प्रखंड के बाघा सिंगपुर लोहरदगा के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कड़सा मे दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान संजीव उरांव ने कहा कि समाज को जागृत करने के लिए ग्राम प्रधान का अहम योगदान रहता है। विशिष्ट अतिथि मनी उरांव ने कहा की सरना समाज मे फंड बहुत जरूरी है,नशा से दुर रहने की जरूरत है। एक जुट करने के लिए प्रार्थना सभा का अहम योगदन रह है। इस तरह के कार्यक्रम से गांव गांव मे प्रार्थना के द्वारा समाज जागरूक हो रहा है। मुख्य अतिथि सुखदेव उरांव ने कहा कि सात पड़हा बाघा को मजबूती प्रदान करना जरूरी है। आदिवासियों का एक एक बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि सोमदेव उरांव ने कहा की प्रार्थना सभा में माता पिता भाई बहनों का समाज मे किसी भी परिस्थिति में समाज के लिए एकजुट रहना है। जिला धरम गुरु फुल केश्वर उरांव ने कहा की आदिवासी समाज प्राकृतिक के पुजारी है। मंच संचालन हरीश उरांव एवं महेश्वर उरांव द्वारा किया गया।

## महाबली श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में भक्तों ने की भव्य महाआरती : सचिन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में शहरी क्षेत्र के तिवारी दूरा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर में शनिवार की संध्या एक अद्भुत और दिव्य दृश्य देखने को मिला। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा सक्रिय सदस्य गुंजन अग्रवाल के द्वारा किया गया। श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के अध्यक्षता में एक भव्य महाआरती का आयोजन किया गया,जिसने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम रात्रि 8 बजे शुरू हुई इस भव्य आरती का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ,जिसके साथ ही उपस्थित श्रद्धालु भक्त भावविभोर हो उठे।इस दौरान खास बात यह रही कि आरती में 108 दीपों से कुंवारी कन्याओं ने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की आरती की गई जो भारतीय संस्कृति में पवित्रता और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। इस कार्यक्रम में नगर की भारी संख्या में माताएं,बहनें, युवक-युवतियां एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। मंदिर परिसर दीपों की रौशनी से जगमगा उठा और भजन-कीर्तन से गूंजता रहा। हर ओर आस्था और भक्ति की अलौकिक छटा देखने को मिली। इस कार्य विवेक कुमार अग्रवाल एवं मंदिर समिति का भी योगदान रहा।कार्यक्रम का सफल संचालन सत्यम कुमार एवं प्रमोद प्रजापति के द्वारा किया गया उपस्थित में गणमान्य एवं सहयोगी इस दिव्य आयोजन में पुजारी देवनारायण पांडे, राजेंद्र खत्री, अनिल गुप्ता, सुनील अग्रवाल, शैलेश कुमार कुशवाहा, चंदन गोयल, सत्यम कुमार, विजय चंद्रशेखर अग्रवाल, अशोक कसकर, ओम गुप्ता, आकाश वर्मा, चंदन गोप, कमलेश कुशवाहा, विनोद राय, रवि सिंह, शंकर कुशवाहा, विकास कुमार, अजय महतो, पंकज महतो, संजय महतो, संतोष महतो, नवल अग्रवाल, प्रमोद प्रजापति, विजय खत्री, मिथुन तमेडा, ममता देवी, गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आर्ची गोयल, भूमि गोयल, अंतरा कुमारी, स्वाति कुमारी, कोमल कुमारी, स्मृति महतो, दीपक अग्रवाल, हसमुख रंजन, अनूप महतो, अनुभव कसकर, दीपक कुमार, शुभम कुमार, मनोज कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में सभी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों का अहम योगदान रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना को सुदृढ़ करता है, बल्कि समाज में एकता प्रेम और सद्भावना का संदेश भी देता है।

## स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय में छठा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन आज स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय परिसर में छठा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ बिंदेश्वर उरांव महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भंडारा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह एवं श्री राजकिशोर महतो जी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर एवं हरा झंडा दिखाकर 100 मीटर दौड़ से हुई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य नंदन अग्रवाल के द्वारा के किया गया। विद्यालय में अनेकों प्रतियोगिता जैसे 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 50 मीटर बैक रेस, 100 मीटर रिले रेस, सेक रेस, जलेबी रेस, वन लेग रेस, थ्री लेग रेस, जंपिंग रेस, बनाना ईटिंग रेस, बिस्कुट रेस,लॉन्ग जंप, हाई जंप, लेटर अरेंजिंग, वॉटर बोतल फिलिंग रेस, स्पून रेस, थिंग्स कलेक्टिंग रेस तथा अन्य तरह-तरह के खेलों का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। खेल के बीच में सभी बच्चों को शरबत और ग्लूकोन डी भी पिलाया गया। मुख्य अतिथि जी ने कहा कि खेल भी शिक्षा का एक अंग है। खेल के क्षेत्र से भी बच्चों को नौकरी मिलती है। खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होता है। हर छात्र को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि यह न केवल शारीरिक ताकत को बढ़ाता है, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का भी विकास करता है। थाना प्रभारी ने सभी बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास करते रहने से एक दिन सफलता अवश्य मिलती है इसलिए सभी बच्चों को थोड़ा समय खेल के लिए भी निकालना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक श्री कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, पूर्व शिक्षक आशुतोष राम, कलेश्वर, शिक्षक शिक्षिकाओं में संतोष उरांव, कंचना सरोज, काजल कुमारी, सुषमा देवी, बेला देवी, दामोदर साहू, प्रीति देवी, राजेंद्र प्रसाद, जीवन साहू, सभी अभिभावक गण, ग्रामीण एवं विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित रहें।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 148 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए और सभी ने भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि आप स्वस्थ रहेंगे तभी मस्त रह पाएंगे इसके लिए आपको समय से सोना और सुबह जल्दी उठकर नियमित रूप से घूमना और योग एवं व्यायाम करना अति आवश्यक है,सुबह की ताजगी भरी हवा से शरीर स्वास्थ्य एवं फुर्तीला रहता है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा स्वस्थ शरीर के लिए सही एवं नियमित रूप से सही खानपान बहुत महत्व रखता है समय पर भोजन करने से बहुत सी बीमारियों से निजात मिलती है, सह सचिव संजय चौधरी व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में- जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. कुमुद अग्रवाल,संजय चौधरी, राजीव यादव, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, अंजलि सर्राफ, अनीता पोद्दार, ममता बांका, करुणा चौधरी, रामचंद्र गिरी, कौशल्या देवी, बसंती देवी, शिमला देवी, राजीव सिंह, सच्चिदानंद अग्रवाल, लक्ष्मीकांत प्रसाद, ताराराय भंडारी, रेखा देवी, मोतीलाल अग्रवाल, किशोर अग्रवाल,राम प्रसाद, जुगल किशोर, वीरेंद्र साहू, रामदास प्रसाद, वीरेंद्र साहू, ललित उरांव, बिहारी उरांव, उदय कसेरा, तुलसी उरांव,चरकु उरांव, अनूप कुमार, ललिता देवी, जुगनी देवी, सूरज साहू, अमित कुमार, आदर्श मित्तल, रामदेव भारती, रमेश शर्मा,सन्नीउल्ला अंसारी, सीताराम साहू, तपेश्वर अग्रवाल आदि थे।

## चलते चलते एक नजर

### हीट वेव से बचाने के लिए श्रमिकों का होगा रूटीन हेल्थ चेकअप



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मार्च से जून 2024 के बीच सबसे अधिक हीट वेव दर्ज किए गए, जो पिछले 12 वर्षों में सर्वाधिक हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष गर्मी के मौसम में पहले से ही सभी विभागों को सतर्क करते हुए हीट वेव एक्शन प्लान को लागू करने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस बार अप्रैल से मई के मध्य तक तापमान सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान है। जिसे देखते हुए राज्य सरकार ने स्वास्थ्य, नगर निकाय, श्रम, पशुपालन और ग्रामीण विकास विभागों के साथ तालमेल बनाकर बहुस्तरीय रणनीति तैयार की है। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से श्रमिकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही सड़कों पर पानी का छिड़काव, पार्कों और कार्यस्थलों पर छाया की व्यवस्था, पशुओं की सुरक्षा हेतु आश्रय और दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।एक्शन प्लान के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत परखी जाएगीमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संबंधित विभागों और जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में एक्शन प्लान का सख्ती से पालन कराएं। आश्रय स्थलों के संचालन, पेयजल आपूर्ति और जागरूकता कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने कहा है कि इस एक्शन प्लान के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत परखी जाए और जिलेवार तैयारियों और सरकारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### आशा वर्कर्स 20 मई को करेंगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**फतेहाबाद :** आशा वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी फतेहाबाद की बैठक रविवार को जिला प्रधान शीला शक्करपुरा की अध्यक्षता में शहीद उधम सिंह भवन, सीटू दफ्तर में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव सुमन दैयड़ ने की। बैठक में आशा वर्कर्स की मांगों को लेकर चर्चा की गई और आगामी आंदोलन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में विशेष तौर पर सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए शीला शक्करपुरा व ओमप्रकाश अनेजा ने कहा कि आशा वर्कर्स की मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। ऐसे में आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है। फतेहाबाद जिले से सैंकड़ों आशा वर्कर्स इस हड़ताल में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि आशा वर्कर्स ने सालों से जच्चा-बच्चा की देखरेख व उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देने का महत्वपूर्ण काम कर किया।

# अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज का केंद्रीय महाअधिवेशन का गढ़वा स्थित उत्सव गार्डन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और संगठन को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने एवं संचालन केंद्रीय परिषद के स्थायी सदस्य विनोद कमलापुरी ने की। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कमलापुरी वैश्य समाज को विकास की मुख्यधारा में भागीदारी निभानी चाहिए जिससे समाज को एक सशक्त पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी समाज से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसा करके ही हम समाज में प्रेरणा और मिशाल कायम कर सकते हैं।

बैठक में कमलापुरी महासभा के संरक्षक, उपाध्यक्ष एवं देश भर के पधारे राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं केंद्रीय परिषद के सदस्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय महामंत्री शैलेश कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज के लोगों को शिक्षा और राजनीति




जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही उन्होंने आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से समाज के प्रति समर्पण का भाव रखने का आह्वान किया जिससे समाज को मजबूती मिल सके। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता छत्तीसगढ़ को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया जिसका स्वागत उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि के साथ किया।

मौके पर उपरोक्त लोगो के अतिरिक्त झारखण्ड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष राजमणि प्रसाद एवं उनके संजोजक मंडल की टीम के जितेन्द्र कमलापुरी, काशी प्रसाद, शिव प्रसाद, दिलीप कमलापुरी, मदन , कमलापुरी, मनीष कमलापुरी, गढ़वा जिला अध्यक्ष मनीष कमलापुरी, बंशीधर नगर~ अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद, गढ़वा समाज के अध्यक्ष अजीत कुमार, उपाध्यक्ष मनीष कमलापुरी सचिव अविनाश कमलापुरी, कोषाध्यक्ष हर्ष कमलापुरी, गढ़वा उत्तरी अध्यक्ष संतोष कुमार कमलापुरी, सचिव अमित कुमार सहित कई लोगो ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई।

### बाल विवाह रोकने को चलाया जागरूकता अभियान

**जींद :** जिला में किसी भी सूरत में बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि पिछले तीन चार वर्षों की बात की जाए तो लगातार बाल विवाह के मामलों में कमी आई है।बावजूद इसके जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम किसी भी स्तर पर कोर-कसर छोड़ना नही चाह रही है। इस बार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया (अखा तीज) है और जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में कुछ बाल विवाह भी हो सकते हैं। जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की विशेष नजर रहेगी।

## रथ यात्रा महोत्सव पर्व प्रयागराज का गर्व बन चुकी है : गणेश केसरवानी

एजेंसी

**प्रयागराज :** रथयात्रा महोत्सव की तैयारी के लिए श्री ठाकुर दीन हाता बहादुरगंज में बैठक की गई। जिसका शुभारम्भ महापौर गणेश केसरवानी ने भगवान जगन्नाथ के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा ट्रस्ट कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण रथ यात्रा महोत्सव पर्व प्रयागराज का गर्व बन चुका है। उड़ीसा पुरी की तरह रथ यात्रा का स्वरूप सजाने का कार्य वास्तव में प्रयागराज वासियों के लिए गौरव का पल होता है।इस अवसर ट्रस्ट के मंत्री गगन दास गुप्ता ने रथ यात्रा महोत्सव के रजत वर्ष पर सफल आयोजन को लेकर बधाई दिया और लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आगामी रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम





की जानकारी देते हुए बताया कि 11 जून को विश्राम यात्रा के साथ रथ यात्रा महत्व का शुभारम्भ होगा। 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी और 28 जून को भक्ति संध्या कार्यक्रम सुंदरकांड पाठ का आयोजन एवं 29 जून को 56 भोग के भंडारा का आयोजन किया जाएगा।अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट की आजीवन सदस्यता अभियान 1100 रू शुल्क के साथ आरम्भ किया जा चुका है। जिसमें हम सभी को नए सदस्यों को जोड़ना है। कहा कि काशी राजनगर स्थित भगवान जगन्नाथ के धाम मंदिर निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने सदस्यों को नई जिम्मेदारी सौंपी एवं उन्हें अंगवस्त्रम पहनाकर बधाई दी।

## सड़क दुर्घटना में विवाह के 27 दिन पहले दूल्हे की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में एक बाइक के अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा जाने के कारण बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में रेफर किया गया है। घटना में मृत युवक की पहचान भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा निवासी मनराखन सिंह का पुत्र दयानंद सिंह (26) के रूप में हुई है।वही घायल युवक मिथुन लकड़ा का 17 वर्षीय पुत्र मणिकांत लकड़ा है। दयानंद की 27 दिनों के बाद शादी होने वाली थी।बताया जाता है कि दयानंद सिंह



अपने साथ मणिकांत को लेकर बाइक से भंडरिया जा रहा था। इसी क्रम में नौका गांव स्थित परभन मंदिर के पास उन्होंने एक अज्ञात ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार 10 मई को दयानंद की शादी रमकंडा थाना क्षेत्र के बिराजपुर में तय हुई थी। घर में इसकी सारी तैयारी चल रही थी। बताया गया कि शादी कार्ड से लेकर साउंड, टेंट और आर्केस्ट्रा की भी बुकिंग हो चुकी थी, लेकिन शादी से पहले घर में मातम छा गया।




संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल 2025 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a Fire Safe India" ("एकजुट हों, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें") निर्धारित की गई है।

अग्निकांड एक भयावह आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जनसेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन सेवा के वीर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार !

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2025 तक पूरे राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a fire safe India" "एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परता पूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार !

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार

PR NO-350297 (Jharkhand Fire Service) 25-26

